मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 100, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 16

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 15

## एक नजर

### बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

**रांची।** आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को झारखंड के आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी: पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

**दुबई/कराची।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी। इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है।

### संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अब कार्यवाही 2 दिसंबर को शुरू होगी।

# निचली अदालत मस्जिद सर्वेक्षण पर आगे न बढ़े

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा

- संभल सर्वे : तब तक यथास्थिति बरकरार रखने का दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है।



### जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख 8 जनवरी तय की गई है।

### मथुरा शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस पर विस्तार से सुनवाई होगी। हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

### सर्वे मामले की सुनवाई अब 8 जनवरी को होगी

**चन्दौसी।** कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी।

### हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से दाखिल हुईं। पुलिस गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई।

# राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर ईडी का छापा

- कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी
- मामला पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। इस छापेमारी का उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन और अन्य माध्यमों से अश्लील कंटेंट बनाने के साथ इसके प्रसार, खरीद-फरोख्त में संदिग्धों की भूमिका का राजफाश करना है।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

राजकुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले अतुल के पडरौना स्थित घर में पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से पूछताछ की गई। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी सुबह 8.30 बजे ईडी ने छापेमारी की। इस दौरान अरविंद मौके पर नहीं मिला, लेकिन टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम 7 बजे तक पूछताछ और छानबीन जारी थी। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था।

सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### 40 से अधिक प्रतिष्ठानों पर आयकर का छापा जारी

**लखनऊ/कानपुर :** आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं।

## महाराष्ट्र में बस पलटने से 9 यात्रियों की मौत, 25 घायल

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पलट जाने से नौ यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एमएसआरटीसी बस शिव शाही 36 यात्रियों को लेकर भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, लेकिन एक अन्य वाहन से आगे निकलने की कोशिश में सदाकरजुनी तालुका के दाव्वा गांव में बस पलट गई। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुए हादसे में नौ यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।

# तय करनी होगी जवाबदेही अब लेने होंगे कठोर निर्णय



- पार्टी वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाद्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी।

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए।

## दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि घटकर 5.4 % पर आई

- दो साल के निचले स्तर पर, एक साल पहले 8.1 % पर थी

**नई दिल्ली।** विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।



# जुमे पर अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन, ड्रोन से हुई निगरानी

## संभल की घटना के दृष्टिगत मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहे पुलिस व पीएसी के जवान, संवेदनशील स्थानों पर निकाला गया रूट मार्च


जुमे की नमाज पर निगरानी करते सीओ सदर कमलेश कुमार व अन्य।


जुमे की नमाज के दौरान ड्रोन कैमरे से दिखाई देता पूरा शहर।


तिर्वा में निगरानी करते एसडीएम अशोक कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई।

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/ तिर्वा/छिबरामऊ/सौरिख/ गुरसहायगंज**

**अमृत विचार।** संभल में हिंसा की घटना के बाद जुमे की नमाज को लेकर जिले भर में पुलिस अलर्ट मोड में रही। ड्रोन कैमरे से नमाज की निगरानी कराई गई। पुलिस व पीएसी के जवान मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहे। तीनों सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी लगातार पुलिस बल के साथ भ्रमण करते रहे।

शहर में कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे की अगुवाई में पुलिस व पीएसी के जवानों ने शहर की प्रमुख मस्जिदों के बाहर पहरा रखा। ड्रोन कैमरे से शहर की मस्जिदों की निगरानी कराई। सीओ सदर कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ शहर में लगातार भ्रमण करते रहे।

तिर्वा में जुमे की नमाज के दौरान कोई अराजकता न फैले इसके लिए मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम अशोक कुमार, सीओ डा. प्रियंका बाजपेयी, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष कोतवाल जितेंद्र सिंह ने भारी फोर्स लेकर गश्त की और असमाजिक तथा अराजक तत्वों को पुलिस की ताकत का एहसास कराया। सौरिख प्रतिनिधि के अनुसार सीओ ओंकारनाथ शर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने जुमा की नमाज को लेकर भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में स्थित जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, सिखाना मस्जिद, एवं खेरे वाली मस्जिद में पहुंच कर सुरक्षा का जायजा लिया। मस्जिदों के साथ-साथ संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा से निगरानी की गई।

गुरसहायगंज प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में नगर सहित कोतवाली क्षेत्र में पुलिस बल अलर्ट रहा। नगर सहित क्षेत्र के मुख्य बाजार व मस्जिदों के आसपास अलग-अलग टोलियों में पुलिस कर्मी तैनात रहे। समधन, मझपुर्वा, डुंडवाबुजुर्ग, इस्माइलपुर में भी मस्जिदों के बाहर पुलिस व पीएसी बल डटा रहा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमा की नमाज शांति व सौहार्द के साथ कराई गई। ड्रोन कैमरे से भी चप्पे-चप्पे पर नज़र रखी गयी। विभिन्न स्थानों पर कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, सुनील चौधरी, प्रदीप कुमार, रावेन्द्र सिंह, देवी चरण शाहू, राजेन्द्र प्रताप सिंह सहित पुलिस कर्मी तैनात रहे।

## एक नजर

### किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री गांव में रहने वाली सहेली के साथ 28 नवंबर की सुबह लगभग 11 बजे गुरसहायगंज में बाजार करने की बात कहकर गई थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन की। पता न लगने पर दोनों सहेलियों के खिलाफ पुत्री को गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### रुपये मांगने पर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम नैनापुर निवासी निरंजन पुत्र हजारनाथ ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के युवक ने दूसरे के खाते में उससे 20 हजार रुपये डलवाए थे। जब उसने रुपये वापस मांगे तो गांव के चार लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### कोर्ट के आदेश पर एससी-एसटी का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दबंगों ने पीड़ित के साथ जाति सूचक गालीगलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ग्राम सगरा निवासी अभिषेक कुमार पुत्र रामपाल ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। उसके अनुसार 18 अक्टूबर की दोपहर जब वह जसोदा बाजार गया था तभी रंजिश को लेकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुरजानी निवासी शिवम यादव, शिवा यादव, सुमित यादव, भूरा यादव व ताखेपुरवा निवासी अंकुल यादव ने जाति सूचक गालियां दीं।

### मंदबुद्धि युवक लापता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम निनॉली निवासी सौरभ दुबे पुत्र राम प्रकाश ने बताया कि उसका छोटा भाई राम अवतार उर्फ राकेश चंद्र का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है, जिसके चलते वह कई बार घर से बिना बताए निकल जाता और फिर वापस आ जाता था। 19 नवंबर को वह घर से कहीं चला गया और अब तक वापस नहीं लौटा है। पीड़ित सौरभ दुबे ने उसकी तलाश के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीएस नौरंगपुर व यूपीएस मोहनपुर रतनपुर की जीत

- न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज**


छात्रों के हाथ मिलवा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय नौरंगपुर में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शुक्रवार को पीएस नौरंगपुर व यूपीएस मोहनपुर रतनपुर का दबदबा रहा। शुभारंभ न्याय पंचायत के शिक्षक संकुल जदुनाथ प्रसाद, विपिन माथुर, अनुपम कुमार, कैलाश बाबू तथा रामबाबू ने किया। प्राथमिक बालक/बालिका वर्ग कब्बडी में पीएस गौहना खेड़ा ने (बालक) व पीएस नौरंगपुर ने (बालिका) वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में पीएस गौहना खेड़ा बालक व पीएस नौरंगपुर बालिका, ऊंची कूद में पीएस भज्जपुरवा के छात्र देव व पीएस नौरंगपुर की छात्रा दुर्गा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में पीएस गौहना खेड़ा के नंदराम व पीएस जलेसर सराय की छात्रा सपना ने स्थान पाया। 500 मीटर दौड़ भवानीपुर के छात्र अंश व जलेसर सराय की छात्रा किरन, 100 मीटर दौड़ में पीएस गौहना खेड़ा के नंदराम व पीएस नौरंगपुर की छात्रा दुर्गा तिवारी, 200 मीटर दौड़ में पीएस भवानीपुर के छात्र रितिक व पीएस नौरंगपुर की छात्रा दुर्गा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर कब्बड्डी में यूपीएस मोहनपुर रतनपुर बालक वर्ग व यूपीएस इस्माइलपुर डिगन बालिका वर्ग ने प्रथम स्थान पाया। खो-खो बालक व बालिका वर्ग में यूपीएस मोहनपुर रतनपुर, ऊंची कूद, लंबीकूद, भाला, तवा, बैडमिंटन बालक एवं बालिका वर्ग में यूपीएस मोहनपुर रतनपुर के छात्र विकास व छात्रा दिव्या एवं टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100, 200, 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में यूपीएस मोहनपुर रतनपुर के छात्र विकास व बालिका वर्ग से छात्रा सौम्या व सुनीता ने स्थान पाया। विजेता छात्र-छात्राएं ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## गुरुग्राम में कार की टक्कर से नगर के युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुरुग्राम में रहकर पिज्जा डिलीवरी ब्वाय का कार्य कर रहे नगर के युवक की कार की टक्कर से मौत हो गई। मोहल्ला सराफान निवासी 24 वर्षीय अरशद पुत्र शकील चार बहनों में इकलौता भाई था। परिवार के भरण पोषण में सहयोग करने के लिए गुरुग्राम में नौकरी कर रहा था। गुरुवार को वह पिज्जा डिलीवरी करने निकला था।

इसी दौरान तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से पुल के नीचे जा गिरा। अस्पताल ले जाने से पहले उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर परिजनों में मातम छा गया। शुक्रवार सुबह उसका शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।


प्रतियोगिता का उद्घाटन करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

## शूटिंग में 350 बच्चों ने किया प्रतिभाग

**गुरसहायगंज।** द्वितीय जनपद स्तरीय शूटिंग रेंज प्रतियोगिता का शुक्रवार को ग्राम डुंडवाबुजुर्ग स्थित हाजी मज़हरुद्दीन महाविद्यालय में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनन्द ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। संयोजक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने स्वागत किया। प्रतियोगिता में शूटर अभिषेक पाल, प्रतीक पाल, निखिल, ऋषभ, आदर्श, शौर्य, आरव अक्षरा सिंह, नंदिता सक्सेना सहित 350 बच्चों ने भाग लिया। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, आरआई सुखपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, शूटिंग रेंज के मैनेजर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, कोच अनिल कुमार पल (अंतराष्ट्रीय शूटर), जितेन्द्र कुमार (अंतराष्ट्रीय शूटर), आरती चतुर्वेदी (राष्ट्रीय शूटर), तौकीर जिया, अनिल कुमार, प्रधानाचार्य आशीष शर्मा, गुरु कृपा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश पाल रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर गुलाब देकर गांधीगीरी

**कन्नौज।** यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर शर्मिंदा किया गया। चालकों को हेलमेट भी बांटे गये।

प्रभारी यातायात आफाक खां ने टीम के साथ पीएसएम डिग्री कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स को साथ लेकर तिर्वा क्रासिंग से बस स्टैंड तक यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इसमें एनसीसी कैडेट्स ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों को गुलाब का फूल देकर गांधीगीरी की। एनसीसी गर्ल्स द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट के फायदे बताए गए। कई एनसीसी कैडेट्स ने चार पहिया एवं दो पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट एवं हेलमेट के बारे में जागरूक किया। मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी धनीराम रहे।

# प्रतियोगिता से बच्चों का होता शारीरिक विकास

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बटेश्वर दयाल महाविद्यालय के मैदान पर आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। विजेता बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से पढ़ाई के साथ बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने शिक्षा के साथ सहगामी कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

जिला व्यायाम शिक्षक विनोद मिश्र की देखरेख में दो दिवसीय प्रतियोगिता का संचालन प्रधानाध्यापक शशिकांत शुक्ला, अरुणेश चतुर्वेदी व सतेंद्र भूषण शुक्ल ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, प्रधानाध्यापिका सुमनलता यादव, राजेश पाठक रहे।


बच्चों को प्रमाण पत्र देतीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

**गौरवशाली इतिहास** | 7 माह पिछड़ा काम, निर्माण करने वाली फर्म ने आर्कीटेक्ट पर लगाया बार-बार नक्शे में बदलाव का आरोप

# रोमा स्मारक व मुक्ताकाशी मंच साल के अंत तक होगा तैयार

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**





स्मारक के निर्माण स्थल पर लगा कार्य संबंधी बोर्ड और निर्माणाधीन मुक्ताकाशी मंच। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में रोमा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के स्मारक एवं मुक्ताकाशी मंच का निर्माण कार्य समयावधि बीतने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन ने इटावा जिले की फर्म को निर्माण का काम सौंपा है। फर्म का कहना है कि काम में देरी का कारण आर्कीटेक्ट द्वारा बार-बार नक्शे में बदलाव किया जाना है। उम्मीद है कि साल के अंत तक कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

संस्कृति अनुभाग लखनऊ की ओर से 24 अप्रैल 2023 को कन्नौज में रोमा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के स्मारक एवं मुक्ताकाशी मंच की स्थापना के लिए शासनादेश जारी किया गया था। इसके लिये 480.17 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति हुई थी, जिसमें तीन करोड़ की राशि अवमुक्त की जा चुकी है। कार्यदायी संस्था ने निर्माण का जिम्मा इटावा जिले की फर्म एमके इंडिया इन्फ्रास्टेट प्रा.लि.को सौंपा था। 26 सितंबर 2023 को निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। कार्य पूरा करने की तिथि 25 मई 2024 निर्धारित की गई थी। लेकिन काम अभी भी चल रहा है। फर्म का काम देख रहे महावीर प्रसाद शर्मा बताते हैं कि संस्था की ओर से दिये गये नक्शे के अनुरूप काम शुरू करा दिया गया था, लेकिन आर्कीटेक्ट की ओर से नक्शे में बार-बार बदलाव होता रहा। इस वजह से निर्माण कार्य में भी बार-बार बदलाव करना पड़ा। इसीलिए काम में देरी हुई। अब काम अंतिम चरण में है। पेड़-पौधे व घास लगाने का काम रह गया है। दिसंबर तक सभी कार्य पूरा हो जायेगा।

### रोमा समुदाय का कन्नौज से गहरा संबंध

कन्नौज और रोमा समुदाय के बीच संबंधों के बारे में बताया जाता है कि जब महमूद गजनवी ने 11वीं सदी में भारत पर हमला किया था, उस समय कन्नौज से 70 हजार लोगों को बंधक बनाकर ले जाया गया था। यह लोग लोहे के औजार, बर्तन और आभूषण बनाने में माहिर थे। इन्हें यूरोप के देशों में ले जाया गया। कन्नौज और रोमा या रोमानिया समुदाय के बीच संबंध को मजबूत करने के लिये रोमा स्मारक और मुक्ताकाशी मंच बनाया जा रहा है।

### काली देवी को कुलदेवी मानता है रोमा समुदाय

करीब एक हजार वर्ष से अधिक के गौरवशाली इतिहास को समेटे रोमा समुदाय की विरासत को संरक्षित करने के लिए कन्नौज में जीटी रोड के किनारे स्मारक और मुक्ताकाशीय मंच का निर्माण किया जा रहा है। इससे विदेशों में बसे रोमा समुदाय को अपने पूर्वजों की मिट्टी से जुड़ने का मौका मिलेगा। इस स्मारक पर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले रोमा समुदाय की निगाहें लगी हैं। दुनिया भर में रोमा समुदाय के छह संग्रहालय हैं, लेकिन कन्नौज का संग्रहालय इनमें अलग स्थान पाएगा। वर्ष 2018 में भारत सरकार ने विश्व रोमा दिवस मनाया था, उस वर्ष दो दर्जन से ज्यादा देशों से रोमा समुदाय के लोग यहां आए थे। रोमा समुदाय कन्नौज स्थित काली देवी को अपनी कुल देवी के रूप में मानते हैं। यहां स्मारक बनने से रोमा समुदाय के लोगों का यहां आवागमन होगा और पर्यटन को पंख लगेंगे।

## बीएसए कार्यालय में आज पाक कला प्रतियोगिता होगी

**कन्नौज।** जिला स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता शनिवार को बीएसए कार्यालय परिसर में होगी। 30 रसोइयां महिलाएं मिड-डे मील की तरह लजीज व्यंजन बनाएंगी।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि मेन्यू में तहरी, सब्जी, रोटी व दाल को शामिल किया गया है। कमेटी की ओर से चयनित रसोइयों को पहले पुरस्कार में 3500 रुपये, दूसरे में 2500 और तीसरा पुरस्कार 1500 रुपये का दिया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को 300 रुपये सांत्वना पुरस्कार व 300 रुपये आने-जाने का किराया मिलेगा। जिलास्तरीय पाक कला प्रतियोगिता कमेटी में डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, बीएसए संदीप कुमार, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरैया बुजुर्ग की प्रभारी प्रधानाध्यापक पूर्णिमा वर्मा, परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधक यामिनी वर्मा को शामिल किया है।

## सार-संक्षेप


बोर्डिंग ग्राउंड में टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

### सेंट जेवियर्स, सीसीए व सेंट पॉल की टीम जीती

**कन्नौज।** खेलेगा कन्नौज दौड़ेगा कन्नौज कार्यक्रम के तहत शुक्रवार से फुटबाल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। पहले दिन शुक्रवार को सेंट जेवियर्स स्कूल, सिटी चिल्ड्रेन एकेडमी व सेंट पॉल की टीम विजेता रही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सुब्रत पाठक, जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने टास उछालकर की। पहला मैच बालिका वर्ग में सेंट जेवियर्स स्कूल एवं आदर्श जनता इंटर कालेज के बीच हुआ जिसमें सेंट जेवियर्स की टीम 1-0 से जीती। बालक वर्ग में सिटी चिल्ड्रेन एकेडमी एवं सुभाष एकेडमी छिबरामऊ के बीच हुए मैच में सिटी चिल्ड्रेन की टीम 3-0 से विजेता रही। कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज कन्नौज को सेंट जेवियर्स स्कूल ने 2-0 से, सेंटपाल छिबरामऊ को सेंट जेवियर्स स्कूल छिबरामऊ ने 1-0 से हराया। 2 दिसंबर तक लीग मैच खेले जायेंगे। तीन दिसंबर को फाइनल मैच होगा। टूर्नामेंट में 34 टीमें प्रतिभाग करेंगी।

### कब्जे की शिकायत पर भूमि की पैमाइश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम देवरामपुर ढ़ाकुरैया में खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने लेखपाल प्रशांत कुमार के नेतृत्व में टीम भेजकर जमीन की पैमाइश करवाई। टीम ने मौके की पैमाइश कर रिपोर्ट उप जिला अधिकारी को सौंप दी है।


मुख्य अतिथि को शाल उड़ाकर सम्मानित करती महिला जिलाध्यक्ष पिंकी तिवारी।

### भाकियू लोक शक्ति ने स्थापना दिवस मनाया

**जलालाबाद, कन्नौज।** भाकियू लोक शक्ति का सांतवा स्थापना दिवस शुक्रवार को महिला जिलाध्यक्ष पिंकी तिवारी के आवास पर केक काटकर मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. ऋतुराज यादव का सम्मान किया गया। महिला जिलाध्यक्ष ने संगठन के विस्तार के लिए लोगों को आगे आकर जिम्मेदारियों को उठाने का संकल्प दिलाया। गीता पाठक, अलका द्विवेदी, राजकुमारी अवस्थी, पूनम दुबे, सुधा देवी, दीपा दुबे, प्रेमलता कटियार, गीता चतुर्वेदी, रिचा तिवारी, पिंकी राजपूत, कयूम खान, हाशिम, दीपू तिवारी, साजिद, गुड्डू राकेश शर्मा मौजूद रहीं।

### 47 दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बने प्रमाण पत्र


छात्र का नेत्र परीक्षण करते डॉ. अर्जुन सिंह सारंग।

**जलालाबाद, कन्नौज।** अमृत विचार। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं का मेडिकल असेसमेंट करके प्रमाण पत्र बनाए गए। मेडिकल टीम के नोडल अधिकारी सुरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में टीम के ऑर्थोपेडिक डॉ. हर्षित शंकर, साइकोलॉजिस्ट डॉ. स्वाति कटियार, नेत्र सर्जन डॉ. अर्जुन सिंह सारंग ने 47 दिव्यांग छात्र-छात्राओं का मेडिकल असेसमेंट करके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए। इस दौरान संकुल प्रभारी रामकिशोर सिंह, स्पेशल एजुकेटर दिनेश कुमार, अनीता वर्मा, बाबू सिंह कुशवाहा मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं **रईस पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम गोछौरा, पोस्ट मानपुर, थाना जैदपुर, जिला-बाराबंकी,** मेरे दो पुत्र मो0 अरबाज व अरफाज हैं। जिसमें बडा पुत्र मो0 अरबाज उसकी पत्नी शहेर बानो मेरा कहना नहीं मानते हैं और गलत संगत में पड़ गये हैं तथा आये दिन मेरे व परिवार वालों से गाली गलौज, लडाई झगड़ा करते हुऐ घरेलू कलह का माहौल व्याप्त रखते हैं जिस कारण मैं व मेरा परिवार काफी आहत है।वह लोग मुझे जान से मारने का प्रयास करते हैं तथा जहर देकर मारने की धमकी देते हैं। जिस कारण मैं उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र व बहू को बेदखल करता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 24/11/2024 को कैसरगंज बाजार में मेरे मकान की मूल रजिस्ट्री जिसकी गाटा संख्या 595 रकबा 0.120 हेक्टेयर ग्राम पबना, थाना व तहसील कैसरगंज कहीं गिर गई है यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त होती है तो निम्नलिखित पते पर अथवा दिए गए मोबाइल नंबर पर सूचना दे सकता है। **रश्मि साहू, पत्नी- राजेश साहू, निकट रानीबाग, थाना व तहसील- कैसरगंज, बहराइच।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित हो गया है जो सही नहीं है। मेरा सही नाम सुरेश कुमार है। अतः मेरे जिन अभिलेखों में सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित है उनके स्थान पर मेरा सही नाम सुरेश कुमार अंकित किया जाये। सुरेश कुमार एवं सुरेश रामचन्द्र यादव दोनों एक ही व्यक्ति हैं। **सुरेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी पुराफगुई बाकराबाद मछली शहर जौनपुर, उ0प्र0- 222143**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **तेजी पुत्र स्व0 मन्ना निवासी ग्राम निकरोजपुर रघुनाथपुर थाना माल जनपद लखनऊ,** मेरा पुत्र लोकेन्द्र भारती जो बुरी संगत के लोगों के साथ बुरी आदतो मे पड़कर शराबी व जुआडी हो गया है उसके इस कृत्य से मैं व मेरा पूरा परिवार काफी परेशान एव दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अर्चित यादव पुत्र राजमणि यादव, निवासी- आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद-बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, गाडी सख्या 12230 लखनऊ मेल के कोच संख्या एस2 सीट नं0-7 पर नई दिल्ली से लखनऊ जं0 दिनांक 11.05.2024 को यात्रा के दौरान मेरा एक ट्राली बैग ट्रेन से उतरते समय भीड अधिक होने के कारण कहीं गुम हो गई उक्त बैग में आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम जाति प्रमाण-पत्र व निवास प्रमाण-पत्र व हाईस्कूल अंक पत्र/प्रमाण-पत्र जिसका अनुक्रमांक 0774576 इण्टर अंक-पत्र/प्रमाण-पत्र अनुक्रमाक 225594539 में बी.पी. एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर बैच-2023 के अंकपत्र व अन्य प्रपत्र वास्तव में खो गये है।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2020 का अंकपत्र अनुक्रमांक 1362110 तथा इंटरमीडिएट का अंकपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226015847 वास्तव में खो गए हैं। – **आजिद अली पुत्र जानिफ अली, निवासी-टड़हा, सराय प्रयाग, कन्नौज (यूपी)**

**नीलामी सूचना**

राही पर्यटक आवास गृह (यू0 पी0 टी0 होटल), पहलवारा, बलरामपुर मे 04 शीशम सूखा वृक्षों की नीलामी दिनांक 20.12.2024 प्रातः 11: 00 बजे की जायेगी।, **प्रबन्धक, मो0नं0 9415013781**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MAHMOOD KHAN MOHAMMAD से बदलकर MOHD MAHMOOD KHAN रख लिया है, अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD AMEEN ADD-448/254 KHA G L M ROAD NAGARIYA THAKURGANJ LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मेरी एल आईसी पॉलिसी सं0 275907425 में मेरा घरेलू नाम हरेंद्र कुमार दर्ज है। जबकि आधार व स्कूल के अभिलेखो में कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही हैं। **–कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल, निवासी-ग्राम सुल्तानपुर जाला, पोस्ट- ऐहार, जिला- रायबरेली।**

# रफ्तार बनी काल : सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

## जीजा की जान गई, साला गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जीटी रोड पर बलही गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से जीजा की मौके पर मौत हो गई जबकि साला गंभीर रुप से घायल हो गया। जिला अस्पताल से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

उन्नाव जनपद के थाना बांगरमऊ के गांव पंचूपुर निवासी सुरेंद्र कुमार (25) अपने साले फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव के गांव पहलादपुर निवासी साले भगवानदीन(24) के साथ बाइक पर सवार होकर तिर्वा कस्बे में आये थे। शाम को दोनों बाइक पर सवार होकर बांगरमऊ जा रहे थे। सदर कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड बाईपास बलही गांव के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भगवानदीन घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

- तिर्वा से बाइक पर सवार होकर दोनों युवक जा रहे थे बांगरमऊ
- सदर कोतवाली के बलही गांव के सामने जीटी रोड पर हादसा

जहां चिचित्सकों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। भगवानदीन को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

## डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** बिधूना रोड पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे अंडरपास के पास सौरिख बाजार से गोरखपुर स्थित रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार युवक को डंपर ने जोरदार टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।


श्याम सिंह।

खड़िनी चौकी क्षेत्र के ग्यासपुर गांव निवासी श्याम सिंह (24) पुत्र प्रेमचंद जाटव दिल्ली में रहकर पेंटर का काम करता था। थाना क्षेत्र के गोरखपुर गांव निवासी मौसा अमोद कुमार की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए वह दिल्ली से आया था।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

शुक्रवार को बाइक से सौरिख बाजार गया था। वापस गोरखपुर लौटके समय बिधूना रोड पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे अंडरपास के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रेमचंद सड़क पर गिरा और उसके ऊपर से डंपर का पहिया गुजर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर व चालक को हिरासत में ले लिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां रेखा देवी, भाई रामू, राम रतन एवं दो वर्षीय बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संतुलित उर्वरक डालने से बढ़ेगी गेहूं की पैदावार

**कन्नौज।** जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि गेहूं की बोआई में किसान मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग करें। उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग से मिट्टी, वायु एवं जल प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। गेहूं की फसल में नाइट्रोजन 150 किग्रा (लगभग 7-8 बोरी यूरिया), फास्फोरस 60 किग्रा (लगभग 2-3 बोरी डीएपी) एवं पोटास 40 किग्रा (लगभग 1-2 बोरी एमओपी) प्रति हेक्टेअर की दर से प्रयोग करना चाहिए। एनपीके में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटास तीनों पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसान तीन बोरी सिंगल सुपर फास्फेट (सुपर) एवं लगभग 20 किलोग्राम यूरिया मिला कर प्रयोग करें जो एक बोरी डीएपी के बराबर है। किसी किसान को कोई समस्या हो तो जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम में नंबर 8272893015 एवं 933567380 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### आज का मौसम

शनिवार को सुबह के समय हल्का कोहरा छाने की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| --- | --- |
| 24.0° | 10.0° |
| सूर्योदय 06:36 | सूर्यास्त 05:17 |

## एक नजर

### सब्जी ठेला से वृद्धा घायल रिपोर्ट दर्ज कराई

**तिर्वा।** सब्जी ठेला की टक्कर लगने से वृद्ध महिला के घायल होने के मामले में पुत्र ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली के महतेपुर्वा गांव निवासी अजय राजपूत पुत्र गंगाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मां सोनकली 24 नवंबर की शाम को महतेपुर्वा गांव की सड़क पर पैदल जा रही थी। इसी दौरान कटरा बहसार निवासी सब्जी विक्रेता मिथुन पुत्र बाबूराम ने अपने ठेले से उनको पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### युवक को पीटकर दबंगों ने किया घायल

**तिर्वा।** पुरानी रंजिश में दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना ठठिया के झौआ गांव निवासी अमित कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 22 नवंबर को वह अपने पिता शिव सिंह के साथ खेत से धान लेकर घर जा रहा था। घर के पास पहुंचते ही गांव के निवासी पंकज यादव व अखिल पुत्रगण कलक्टर सिंह पुरानी रंजिश को लेकर सामने आकर गाली गलौज करने लगे। जब पिता ने विरोध किया तो लाठी डंडो से मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में उसके पिता घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

### दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटा

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार रात करीब 8 बजे शराब के नशे में गांव के कुछ दबंग दरवाजे पर आ गए। बेवजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर घर में घुस गए और लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। शोर सुन पड़ोसियों को आता देख सभी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना पर रात में पुलिस गांव पहुंची। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### 23 और दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग

**कन्नौज।** अपर्णा फाउंडेशन और रोटरी क्लब शौर्य की ओर से आयोजित दो दिवसीय मुफ्त स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन 23 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग का वितरण किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता व उमाकांत शुक्ला ने बताया कि कैंप में चिन्हित किये गये आंखों के मरीजों का गुरुवार को कानपुर में ऑपरेशन करवाकर शुक्रवार को नि:शुल्क बस से वापस कन्नौज भेज दिया गया। एक सप्ताह के बाद डाक्टरों की टीम मेरठ कोल्ड स्टोरेज सरायमीरा में आकर दोबारा सभी मरीजों की आंखों की जांच करेगी। रोटरी क्लब शौर्य के विपिन कटियार ने बताया कि अगला नेत्र शिविर दिसंबर में सावित्री कोल्ड स्टोरेज जलालपुर पनवारा में लगेगा। जिन मरीजों के शुगर, बीपी आदि के कारण ऑपरेशन नहीं हो पाये हैं उन एवं नए मरीजों के ऑपरेशन दिसंबर में करा दिए जायेंगे।

## ब्लाक स्तरीय खेल लीग प्रतियोगिताएं होंगी 14 से

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- युवा कल्याण विभाग की ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम हुआ घोषित
- सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में बालक तथा बालिकाएं कर सकेंगे प्रतिभाग

**अमृत विचार।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल की ओर से ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रस्तावित कार्यक्रम घोषित हो गया है। 14 दिसंबर से ब्लॉक स्तरीय खेल लीग शुरू होकर 24 दिसंबर तक चलेगी।

जिला युवा कल्याण कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में बालक-बालिकाएं ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इसमें एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटवॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन समेत कुल आठ विधाएं शामिल हैं। शहर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग मैदान में कन्नौज ब्लॉक क्षेत्र के खेलकूद 14 दिसंबर को होंगे। उमर्दा इलाके में 16 दिसंबर को स्वामी गिरीशानंद महाविद्यालय बहादुरपुर, 18 दिसंबर को तालग्राम के पायका सेंटर तेराजाकेट, जलालाबाद क्षेत्र की प्रतियोगिताएं बीडी तिवारी इंटर कॉलेज में 19 दिसंबर को संपन्न होंगी।

गुगरापुर में 20 दिसंबर को देवधर आश्रम इंटर कॉलेज करीमपुर, छिबरामऊ में 21 दिसंबर को बटेश्वर दयाल इंटर कॉलेज छिबरामऊ, सौरिख में 23 दिसंबर को खेल मैदान और 24 दिसंबर को हसेरन में रामलीला मैदान में प्रतियोगिताएं होंगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंशिता श्रीवास्तव, सौरभ यादव व आकाश सिंह को पत्र भेजकर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## ट्रेन से कन्नौज जा रहे पीडब्ल्यूडी कर्मी की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रेन से कन्नौज जा रहे पीडब्ल्यूडी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके शव को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड कन्नौज में रोलर चालक के पद पर कार्यरत ग्राम ऊंचा निवासी भारत पाल (58) पुत्र श्रीकृष्ण पाल शुक्रवार सुबह 11 बजे ड्यूटी जाने के लिए रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन पर सवार हुए थे। रास्ते में तबियत बिगड़ गई। सवारियों ने उसे जसोदा स्टेशन पर उतार दिया और फोन से परिजनों को सूचना दी। पुत्र रोहित ने एम्बुलेंस की सहायता से पिता को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बनियानी चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


श्रीकृष्ण पाल।


जिला अस्पताल में डाक्टर व कर्मचारियों को अग्निशमन का प्रशिक्षण देते दमकल विभाग के दरोगा प्रांशू अवस्थी व मौजूद सीएमएस। अमृत विचार


अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते कर्मचारी। अमृत विचार

## डॉक्टरों व कर्मचारियों ने सीखा आग बुझाना

अस्पतालों की सुरक्षा

- जिला अस्पताल में शुरू हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र
- अग्निशमन यंत्रों को चलाना सिखाया, बचाव के उपाय बताए

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मचारियों को शुक्रवार को आग से बचाव तथा अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने प्रशिक्षण का संचालन किया। झांसी के मेडिकल कालेज में हुए भीषण अग्निकांड के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अग्निशमन प्रशिक्षण का अभियान शुरू किया है।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मचारियों को अग्निशमन विभाग के दरोगा प्रांशू अवस्थी ने बताया कि आग पर्याप्त हवा मिलने से लगती और तेज होती है। ऐसे में प्रयास करें कि हवा को बंद कर दिया जाये। सफल न हो तो अन्य अग्निशमन के अन्य उपाय करें। फिर भी आग न शांत हो तो खुद को बचाते हुए फंसे लोगों को किसी तरह आग वाले स्थान से बाहर निकालें। कमरे में अधिक धुआं भर जाने पर लेटकर तेजी के साथ बाहर निकलें। फायर सिलिंडर से आग पर किस तरह से काबू पाया जा सकता है, इसकी जानकारी देकर चलाने की विधि बताई गई। बताया गया कि जिला अस्पताल परिसर में जगह जगह पानी की पाइप लाइन के बाक्स लगाये गये हैं। इनमें जीन की पाइप लाइन भी लगी होती है। आग लगने पर इसी पाइप लाइन को सीधा करके आग वाले स्थान तक ले जाकर वाल्व को खोलना है। पहले दिन सीएमएस डॉ. शक्ति बसु, एसीएमओ डॉ. ओपी गौतम मौजूद रहे।

## तिर्वा का लिंगानुपात मिला सबसे कम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा में जिलाधिकारी ने दिखाई नाराजगी
- उपजिलाधिकारी को महिलाओं और युवाओं का अधिक पंजीकरण कराने के निर्देश
- छिबरामऊ का लिंगानुपात 876 और कन्नौज तहसील का 875 पाया गया

**15,680** आवेदन नाम बढ़ाने के लिए आए | **9,014** नाम मतदाता सूची से काटे गए

**5054** निर्वाचक नामावली में किए गए संशोधन

**अमृत विचार।** एक माह से चल रहा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण का काम पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने नामावली के कार्यों की समीक्षा करते हुए तिर्वा के लिंगानुपात की स्थिति खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। महिलाओं व युवा मतदाताओं के नामों का पंजीकरण अधिक से अधिक कराने पर जोर दिया।

निर्वाचक नामावली में नये वोटर बढ़ाने, घटाने व संशोधन का काम 29 अक्टूबर से शुरु हुआ था जो 28 नवंबर को पूरा हो गया। इस दौरान 15,680 आवेदन नाम बढ़ाने, 9,014 नाम काटने व संशोधन के लिए 5054 आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी का निस्तारण कर दिया गया। कार्य समापन के बाद जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने शुक्रवार को निर्वाचक नामावली कार्य की समीक्षा की। इस दौरान सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि पेंडिंग फार्मों का निस्तारण अतिशीघ्र कर दिया जाए। उन्होंने जिले का लिंगानुपात जनगणना में 879 के सापेक्ष नामावली में केवल 870 होने पर नाराजगी जताई। समीक्षा में पाया गया कि तहसील तिर्वा का लिंगानुपात (जेंडर रेश्यो) 859 है जो तीनों तहसीलों में सबसे कम है। इस पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। छिबरामऊ का जेंडर रेश्यो 876 व कन्नौज तहसील का 875 रहा।

जिलाधिकारी ने तिर्वा उपजिलाधिकारी अशोक कुमार को खराब स्थिति वाले बूथों को चिह्नित कर उनके बीएलओ व सुपरवाइजरों की बैठक करके महिला व युवा मतदाताओं के नामों का पंजीकरण शुरु कराने के निर्देश दिये हैं।

## दौड़ लगवाई, ड्रिल देखी और चलवाए हथियार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पुलिस लाइन में एसपी ने परेड का निरीक्षण कर खामियां दूर करने और डायल 112 प्रभारी को सतर्क रहने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** एसपी ने पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया और खामियों को दूर करने के निर्देश दिये। एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। सभी अधिकारी, कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास भी करवाया गया। उन्होंने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें। पीआरवी कर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए जनता की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. प्रियंका वाजपेई, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी आफाक खां रहे।

## सार-संक्षेप


बैठक को संबोधित करते शिक्षक हिमांशु प्रताप। अमृत विचार

### कायाकल्प के 19 पैरामीटर पर विद्यालयों को करें संतृप्त

**सौरिख।** विकासखंड के सभागार परिसर में शुक्रवार को प्रधान एवं प्रधानाध्यापक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालयों को कायाकल्प के 19 पैरामीटर पर संतृप्त करने पर जोर दिया गया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यों में गति प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को विकासखंड के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सचिन कश्यप, विशिष्ट अतिथि एडीओ पंचायत अतुल कुमार मिश्रा समेत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षक संघ अध्यक्ष नीरज यादव, मंत्री अशोक कुमार, हिमांशु प्रताप सिंह, आशुतोष गुप्ता, गिरजेश सिंह बैस ने माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। संगोष्ठी में कायाकल्प के 19 पैरामीटर से परिषदीय विद्यालयों में संतृप्त करने की चर्चा हुई। ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक के बीच आपसी सामंजस्य बनाए रखने की अपील करते हुए विद्यालय में विकास कार्य कराने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय प्रताप सिंह, प्रधान मुदमंगल सिंह यादव, अनिल राजपूत, पुल्लन चौहान, एआरपी संजय वर्मा, प्रवीन यादव, दुष्यंत यादव, अखिलेश शुक्ला मौजूद रहे।


धान के पुआल में लगी आग पर पानी की बौछार डालती दमकल टीम।

### धान के पुआल में लगी आग

**कन्नौज।** तारमऊगढ़ी गांव के बाहर चारे के लिये एकत्र किए गए धान का पुआल में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन किसानों का हजारों रुपये का नुकसान हो गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के तारमऊगढ़ी निवासी नीलू पाल पुत्र शिवनाथ पाल, सत्यप्रकाश सिंह, आकाश गौतम, मुकेश कुमार, अक्षय कुमार कुछ दिन पहले मवेशियों के चारे के लिये धान का पुआल खरीद कर लाये थे। इन लोगों ने इस पुआल को गांव के बाहर अलग-अलग ढेर में जमा कर दिया था। शुक्रवार सुबह पुआल के ढेरों में आग लग गई। लपटें उठते देख लोगों ने पानी डालकर आग शांत करने का प्रयास किया। लेकिन आग तेज होती गई। एक के बाद एक पुआल के ढेर में फैल गई। सूचना पाकर दमकल की टीम गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची। अग्निशमन टीम ने पानी की बौछार डाल कर दो घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।

अभिनव प्रयोग

परिषदीय स्कूलों व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गठित होंगे 10 तरह के क्लब

# कौशल विकास, नवाचार के साथ स्कूली बच्चे सीखेंगे चुनौती प्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- छात्र-छात्राओं को चार तरह के क्लब में भागीदारी करना जरूरी निखारी जाएगी उनकी प्रतिभा
- पर्यावरण, जल एवं स्वास्थ्य के साथ विज्ञान व गणित में बढ़ाई जाएगी बच्चों की जागरूकता

**अमृत विचार।** जिले के सभी प्राथमिक, जूनियर, कंपोजिट व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए 10 तरह के क्लब बनाए जाएंगे। यह क्लब बच्चों को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। कौशल विकास, नवाचार के साथ चुनौती प्रबंधन सीखने में मदद करेंगे।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम ने इस बाबत पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से मानव मूल्यों के विकास के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व भारत के आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी क्षेत्रों में विकास के बारे में बच्चों को जानकारी मिलेगी।

इसके अलावा पर्यावरण, जल एवं स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ संवेदनशील नागरिक बनाने के लक्ष्य को लेकर विद्यार्थियों के विकास क्लब गठित होंगे। पत्र में इको क्लब, स्पोर्टस क्लब, गणित क्लब, विज्ञान क्लब, ज्योग्राफी क्लब, रीडिंग क्लब, सिविक सेंस क्लब, डिजिटल इनिशिएटिव क्लब, कला संगीत एवं नाटक क्लब और हेल्थ एंड वेलबीईंग/ योग क्लब बनाने की बात कही गई है। कहा गया है कि प्रत्येक विद्यालय के हर छात्र-छात्रा की न्यूनतम चार क्लब में प्रतिभागिता अनिवार्य होगी। क्लब का नेतृत्व प्रधानाध्यापक, वार्डेन या उनकी ओर से नामित सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र या अनुदेशक द्वारा किया जाएगा। बीएसए ने बताया कि क्लब गठन के पीछे कई कारण हैं। पीयर लर्निंग के जरिए बच्चे लगातार सीखेंगे। सामाजिक, भावनात्मक और सांस्कृतिक कौशल विकास के साथ ही चुनौतियों के प्रबंधन में सक्षम बनेंगे। पूछताछ, नवाचार, खेल-खोज और अन्वेषण की संस्कृति विकास करते हुए शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को आनंददायी बनाएंगे।

### नवीन विचारों और समाधानों के लिए मिलेगा सार्थक मंच

- छात्र-छात्राओं को अपने कार्य के लिए जवाबदेह बनाना, गलतियों और अनुभवों से सीखते हुए कई दृष्टिकोणों के प्रति सम्यक समझ विकसित करना। विद्यार्थियों की रुचि, विषय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान एव नेतृत्व कौशल जैसे गुणों का विकास करना व सृजनात्मक चिंतन को बढ़ावा देना। अर्जित ज्ञान का वाह्य जीवन में कुशलता से प्रयोग किए जाने के लिए नवीन विचारों और समाधानों के लिए सार्थक मंच उपलब्ध कराना भी क्लबों के गठन का उद्देश्य है।

### क्लब में यह गतिविधियां होंगी

- पौधरोपण व उसकी देखभाल
- खेल प्रतियोगिता व योग संबंधी गतिविधियां
- गणितीय पहेलियां, गणित किट, विज्ञान किट, आईसीटी का प्रयोग
- मानचित्र, आरेख, ग्लोब आदि से संबंधित कार्य
- कला-संगीत, नाटक, रंगमंच, रोल प्ले आदि संबंधी गतिविधियां
- पठन संबंधी गतिविधियों में किताब पढ़ना, कहानी पढ़ना आदि
- सम-सामयिक घटनाक्रम पर चर्चा, खेल, स्वास्थ्य मुद्दे, संचार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन व ऊर्जा संरक्षण आदि
- निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता व विशेष विषय पर समूह चर्चा
- पोस्टर, बैनर एवं पेंटिंग तैयार करना
- विषय विशेषज्ञों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से प्रस्तुतीकरण
- हैंड्स ऑन एक्टिविटी, प्रोजेक्ट कार्य व डेमॉन्स्ट्रेशन
- हेल्थ एंड वेलबीईंग, स्कूल सेफ्टी संबंधी गतिविधियां

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

## थाना क्षेत्र के इमादपुर थमरई के झन्नाखार पुलिया के पास हुआ हादसा, डंपर को कब्जे में लेकर चालक को पकड़ा

फर्रुखाबाद, संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के इमादपुर थमरई के झन्नाखार पुलिया के पास एक डंपर चालक ने शुक्रवार सुबह बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी तथा विधिक कार्रवाई की। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर डंपर को कब्जे में लिया है।

थाना क्षेत्र शमसाबाद के गांव जटपुरा निवासी युवक रामवीर पुत्र शीशराम (39) सुबह करीब 10 बजे घर से बाइक से कायमगंज जा रहा था। रास्ते में इमादपुर थमरई निकलते ही झन्नाखार पुलिया के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया। इससे बाइक सवार रामवीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहां मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में रखवाया। वहीं मृतक की शिनाख्त चचेरे भाई सर्वेश ने रामवीर के रूप में की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई शुरू की। सर्वेश ने बताया कि युवक की शादी हो चुकी थी। जिसके दो बच्चे हैं। वहीं एक बच्चे की उम्र लगभग 6 साल और छोटे बच्चों की उम्र 3 माह है। बड़े भाई की मौत इससे पूर्व हो चुकी है। रामबीर ही अपने घर परिवार का पालन पोषण करता था। वहीं पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर डंपर को अपने कब्जे में ले लिया।


घटना स्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार


घटना स्थल पर जमा भीड़। अमृत विचार

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कमालगंज।** ट्रेन के चपेट में आने से एक अज्ञात युवक मौत हो गई। युवक ने नीली बिंदीदार शर्ट और ग्रे कलर का पेंट रखा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 4:30 बजे हुसैनगंज गुमटी के पहले केएन पब्लिक स्कूल के सामने ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन से कटने पर उसका सिर धड़ से अलग हो गया। मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर उसकी पहचान का प्रयास किया गया। लेकिन उसके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मोहम्मदाबाद।** इटवा-बरेली हाईवे पर हवाई पट्टी के सामने ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरक्षक उदय पाल सिंह राजावत ने डायल 108 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र यादव ने प्रदीप पुत्र हरिलाल निवासी थाना नया गांव जनपद एटा निवासी को प्राथमिक उपचार देकर राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया।


घायल प्रदीप।

उप निरक्षक उदय पाल सिंह राजावत ने बताया कि परिजनों को सूचना दे है तथा ट्रैक्टर को हिरासत में ले लिया है चालक मौके से फरार हो गया।

## सार-संक्षेप


मीटिंग एजेंडा पढ़कर सुनाते राजकिशोर शुक्ल। अमृत विचार

### स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुने गए खेतल सिंह

**कायमगंज।** शासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की नवीन कार्य समिति गठित की गई। उपस्थित अभिभावकों ने सर्वसम्मति से खेतल सिंह को अध्यक्ष चुना। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद खेतल सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है। उस पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। बैठक में जयवीर, प्रदीप, देशराज, राजेन्द्र, देव सिंह, रोहित, वीरपाल, नौवत सिंह, कमलेश, अनोखेलाल, इसरार, विपिन, सत्यवती, नीता, सीमा, सुनीता, रामदेवी, चंचला, मीना, वर्षा, ममता, शीतल, नेम श्री सहित तीन दर्जन अभिभावक उपस्थित रहे।



भाकियू लोकशक्ति ने 8 सूत्रीय ज्ञापन थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को सौंपा।

### भाकियू लोकशक्ति ने 8 सूत्रीय ज्ञापन थानाध्यक्ष को सौंपा

**नवाबगंज।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की तरफ से नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एकत्र होकर भाकियू लोकशक्ति की सातवीं स्थापना दिवस को पदाधिकारियों ने केक काटकर मनाया और किसानों की समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री सम्बन्धित को थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को अपना मांग पत्र सौंपा। किसान यूनियन नेताओं ने नगर पंचायत नवाबगंज में तहसील बनाए जाने व नवाबगंज से आगरा तक रोडवेज बसों का संचालन व अन्य मागों की समस्या को प्रमुखत: से उठाया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति जिलाध्यक्ष दीपू राठौर राजेश गंगवार अंकित विश्व प्रकाश चतुर्वेदी शिवनंदन अजीत रघुनाथ संतोष सक्सेना कन्हैया महमूद खा ज्ञानेश पिन राजू, नीलेश आदि मौजूद रहे।


आग लगने से जला घरेलू सामान।

### आग से घरेलू सामान जला

**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जिससे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सुभानपुर निवासी दिनेश पुत्र बृजबिहारी के यहां अचानक आग की लपटें उठती दिखाई दीं। लपटें देखकर चीख पुकार मच गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाने पहुंचे तब तक आग की लपटों ने पड़ोसी अखिलेश के घर को भी चपेट मे ले लिया। दिनेश के घर में छ: बोरी गेहूं, पांच पैकेट धान, 10 जोड़ी साड़ियां, गद्दा, रजाई, चारपाई आदि घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पड़ोस में रहने वाले अखिलेश की एक भैंस एवं तीन अन्य मवेशी जलकर घायल हो गए। सूचना पर 112 पुलिस, मवेशी डॉक्टर पूरनलाल, लेखपाल आदिल खान ने मौके पर पहुंचे। लेखपाल ने जांच पड़ताल की। मवेशी डॉक्टर ने जख्मी जानवरों का उपचार किया। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट की मदद से आग पर काबू पाया। तब दोनो गृहस्थी जलाकर राख हो गई।



मुख्य आरक्षी स्व. धर्मेन्द्र के आश्रितों को चेक देते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी।

### मुख्य आरक्षी के आश्रितों को दिया 20 लाख का चेक

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा फतेहगढ़ पुलिस लाइन ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी एवं पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित महिला थाना व विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस लाइन सभागार में कर्मचारियों के साथ सीएम डेशबोर्ड पोर्टल पर फीडिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की। आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। यूपी पुलिस व बैंक ऑफ बरौदा के मध्य हस्ताक्षरित एमओयू के तहत पीएसपी एकाउंट के अन्तर्गत मृतक मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र के आश्रितों को 20 लाख रुपये का चेक दिया गया।


ओवर लोड डंपर की चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष चंद्र राजपूत

### ओवर लोड पर कसा शिकंजा, 2.30 लाख के बनाए चालान

**फर्रुखाबाद।** परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रवर्तन की तरफ से चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने 8 गाड़ियों का चालान किया है। दो ट्रक ओवर लोड पकड़े है। इनका 2 लाख 30 हजार रुपये का चालान काटा है। जिनमें पांच ट्रकों व तीन स्लीपर बसों का भी एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष चंद्र राजपूत ने चालान किया है। एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा की गई कार्रवाई से ट्रक और स्लीपर बस चालकों में हड़कंप मचा है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में इटावा बरेली हाईवे पर बघार समेत कई जगह चेकिंग कर चालान किये। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने कहा कि यह चेकिंग अभियान अभी आगे चलता रहेगा।

### पानी की टंकी से स्टार्टर, केबल चोरी

**कमालगंज।** सरकारी पेयजल टंकी से समर स्टार्टर और केबिल देर रात चोरी कर ले गए। थाना जहानगंज के ग्राम पंचायत रूनी चुरसाई में 28 11 24 की रात में पेयजल टंकी में घुसकर अज्ञात चोर स्टाटर और केबिल काट ले गए। जहां प्रदेश सरकार आम जनता के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए टंकी लगाई गई है। हर घर नल हर घर जल योजना के तहत कार्य कर रही है। वहीं कुछ अज्ञात चोरों द्वारा पानी की टंकी से स्टार और केबल चोरी कर ले गए हैं। जिसकी शिकायत राजपूताना चौकी प्रभारी थाना जहानगंज को दी गई है। अब देखते हैं इसमें पुलिस क्या कार्रवाई कर रही है। ग्राम पंचायत रूनी चुरसाई के प्रधान महावीर वर्मा ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### तमंचा दिखाकर सोने की चेन व नकदी छीनने का आरोप

**मोहम्मदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नींव करोरी निवासी रमेशचंद्र वाल्यमीकि के पुत्र राजेंद्र ने तहरीर दी। बताया कि प्राथी 28 नवंबर को रात्रि लगभग 7:30 बजे सूअर बेचकर घर आ रहा था। सूअर की बिक्री 80 हजार रुपये की हुई थी। घर वापस आते समय ग्राम दरियाय निवासी आरोपियों ने तमंचा दिखाकर सोने की चेन व 80 हजार रुपये छीन लिए साथ ही जाति सूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। राजेंद्र ने बताया कि उसके पास रसीद नहीं है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिल गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत दर्ज कराई

**मोहम्मदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मदनपुर निवासी मुकेश बाबू के पुत्र संजय सिंह ने 13 मार्च 2023 को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। 13 मार्च 2023 को संजय सिंह खेत से घर जा रहा था। तभी गांव के ही रंजीत, अनुज पुत्रगढ़ हुकुम सिंह व अनमोल, सोनू पुत्रगढ़ सर्वेश ने गाली गलौज करने लगे। जब प्राथी ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने प्राथी के साथ मारपीट कर दी। जिससे प्राथी को चोटे आई। वादी की शिकायत आईपीसी 323, 504, 525 में दर्ज की गई।

### मार्ग दुर्घटना में 3 घायल हालत गंभीर

**कायमगंज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव किन्नी नगला निवासी बद्री (25) कम्पिल क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी राधेश्याम की 17 वर्षीय पुत्री वंदना व क्षेत्र के गांव गुरुदयाल नगला निवासी कुलदीप (27) घायल हो गये। घायलों को आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

### बुखार से युवक की मौत

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव पचरौली निवासी धर्मेंद्र (30) को कई दिन से बुखार आ रहा था। परिजन प्राइवेट डॉक्टर से उसका इलाज करा रहे थे। गुरुवार की रात उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन सरकारी अस्पताल कायमगंज लाये। जहां डॉक्टर अमित कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गये।

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें

संवाददाता नवाबगंज

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र नवाबगंज पर आयोजित परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्षों की संगोष्ठी की शुरुआत कायमगंज विधायक डॉ सुरभि ने किया। उन्होंने अध्यापकों को विद्यालयों में बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी देने की बात कही। उन्होंने बच्चो को विद्यालय में साफ सफाई की भी प्रेरणा देने की अपील की। इस दौरान बीईओ अमर सिंह राणा ने गांव इजौर व ककिउली के स्थित विद्यालयों का पीएम श्री में चयनित होने, क्षेत्र में 20 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चलने, निपुण परीक्षा में बच्चो की 85 से 95 प्रतिशत तक उपस्थित होने की जानकारी दी। उन्होंने बच्चो के अभिभावकों के खातों में भेजी गई 12 सौ रुपए की धनराशि से उनकी यूनिफार्म आदि की खरीद करने की अपील की। एसआरजी यदुराज सिंह पाल, रुचि वर्मा, वंदनारानी ने विद्यालयों में प्रति माह बैठक करने व शिक्षण कार्य के साथ साथ बच्चो को संस्कार भी सिखाने की अपील की।



ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि, बीडीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव, एआरपी प्रदीप कुमार।

इस मौके पर बीडीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव, एआरपी प्रदीप कुमार, पंकज यादव, बलवीर सिंह, बृजेश पुष्कर, सुरेश सिंह यादव, एडीओ पंचायत किशन पाल, राकेश कुमार, सालिकराम गंगवार, प्रशांत कटियार, सुमित, अभय सिंह रहे। संचालन अभय गंगवार ने किया।

# किशोरी ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कम्पिल क्षेत्र के गांव सवितापुर बिहारीपुर निवासी रनवीर सिंह की 14 वर्षीय पुत्री चांदनी ने घर में फांसी लगा ली। परिजन गंभीर हालत मे सरकारी अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतिका के पिता रनवीर सिंह ने बताया कि वह घर पर नहीं था। वह गंगा जी पर गया हुआ था। घर पर मृतिका की मां मीना देवी व बड़ी बहन निशा थी। उसने बताया कि उसके दो पुत्र व दो पुत्रियां है। मृतिका अपने भाई व बहनों मे तीसरे नंबर की थी। मृतिका कक्षा 9 की छात्रा थी। जब पिता से फांसी लगाने का कारण पूछा गया तो उसका कहना था कि हमें कुछ नहीं मालूम।

## महिला ने पीया केमिकल, हालत गंभीर

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र गांव सुभानपुर निवासी समा (25) पत्नी मुस्तकीम ने संदिग्ध हालात में घर पर रखा केमिकल पी लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। गंभीर हालत में परिजन सरकारी अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर अमरेश कुमार ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## सीओ मोहम्मदाबाद व अमृतपुर का हुआ तबादला

**फर्रुखाबाद।** सीओ मोहम्मदाबाद व अमृतपुर का गैर जनपद तबादला किया गया है। बीते जून 2022 में जनपद में तबादले पर आये सीओ रविन्द्र नाथ राय अमृतपुर क्षेत्राधिकारी है। उनका तबादला पुलिस उपाधीक्षक लाजिस्टिक मुख्यालय लखनऊ किया गया है। वहीं मोहम्मदाबाद सीओ के पद पर तैनात अरुण कुमार का तबादला पुलिस उपाध्यक्ष साईबर क्राइम मुख्यालय के पद पर किया गया है।

### होमगार्ड को कुत्तों ने काटा, भर्ती

**कमालगंज।** थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बलीपुर निवासी होमगार्ड राजकुमार राजपूत जो कि बीती शाम पंजाब नेशनल बैंक से ड्यूटी कर वापस घर लौट आया। बाद में घरेलू काम से घर से निकला तो रास्ते में उसे आधा दर्जन कुत्तों ने घेरकर कई जगह काट लिया। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। परिजनों को जानकारी होने उन्होंने उसको बचाया और सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर मानसिंह ने इलाज शुरू किया।

# जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रहा प्रशासन

संवाददाता, कायमगंज

- एसडीएम, सीओ ने पुलिस व पीएसी के साथ की गश्त

**अमृत विचार।** संभल में मस्जिद सर्वे को लेकर हुए बवाल से आशंकित प्रशासन ने आज जुमे की नमाज को लेकर काफी कड़े इंतजामात किए। एसडीएम रविन्द्रसिंह, सीओ जयसिंह परिहार, पुलिस व पीएसी बल के साथ नगर में पैदल भ्रमण कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते रहे। वहीं क्षेत्र की हर मजिस्द पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस बीच ड्रोन से स्थानीय खुफिया विभाग एवं पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ी निगरानी की।

**मुस्लिम धार्मिक गुरुओं ने की शांति की अपील :** जुम्मे की नमाज को लेकर प्रशासन काफी चौकन्ना होकर अलर्ट मोड पर दिखाई पड़ा। प्रशासनिक अधिकारी पैदल भ्रमणकर जहां शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहे थे। वहीं नगर की हर एक मस्जिद से वहां नमाज अता कराने वाले मुस्लिम धर्मगुरु भी सभी लोगों से पूरी शांत व्यवस्था के साथ समय पर मस्जिद में आकर इबादत करने के लिए ऐलान कर रहे थे। उनका कहना था कि आज जुम्मे की नमाज है। अल्लाह की इबादत के वक्त किसी भी तरह की फसाद मुनासिब नहीं हो सकती।


तैनात भारी संख्या में पुलिस बल। अमृत विचार

सभी मुस्लिम भाई आराम से तसल्ली के साथ अपने घरों से निकलकर समय पर मस्जिद में पहुंचे और नमाज में शरीक होकर नमाज अता करें। मुस्लिम धार्मिक गुरुओं ने हर किसी से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति फिर वह चाहे किसी भी धर्म का मानने वाला हो नारेबाजी या कोई उत्तेजित बयान बाजी न करे।

धार्मिक गुरुओं की इस अपील का अच्छा खासा असर नजर आया। काफी तादाद में लोग अपने घरों से बाहर निकले और तय समय पर मस्जिदों में दाखिल हुए। जहां उन्होंने पूरे यकीन और शिद्दत के साथ नमाज अता की। इधर संभल में हुई हिंसा के कारण पुलिस तथा प्रशासन किसी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं था। इसीलिए कायमगंज नगर की मुख्य मस्जिद जामा मस्जिद पर जहां अधिकारी पैनी नजर जमाए थे।

वहीं नई बस्ती रोड से सामने वाली गली तथा मस्जिद के सामने और आस पास भारी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहा। इसी तरह नगर की छोटी मस्जिद, एक मिनारा मस्जिद, सहित नगर एवं क्षेत्र की अन्य मस्जिदों पर काफी पुलिस बल तैनात रहा।

एसडीएम, सीओ, प्रभारी निरीक्षक तथा कस्बा और मंडी चौकी प्रभारी सहित सभी अधिकारी पूरी तरह सजग दिखाई दिए। तय समय पर नमाज शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में शामिल लोगों ने पूरे यकीन व शिद्दत से नमाज अता की।

सतर्कता — संभल में हुए विवाद को लेकर जुमे की नमाज के वक्त प्रशासन ने रखी नजर

# मस्जिदों के बाहर रहा पुलिस का पहरा, ड्रोन से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संभल में हुए बवाल के बाद जुम्मे की नमाज को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आया है। जुमे की नमाज को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह, एसपी आलोक प्रियदर्शी ,एडीएम, एएसपी समेंत आलाधिकारी जनपद में भ्रमण किया।

शहर के नेहरू रोड पर स्थित जामा मस्जिद, टाउन हॉल मस्जिद समेत मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कमालगंज नगर क्षेत्र में एसडीएम सदर रजनीकांत व अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने भारी पुलिस के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण किया। कायमगंज नगर क्षेत्र में एसडीम कायमगंज रविंद्र सिंह व सीओ कायमगंज जय सिंह परिहार ने भारी पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गस्त किया।


जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी तिकोना चौकी के बाहर बात करते हुए। अमृत विचार

जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह, एसपी आलोक प्रियदर्शी भारी पुलिस वाल के साथ शहर कोतवाली क्षेत्र में मौजूद रहे। फर्रुखाबाद शहर क्षेत्र, कमालगंज नगर व कमालगंज नगर क्षेत्र समेत जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन कैमरा से निगरानी की गयी। पुलिस और प्रशासन जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने को मुस्तैद रहा। उन्होंने बताया कुछ जगह पर नमाज संपन्न हो गई है। और कुछ जगह पर जुम्मे की नमाज को सब कुशल संपन्न कराया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी प्रशासनिक अमले के साथ शहर की तिकोना चौकी में मौजूद रहे। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने बताया कि 17 स्थान पर प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया गया है जो लगातार भ्रमणशील रहे है।


तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

### पुलिस ने ड्रोन कैमरे से परखी सुरक्षा

**कमालगंज।** संभल बबाल से चौकन्नी पुलिस जुम्मे की नवाज के चलते कमालगंज में एसडीएम सदर रजनीकांत और अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, थाना प्रभारी अनुराग मिश्रा ने संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की। नगर में पैदल गश्त कर आम जनता को सुरक्षा का अहसास कराया।

## गैस सिलेण्डर में लगी आग, पाया काबू

**मोहम्मदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जाजपुर बंजारा निवासी राकेश जाटव के घर उनके पुत्र आनंद की कल बारात आनी है। मंडप में दावत के लिए खाना बन रहा था। खाना बनाने के दौरान लगभग 12:30 बजे सिलेंडर में आग लग गई, जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची डायल 112 ने कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल को सूचना दी।

### शिक्षक संघ ने बीएसए को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, शाखा फर्रुखाबाद ने बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मानव संपदा पोर्टल पर अवकाशों का अद्यतन, विद्यालयों में छात्र उपस्थिति की जिम्मेदारी अभिभावकों पर डालने और निरीक्षण प्रणाली को सुधारात्मक बनाए जाने की मांग शामिल है। संघ ने यह भी कहा कि विद्यालयों में महिला और पुरुष स्टाफ के लिए शौचालयों की सुविधा हो।

## एक नजर

### युवती को किया अगवा

**सैफई, इटावा** । थाना में इसी क्षेत्र के गांव कुइया के रहने वाले शिव कुमार उर्फ कल्लू तथा निशांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसमें कहा गया है कि यह दोनों 24 नवंबर की रात चकमा देकर उसकी 19 वर्षीय बेटी को घर से बुलाकर अगवा कर ले गए।

### आर्म्स एक्ट में जेल में बिताई अवधि की सजा

**इटावा**। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ने चार साल पुराने आर्म्स एक्ट के चार साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई । इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच सौ रुपया का जुर्माना भी लगाया। कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2020 में मोहित पुत्र अरविन्द निवासी कटराबल सिंह को आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व पांच सौ रुपया का जुर्माना भी लगाया।

### बैंक खाते से निकाले 20 हजार रुपये

**भरथना, इटावा**। थाना क्षेत्र में गांव नगला आशाराम बेटियापुर के प्रदीप कुमार ने थाना प्रभारी तथा बैंक प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि बैंक शाखा में किसी अधिकारी से सांठगांठ करके 13 नवंबर को मेरी गैर मौजूदगी में बैंक खाता से 20 हजार रुपये निकाल लिए गए। मैसेज आने पर ऑनलाइन खाता चेक किए जाने पर मामले की जानकारी हुई। उस समय राजस्थान था इसलिए देरी से आ सका। फर्जी तरीके से निकासी फॉर्म भरकर रकम निकाली गई है। गहनता से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### विवाहिता की मौत

**भरथना**। थाना क्षेत्र में गांव बूढ़ा में रहने वाले अनिल कुमार की 40 वर्षीय पत्नी शिवगंगा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। भरथना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि अनिल गाजियाबाद में काम करता है, वहां पर बीते बुधवार रात उसकी पत्नी की अचानक किसी कारण से मौत हो गई। मृतका के पिता शर्मन सिंह ने मौत के कारण को लेकर आशंका जताई जिसके तहत पोस्टमार्टम कराया गया।

### रक्तदान किया

**सैफई, इटावा**। इटावा मैनपुरी रोड दुमीला बॉर्डर कृष्णापुरम कॉलोनी में हयूमन डेवलपमेन्ट आर्गनाइजेशन मैनपुरी की ओर से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉ आदित्य शिवहरे ने किया। आर्गनाइजेशन ट्रस्टी प्रतिया यादव व बृजेश यादव ने रक्तदान करने वालों का स्वागत किया। इस शिविर में 22 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से लोगों के शरीर में एक नई उर्जा का संचार होता है। रक्तदान के पश्चात 90 दिन के बाद लोगों के शरीर में फिर नया रक्त संग्रह हो जाता है। इस मौके पर डॉ. ज्योति कला भारती, डॉ. श्वेता चौधरी, डॉ. यतेन्द्र मोहन, डॉ. अरविंद, डा. अभय रहे।

### यूथ क्लब 17 रनों से जीता

**इटावा**। इटावा स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट टूनामेंट का समापन किदवाई नगर से विधायक महेश त्रिवेदी ने किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्टेडियम क्लब व यूथ क्लब के बीच खेला गया । यह मैच बहुत ही रोमांचक रहा। कभी स्टेडियम क्लब का दबदबा रहा तो कभी यूथ क्लब का। अंत में 17 रन से यूथ क्लब ने यह मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि विधायक महेश त्रिवेदी ने विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रुपये व उप विजेता टीम सम्मान दिया।

# 40 हजार रिश्वत लेते बीएसए आफिस का लिपिक गिरफ्तार

## विजिलेंस की टीम ने की कार्रवाई, बकेवर में हो रही पूछताछ

संवाददाता बकेवर, इटावा



**अमृत विचार**। विजिलेंस विभाग की टीम ने शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में तैनात एक लिपिक को 40 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। लिपिक को लेकर विजिलेंस टीम बकेवर थाना पर पहुंची।

बीएसए कार्यालय में तैनात लिपिक शिवकुमार शुक्रवार दोपहर अपने कार्यालय में बैठे सरकारी कामकाज निपटा रहे थे। उसी वक्त एक शिक्षक से उनकी बातचीत हुई। अचानक बिजिलेंस टीम ने छापा मारकर उन्हें पकड़ लिया। आरोप है कि शिक्षक से चालीस हजार रुपये लेते समय उसे पकड़ा गया है। गिरफ्तारी से कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति रही। विजिलेंस टीम पकड़े गए लिपिक को लेकर बकेवर थाना पर पहुंची। पकड़े गए बाबू से कुछ पूछताछ के आधार पर अपनी कागजी कार्रवाई में जुटी रही। इस दौरान बीएसए राजेश कुमार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बकेवर थाना पर पहुंचे । विजिलेंस कानपुर की 12 सदस्यीय टीम ने इंस्पेक्टर सीमा सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। बीएसए राजेश कुमार ने बताया कि जसवंतनगर ब्लाक के गांधी उमा विद्यालय बनकटी बुजुर्ग में शिक्षक विनय त्रिपाठी की नियुक्ति वर्ष 2018 में की गई थी। उनके किसी परिचित ने शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी होने की शिकायत की। उनकी शिकायत सही पाई गई। उसी मामले में शिक्षक विनय त्रिपाठी अपने हाथों से बीएसए कार्यालय में तैनात बाबू शिवकुमार चालीस हजार रुपये देने पहुंचे। उसी दौरान विजिलेंस टीम ने आकर पकड़ लिया। लिपिक शिव कुमार अगले साल जुलाई में सेवानिवृत होने वाले हैं।

# मुठभेड़ में चोर के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● चोरी किया गया मोबाइल, नकदी व तमंचा कारतूस भी हुए बरामद

**अमृत विचार**। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोरी के सामान की बरामदगी के लिए पकड़े गए आरोपी को पुलिस लेकर गई तो मौका पाकर चोर ने वहां छिपाकर रखे तमंचा से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। बाद में पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। चोर के पास से चोरी का मोबाइल सामान को बेचने से प्राप्त रूपया व तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकडे गए चोर को आवश्यक कार्वाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 25 नवंबर को उपदेश कुमार पुत्र बालकराम निवासी वैशालीपुरम ने मामला दर्ज कराया था। कि वह अपने भांजे की शादी में नगला बरी गये थे तभी 23/24 नवंबर की रात को चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर घर से सामान चोरी कर लिया गया जिसकी सूचना उनके पड़ोसी द्वारा उन्हें दी गयी थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुये एक बाल अपचारी सहित कुल दो आरोपियों को चोरी किये गये सामान सहित 27 नवम्बर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।



मुठभेड़ में पकड़ा गया शातिर चोर और जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार।

पूछताछ के आधार पर अबरार पुत्र इरफान व एक अभियुक्ता का नाम प्रकाश में आया था। जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी । सिविल लाइन पुलिस जब वाइस ख्वाजा रोड पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक अभियुक्ता सहित अबरार निवासी भरथना चौराहा अशोक नगर को लायन सफारी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में उनके पास से मोबाइल व 19 सौ रूपया बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि मोबाइल उसने वैशाली पुरम से बरामद किया है। उसने बताया कि तमंचा उसने लायन सफारी के पास छुपाकर रख दिया।

पुलिस टीम उसे लेकर तमंचा बरामद करने गई तो उसने आरक्षी कमरूद्दीन को धक्का देकर भागने का प्रयास करते हुये तमन्चा उठाकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की गयी तो एक गोली अबरार के बांये पैर में लगी।

# निजीकरण के विरोध में उतरे विद्युत कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● पावर कॉरपोरेशन पर लगाया गुमराह करने का आरोप

**अमृत विचार**। बिजली विभाग के निजीकरण और कर्मचारियों की छटनी की आशंका के चलते विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन किया। निजीकरण न करने की मांग करते हुए यह भी कहा गया कि पावर कॉरपोरेशन बिजली कर्मचारियों की सेवा शर्तों को लेकर गुमराह कर रहा है। निजीकरण हुआ तो प्रदेश में बिजली विभाग के 68000 कर्मचारियों के पदों की छटनी करके इन्हें समाप्त कर दिया जाएगा।

संघर्ष समिति के संयोजक विवेक सिंह, शाखा सचिव गगन अग्निहोत्री के साथ पीयूष मौर्य, आनंदपाल सिंह, शशिव, जितेंद्र कुमार व नवल किशोर ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की अरबों, खरबों की विद्युत वितरण कंपनियों की संपत्तियों को कौड़ियों के भाव बेचा जा रहा है। पावर कॉरपोरेशन कह रहा है कि निजीकरण नहीं हो रहा है, यह मात्र निजी क्षेत्र की भागीदारी है जो कि सरासर गलत है। बड़ी संख्या में कर्मचारी ऐसे हैं जो निजी कंपनियों की नौकरी छोड़कर पावर कारपोरेशन में आए हैं, अब उन्हें निजी कंपनियों में भेजा जाना एक मजाक है। बीआरएस की जो बात है वह कतई उचित नहीं है। बीआरएस के सहारे कर्मचारियों के परिवार का पालन पोषण किस तरह से होगा, यह बड़ी समस्या है।

# उछल कूद करते लैपर्ड के दीदार हुए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। इटावा सफारी पार्क में अब पर्यटकों को खुले में उछल कूद करते लैपर्ड के दीदार होने लगे हैं। अभी दो लैपर्ड खुले में उछल कूद कर रहे हैं। अब इनकी संख्या बढ़ेगी। इस बीच प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने इटावा सफारी पार्क का निरीक्षण किया और सफारी का विस्तार करने तथा पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा।

पार्कमें अभी बंद पिंजड़ों में लैपर्ड के दीदार कराए जा रहे थे लेकिन अब पर्यटकों को दो लैपर्ड खुले में उछल कूद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले इन लैपर्ड को रिहर्सल कराया गया था और फिर पहले चरण में दो लैपर्ड के दीदार कराए जा रहे हैं। बाद में दो और लैपर्ड के दीदार कराए जाने की तैयारी चल रही है। इससे पर्यटकों का सफारी के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।



इटावा सफारी पार्क में निरीक्षण करते प्रमुख वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव।

इस बीच प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने इटावा सफारी पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने सफारी के वन्यजीवों की सेहत के बारे में जानकारी हासिल की और इन सभी को सेहतमंद रखने के लिए कहा। उन्होंने सफारी के अधिकारियों से कहा कि सफारी का विस्तार करके इसका आकर्षण बढ़ाएं जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सके। सफारी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने तो स्वाभाविक रूप से यहां पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होगा। डायरेक्टर अनिल पटेल, डिप्टी डायरेक्टर विनय सिंह, डीएफओ अतुल कांत शुक्ला, रेंज आफीसर रुपेश श्रीवास्तव, डा राबिन यादव मौजूद रहे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव सफारी के डायरेक्टर भी रह चुके हैं।

## सार-संक्षेप

### बार काउंसिल ने वकीलों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों का ब्योरा मांगा

**इटावा**। यूपी बार काउंसिल के निर्देश पर जिला बार एसोशिएशन के अध्यक्ष ने जिले के वकीलों को पत्र लिखकर उनसे खिलाफ दर्ज आपराधिक दर्ज मामलों का विवरण मांगा है। इस सम्बंध में यूपी बार काउंसिल ने जिला जज, जिला अधिकारी व एसएसपी को भी पत्र लिखा है। जिला बार एसोशिएसन के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह गौर ने बताया कि यूपी बार काउंसिल ने सभी जिले के बार अध्यक्षों को पत्र लिखकर जिलों में प्रैक्टिस कर रहे वकीलों के खिलाफ आपराधिक दर्ज मामलों का विवरण मांगा है। इस सम्बंध में उन्होंने जिले के सभी वकीलों को पत्र लिखा है। यदि किसी के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज है तो वह अपना विवरण दे दें। जिसे यूपी बार काउसिंल को भेजा जा सके। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में यूपी बार काउंसिल ने जिलों के जिला जज, जिला अधिकारी व एसएसपी को भी पत्र लिखा है। बेरीफिकेशन का काम पूरे प्रदेश में चल रहा है।

### नहर पटरी पर गुमटी रखे जाने की शिकायत

**बकेवर** । लखना भोगनीपुर नहर पुल से लेकर पुराना नहर पुल पार तक स्थानीय लोगों ने अपने घरों के सामने खोखा, पेटी, पक्का निर्माण करा लिया है। कब्जे की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। अवर अभियंता ने तीन दिन में पटरी खाली करने के संबंध में बात की। कब्जा जमाए दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। भोगनीपुर नहर की सफाई का काम भी धड़ल्ले से चल रहा है। इसके अलावा झाल पुल से लेकर नया नहर पुल तक साफ सफाई का कार्य पौकलैंड व जेसीबी से किया जाना है। अवर अभियन्ता ने स्थलीय निरीक्षण के बाद तीन दिन में हटाने के निर्देश भी दुकानदारों को दिये हैं। अब इन दुकानों के हटने से नहर की साफ सफाई तो हो ही जाएगी। इन दुकनदारों की रोजी रोटी भी छिन जाएगी। इस स्थित में खोखा रखे दुकानदार जीतू कुशवाहा, सुनील शर्मा, छंगे कुशवाहा, अनिल, बृजनंदन भोजवाल ने अस्थाई गुमटियों को राहत दिये जाने की मांग की है।

### बाइक टकराने से पति- पत्नी सहित तीन घायल

**इकदिल** । आगरा- कानपुर नेशनल हाईवे पर महावीर नगर के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पैदल चल रहा युवक भी बाइक के चपेट में आने से घायल हो गया। हादसे में बाइक सवार पति- पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के विकास कॉलोनी के रहने वाले गोविंद शुक्ला अपनी पत्नी रीता देवी के साथ शुक्रवार दोपहर को बाइक से औरैया की तरफ जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक अनियंत्रित होकर नई बस्ती के रहने वाले लाइक (35) पुत्र हनीश जो मस्जिद में नबाज पढ़कर हाइवे पर कर रहा वह भी बाइक के चपेट में आकर घायल हो गया। बाइक गिरने से पति पत्नी भी घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया।

### किसान जागरूक पदयात्रा निकाली

**संवाददाता ऊसराहार**। ऊसराहार थाना क्षेत्र के ताखा विकास खंड स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेताओं ने किसान जागरूक पदयात्रा का निकाल कर किसानों को जागरूक किया । ग्राम पंचायत केशोपुर, ग्राम पंचायत पुंजा बकौली, खिरिया, न हरचंदी, रौरा आदि ग्राम व पंचायत क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों का हो रहे शोषण को लेकर जागरूक किया। जिलाध्यक्ष संजीव यादव ने कहा कि किसानों पर हो रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान जागरूकता पद यात्रा के मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ताखा तहसील अध्यक्ष संदीप कुमार लालू, तहसील प्रवक्ता नरेंद्र सिंह शीलू, तहसील संरक्षक रामजीवन, तहसील उपाध्यक्ष आलोक यादव, तहसील उपाध्यक्ष कुलदीप यादव, अवनीश कुमार, राजीव कुमार, नरेंद्र यादव, शीलू यादव, राजेंद्र सिंह, मोनू शुक्ला, सुभाष चंद्र, मोनू कठेरिया मौजूद रहे।

### बैंक खाते से निकल गये बीस हजार

**भरथना, इटावा**। खाताधारक के बैंक खाते से 20 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी होते ही उसके होश उड़ गये। पीड़ित ने शाखा प्रबन्धक समेत भरथना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगायी है। भरथना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला आशाराम (वेटियापुर) निवासी प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि भरथना की भारतीय स्टेट बैंक शाखा सरोजनी रोड के शाखा में उसके खाता संचालित है । उसकी गैरमौजूदगी में विगत दिवस 13 नवम्बर को खाते से 20 हजार रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकासी फार्म भरकर निकाल लिये गये हैं। जिसकी जानकारी पीड़ित को उसके द्वारा मोबाइल पर ऑनलाइन बैंलेंस चैक करने पर हो सकी। खाताधारक ने शाखा प्रबन्धक व कोतवाली पुलिस को सौंपे प्रार्थना पत्र में कार्यवाही की गुहार लगायी है।

### पंजीकरण 34 का, स्कूल बस में लगीं सिर्फ 60 सीटें

**सैफई, इटावा**। स्कूली बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्कूलों में पुरानी बसें लगा कर बस मालिक मोटी रकम कमा रहे हैं। एक बस में 34 सीट होनी चाहिए लेकिन 60 सीट लगाई गई है। उस बस की एआरटीओ कार्यालय में फिटनेस भी की गई। पूरा मामला जसवंतनगर के केस्त गांव हाईवे पर स्थित एक स्कूल में बस बच्चों को लाने ले जाने में लगी है। जिसका पंजीकरण 34 सीटों का है, जब कि उसमें वर्तमान में 60 सीटें लगी हुई हैं। यह बस 15 वर्ष से अधिक की हो गयी है।



शान्ति देवी इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करती हुई पुलिस टीम।

### कोई परेशान करे तो हेल्पलाइन नंबर पर दें सूचना

**जसवंतनगर**। मिशन शक्ति के तहत शुक्रवार को शान्ति देवी इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को उनके अधिकारों और सरकार की ओर से महिला सुरक्षा को लेकर दी गई। क्राइम निरीक्षक नागेन्द्र मिश्रा और महिला आरक्षी विनीता शिवहरे ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी परेशान करे तो बेहिचक वह हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दे सकती हैं। उनका नाम व पहचान गुप्त रखा जाएगा। एंटी रोमियो को देख रही विनीता ने मिशन शक्ति के महिला सुरक्षा के लिए बने कानून और सुविधाओं की जानकारी छात्राओं को दी। मिशन शक्ति तथा हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112, 1098, 1076 एवं 1930 की जानकारी देते हुए उन्हें उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया । इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डरा प्रतीक यादव मौजूद रहे।

# क्षमतावान लोगों को पार्टी से जोड़ें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● संगठन चुनाव को लेकर कार्यशाला का किया आयोजन

**अमृत विचार**। भाजपा जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने कहा है कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए क्षमतावान और विचारवान लोगों को लाना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक सदयस्ता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भाजपा की चुनाव संबंधी कार्यशाला में उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया केवल उन्हीं मंडलों में शुरू की जा सकेंगी जहां कम से कम 50 प्रतिशत बूथ समितियों का गठन पूर्ण हो चुका होगा। जिन मंडलों में 50 प्रतिशत बूथों का गठन संभव नहीं होगा वहां अस्थायी समितियों का गठन किया जाएगा और वहां बूथ एवं मण्डल का गठन का कार्य नए जिलाध्यक्ष करेंगे।

चुनाव अधिकारी ने कहा कि मण्डल अध्यक्ष के लिए कम से कम दो बूथ अध्यक्षों द्वारा नाम प्रस्तावित व अनुमोदित होना व आवेदन करने वाले कार्यकर्ता का दो बार सक्रिय सदस्य होना भी अनिवार्य होगा। एक व दो दिसम्बर को मंडल स्तर पर बैठक का बूथ समिति का सत्यापन किया जाएगा तथा 5 दिसम्बर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं को संविधान के प्रति जागरूक करना और भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य करना हमारी प्राथमिकता होगी। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने पार्टी संगठन को और भी मजबूत बनाने पर जोर दिया। जिला सदस्यता अभियान प्रमुख डॉ रमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ढाई करोड़ व जनपद में 1.70 लाख से अधिक सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का काम भाजपा जैसा कार्यकर्ता आधारित संगठन ही कर सकता है। संचालन जिला सह-चुनाव अधिकारी व जिला मंत्री राहुल राजपूत ने किया। पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व प्रत्याशी जसवंतनगर विवेक शाक्य, जिला सह-सदस्यता प्रमुख व जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल रहे।




बैठक को संबोधित करते भाजपा चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी । अमृत विचार

# सिलिंडर के उपयोग के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। लक्ष्मी गैस एजेंसी की ओर से भव्य कार्यक्रम में इंडेन एलपीजी सिलिंडर प्रयोग से संबंधित सुरक्षा क्लीनिक शीतला प्रसाद शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज इटावा में आयोजित हुआ। इस दौरान एलपीजी सिलिंडर प्रयोग में सेफ्टी से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें सर्वप्रथम लक्ष्मी गैस एजेंसी इंडेन के प्रबंधक तरन पाल सिंह कालरा व कौशल कुमार द्वारा एलपीजी इंडेन गैस सिलिंडर के इस्तेमाल में सेफ्टी से संबंधित बिंदुओं पर छात्राओं को सेफ्टी से संबंधित जानकारियां दी गईं। आगरा इंडेन कार्यालय प्रमुख रमेश कुमार ने राधा, अनन्या, प्रियांकी, इबरा, वैष्णवी सैनी, जारानाज, कशिश पुत्री मु.इसरत, कशिश पुत्री कृष्णगोपाल, शुभी, दीप्ती जैन, सुहानी यादव, सुहालियानाज व कामिनी को सही उत्तर देने पर उत्साह वर्धन करते हुए सम्मान स्वरूप पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि डिवीज़िनल एलपीजी सेल्स हेड रमेश कुमार ने बताया कि सुरक्षा जीवन में प्रमुखता पर होनी चाहिए, आपकी सुरक्षा आपके काम करने के तरीकों और आपकी जानकारी पर निर्भर करती है, यदि आप सुरक्षा की आदत अपने जीवन में उतार लेते हैं तो आप सुरक्षित रहेंगी और अन्य परिवारों को भी सुरक्षित रख सकती हैं। इटावा क्षेत्र के सेल्स ऑफिसर कौशल कुमार ने बहुत विस्तार पूर्वक इंडेन एलपीजी सिलिंडर प्रयोग में सुरक्षा संबंधी विषयों पर प्रकाश डाला। लक्ष्मी गैस एजेंसी इंडेन के प्रबंधक तरन पाल सिंह कालरा की तरफ़ से गिफ्ट वितरण एवं कार्यक्रम आयोजित करने का प्रबंध किया गया। अंत में विद्यालय परिवार की अनामिका वर्मा, आसिन्धु कुमारी, रीता कुमारी, अर्चना गौतम रहीं।

# निगमों को निजीकरण के विरोध में चार को प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● किसान सभा ने सरकार के फैसले को चालाकी भरा बताया

**अमृत विचार**। उप्र किसान सभा ने बिजली के निजीकरण के निर्णय को जनविरोधी और कारपोरेट्स मुनाफों को बढाने वाला बताते हुए इसके खिलाफ चार दिसंबर को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

किसान सभा के महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि पावर कारपोरेशन के घाटे के कारण निजीकरण की दलीलें बेबुनियाद और जनता की आंखों में धूल झोंकनें वाली हैं। ये कदम अडानी, अम्बानी, टोरेंट जैसे कारपोरेट्स कम्पनियों के पक्ष में है, सरकार इसके प्रयास कई वर्षों से करती आ रही है ,जो बिजली कर्मचारियों किसान-मजदूरों के कड़े विरोध के कारण फलीभूत नहीं हो सके । अब ट्रिपल पी के बहाने प्रथम चरण में दक्षिणांचल और पूर्वांचल विद्युत निगमों को पूंजीपतियों को सौंपकर बिजली निजीकरण के काम को चालाकी से आगे बढ़ा रही है।

मुकुट सिंह ने आगे कहा कि जहां तक बिजली के बकाया का प्रश्न है वर्ष 2023-24 तक 1 लाख 10 हजार करोड़ बकाया बताया जा रहा है। बिजली बिलों का बकाया 1,15,825 करोड़ है जिसका बड़ा हिस्सा सरकारी दफ्तरों , इंडस्ट्रीज, पुलिस विभाग आदि पर है इसे वसूल लिया जाये तो भी 5825 करोड़ फायदे में बिजली निगम रहेंगे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विद्युत नियामक आयोग के अनुसार पहले से ही 34 हजार करोड़ रुपया उपभोक्ताओं का निगमों पर निकलता है जो उपभोक्ताओं को नहीं दिया जा रहा है।

**दिखाई प्रतिभा** सैफई में प्राथमिक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा की शुरुआत हुई

# स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का निवास : नबाव वर्मा

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार**। बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वावधान में विकास खंड सैफई में आयोजित ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने किया। प्राथमिक स्तर पर 50 मी दौड़ प्रतियोगिता में लव कुश उझियानी से प्रथम स्थान, स्वाति कुम्हावर द्वितीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ में दीपक उझियानी प्रथम एवं शिवानी लाडमपुर से द्वितीय रही। 200 मीटर दौड़ में महेंद्र कुम्हावर प्रथम, गौरी कुम्हावर द्वितीय रहीं। 400 मीटर की दौड़ में अनुज लाड़मपुर से प्रथम, गौरी कुम्हावर द्वितीय रही।

उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर की दौड़ में अरुण सिंह मोहटी प्रथम एवं वैष्णवी नगला सुभान द्वितीय रहीं। 200 मीटर की दौड़ में सागर सैफई प्रथम, रागिनी महोला द्वितीय रही। 400 मीटर की दौड़ में अरुण मोहटी प्रथम, श्रुति सिंह नगला सुभान द्वितीय रहीं। 600 मीटर की दौड़ में अरुण मोहटी प्रथम, रागिनी महोला द्वितीय रहीं।



खेल प्रतियोगिता में विजेता छात्र- छात्राओं के साथ बीईओ नवाब सिंह वर्मा।

उच्च प्राथमिक स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में हरदोई की टीम विजेता रही तथा नगला सुभान की टीम उपविजेता रही । इसी प्रकार बालिका वर्ग में कुइया और महोला की टीम विजेता रही और हरदोई की टीम उपविजेता रही। प्राथमिक स्तर पर हुई कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग से कुइया की टीम विजेता एवं हरदोई की टीम उपविजेता रही बालिका वर्ग में कुम्हावर की टीम विजेता झिंगुपुर की टीम उपविजेता रही खो-खो प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक स्तर पर हरदोई की टीम विजेता रही एवं सैफई की टीम उपविजेता रही।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में लाड़मपुर की टीम विजेता रही। हरदोई की टीम उपविजेता रही। समापन के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने कहा स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। खेलकूद एवं क्रीडा प्रतियोगिता यतेंद्र कुमार ब्लॉक पीटीआई के निर्देशन में हुई। शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नबाब वर्मा व रामजन्म सिंह , गौरव पाठक जिला व्यायाम शिक्षक एवं प्रमिला पाठक ने किया। निर्णायकों की भूमिका शिप्रा सिंह, संजीव कुमार, प्रदीप सिंह , राहुल कुमार मुकेश कुमार ,विकास यादव, कमलेश कांत ने निभाई। विपिन पाल सिंह, प्रद्युम्न यादव, अनिल यादव , जितेंद्र कुमार, दुर्वेश यादव, अनुपम कौशल आदि रहे।

# 15 दिन में लोन के आवेदनों को निस्तारित करें बैंक

कार्यालय संवाददाता, औरैया


कलक्ट्रेट सभागार बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं विशेष जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक में कार्यों की समीक्षा की। सभी संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास करते हुए अपने-अपने बैंक शाखाओं का ऋण जमा अनुपात (सीडी रेशियो) प्रदेश स्तर के ऋण जमा अनुपात के बराबर करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी शाखा प्रबंधक स्वयं समीक्षा करें, जिससे कार्य करते हुए प्रगति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने एलडीएम (अग्रणी जिला प्रबंधक) राजीव सिंह को निर्देशित किया कि वह भी इस पर सतत नजर बनाए रखें। इससे प्रगति के साथ ऋण जमा अनुपात लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण हो सकें। उन्होंने बैंकवार ऋण जमा अनुपात की वर्तमान स्थिति को देखते हुए अप्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह बहुत ही खेद जनक है इसमें हर संभव प्रयास करके प्रगति की जाए अन्यथा की स्थिति में प्रगति न करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विभागवार जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन कर्ताओं के लंबित ऋण आवेदन पत्रों की समीक्षा में पाया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के 10 आवेदन पत्र, एक जनपद एक योजना के 06 आवेदन पत्र, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के 22 आवेदन पत्र, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के 10 आवेदन पत्र, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 21 ऋण आवेदन पत्र, एन आर एल एम योजना के 159 आवेदन पत्र लिंकेज हेतु लंबित, इसी प्रकार मत्स्य विभाग की योजनाओं के 76 ऋण आवेदन पत्र बैंक शाखाओं में लंबित पाए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित शाखा प्रबंधक अपनी-अपनी शाखाओं में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लंबित ऋण आवेदन पत्रों को आगामी 15 दिन में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की बैंकवार प्रेषित वसूली हेतु आर सी की सूची भी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए ताकि संबंधित द्वारा आर सी वसूली सुनिश्चित हो सके। उन्होंने एल डी एम (अग्रणी जिला प्रबंधक) को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि बैठक में सभी संबंधित शाखा प्रबंधक प्रतिभाग करें जिससे शाखा की प्रगति समीक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि बैठक की सूचना के उपरांत भी यदि किसी अधिकारी या शाखा प्रबंधक द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया जाता है तो उसके विरुद्ध उच्च अधिकारियों को पत्राचार करें। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी भानु प्रताप सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बाल गोविन्द तिवारी सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


समाज सेवी ने जरूरतमंदों को बांटे सर्दी के वस्त्र। अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर याद किये गए प्रताप सिंह यादव

**बिधूना, औरैया।** कीर्ति कुन्ज शिव मन्दिर भैंसलोट में समाजसेवी एवं पूर्व शिक्षक प्रताप सिंह यादव की पुण्य स्मृति में शुक्रवार को जहां उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया वहीं क्षेत्र के गरीब लोगों को सर्दी के वस्त्र प्रदान किए गए। सर्दी के इस मौसम में स्वेटर आदि पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर स्व. प्रताप सिंह के पुत्र एवं शिक्षक केके यादव ने अपने पिता के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजसेवी एवं ब्राइट मांइड स्कूल के प्रबंधक अनिल यादव ने स्व. प्रताप सिंह यादव की याद में प्रतिवर्ष गरीब बेसहारा असहाय लोगों की मदद किये जाने के इस पुण्य कार्य के लिए केके यादव की सराहना की। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध यादव मन्त्री विवेक वाजपेयी, तारा सिंह यादव, संजय सेंगर, हरनारायण सिंह, अन्जू देवी, एकता यादव, अर्चना, अलिका, रेनू देवी, दीपक कुमार, अशोक भास्कर, प्रमोद भास्कर, मुकेश यादव, प्रवीण चौहान, मोहित सेंगर, सोमदत्त, अनिल यादव, प्रिया, शरद, गपलू यादव आदि शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहे।

### महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने अपने घर के कमरे की छत के कुंडे में दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बच्चों ने जब मां को लटका देखा तो चीखने लगे, आवाज सुनकर पहुंचे परिजनों ने महिला को फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के गांव भैंसोल निवासी सोनू प्रजापति गुड़गांव के मानेसर में एक कपड़ा फैक्ट्री में मजदूरी करता है। उसकी 30 वर्षीय पत्नी मीनू और बच्चे गांव में ही अलग घर में रहते हैं। गुरुवार रात बच्चों के सोने के बाद मीनू ने कमरे की छत में लगे पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। रात में उसके दो वर्षीय पुत्र देव के रोने से पास में सोई सात वर्षीय पुत्री आशिकी की आंख खुली तो देखा कि उसकी मां फंदे पर लटकी हुई है। जिस पर बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर परिजन वहां पहुंच गए। तमाम ग्रामीणों की भी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अमित कुमार ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने घटना की जानकारी ली और विधिक कार्रवाई की। मृतका के पति ने बताया कि वह दीपावली पर गांव आया था और बीती 17 नवंबर को ही गुड़गांव वापस गया था।


टीबी चैम्पियंस को प्रशिक्षण देते चिकित्सक। अमृत विचार

### रोगियों को जागरूक करेंगे टीबी चैंपियंस

**अयाना, औरैया।** क्षय रोग खतरनाक है। दवा की डोज बीच में छोड़ने से बीमारी बढ़ जाती है। टीबी को जो हरा चुके हैं वह चैंपियन हैं। यही चैंपियन अब क्षय रोगियों और उनके परिवार को दवा के प्रति जागरूक करेंगे। शुक्रवार को सीएचसी अयाना में टीबी चैंपियंस को प्रशिक्षण दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को टीबी को पूर्ण रूप से हरा देने वालों को इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के तहत वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स संस्था द्वारा टीबी सर्वाइवर्स का प्रशिक्षण दिया गया। अधीक्षक ने बताया कि टीबी चैंपीयन वह हैं जो अपने उपचार के दौरान सजग रहे हैं। नियमित दवा ली है और नियमित जांच कराई है। अब यह टीबी चैंपियन अन्य सभी क्षय रोगियों को टीबी उपचार, नियमित दवा व नियमित जांच के बारे में संपूर्ण जानकारी देंगे। बताएंगे कि टीबी रोग से घबराएं नहीं, उपचार पूरी तरह संभव है। चैंपियन यह भी बताएंगे कि कैसे नियमित दवा के सेवन, नियमित जांच से उन्होंने टीबी को मात दी है।



शैक्षिक भ्रमण के लिए जाते विद्यार्थी। अमृत विचार

### शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में होती है ज्ञान की वृद्धि

**अजीतमल, औरैया।** शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य तो बढ़ता ही है। उनके ज्ञान में भी वृद्धि होती है। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने कही। परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए इटावा स्थित कृषि विश्व विद्यालय, बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ले जाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जूनियर हाईस्कूल के छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर लाया गया है। शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक, तार्किक, बौद्धिक विकास होता है। सद्भावना और कुछ बा जाने के लिए प्रेरणा मिलती है। विज्ञान और कृषि से सबंधित जानकारी लेकर सृजनात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है। पर्यावरण को लेकर जागरूकता आती है। शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों में उत्सुकता और जिज्ञासा दिखाई पडी। अधिगम के लिए शैक्षिक भ्रमण बहुत ही लाभदायक है। इस दौरान एआरपी अमित पोरवाल, अनुराग शर्मा, शिक्षक मीना सेंगर, सीमा राजपूत, राघवेन्द्र राजपूत, गोपालजी मिश्र बच्चों के साथ रहे।

## एक नजर

### बेशकीमती भूमि की नहीं हो सकी नाप जोख

**औरैया।** फफूंद रोड आदर्श इंटर कालेज के सामने नगर पंचायत की साढ़े तीन बीघा बेश कीमती भूमि और आदर्श इंटर कालेज की भूमि की नाप जोख शुक्रवार को भी नहीं हो सकी। बिना पुलिस फोर्स के राजस्व टीम करने आई लेकिन नाप सही न करने का विरोध कालेज व्यवस्थापक ने किया। विवाद बढ़ता देख टीम मौके से चली गई। नगर पंचायत ईओ भी मौजूद नहीं रहे। नगर पंचायत सभासद नूरजहां खान ने बताया कि नगर पंचायत की वेश कीमती जगह पर अवैध तरीके से रातों रात सीमेंटेड पटरा की दीवार बनाकर कब्जा करने की शिकायत की थी। जब टीम मौके पर नाप जोख के लिए पहुंची तब मुझे फोन किया लेकिन मैं दिल्ली में होने के कारण उपस्थित नहीं रही। विवादित जगह पर जो नाप जोख हुई है, वहां पर अधिशासी अधिकारी भी मौजूद नहीं रहे। इधर राजस्व टीम में नायब तहसीलदार अशोक कुमार, कानूनगो जगदेव, लेखपाल सतेंद्र यादव, लेखपाल अजीत यादव, लेखपाल अवनीश यादव ने रेलवे क्रासिंग के मध्य से नाप जोख शुरू की जो फफूंद रोड कालेज के सामने नगरिया तक हुई। विरोध के बाद टीम लौट गई। गौरतलब है कि कई दिनों से इसमें नपती नहीं हो पा रही है।

### प्रधानाचार्य परिषद का धरना 5 को

**औरैया।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद द्वारा 13 सूत्रीय प्रमुख मांगों एवं स्थानीय समस्याओं लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 5 दिसंबर को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ककोर में आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रमुख मांगे तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण व वेतन भुगतान से संबंधित प्रक्रिया में अन्य जनपदों की भांति तेजी लायी जाये एवं द एरियर के लिए शेष विद्यालयों का भुगतान उपलब्ध ग्रांट के माध्यम से तत्काल सुनिश्चित कराया जाये, वेतन भुगतान समय से महीने के प्रथम सप्ताह में सुनिश्चित कराया जाये। यह जानकारी उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने दी।

### फर्नीचर शोरूम से चोरी

**अजीतमल, औरैया।** क्षेत्र के निगडा गांव निवासी तहसीलदार पास में ही पुरवा महासुख गांव के पास मोड पर फर्नीचर की दुकान किये है। बीते 19 नवम्बर को उसकी दुकान से इंडशन, प्रेसर कुकर, कुर्सियां चोरी हो गईं। जानकारी करने पर क्षेत्र के बाकरपुर गांव निवासी लोकेंद्र सिंह ने चोरी किये जाने की बात सामने आई। इस पर पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर लोकेंद्र सिंह के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

# हटवाया अतिक्रमण, बनेगा साढ़े 7 एकड़ में स्टेडियम

## जिलाधिकारी, नगर पंचायत चेयरमैन ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत दिबियापुर को स्टेडियम निर्माण के लिए सेहुद ग्राम पंचायत क्षेत्र में पॉलिटेक्निक के निकट दी गई जमीन राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की कारवाई की। नगर पंचायत जल्द यहां स्टेडियम का निर्माण शुरू कराएगी। इससे पहले गुरुवार देर शाम को जिलाधिकारी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी ने आवंटित जमीन का निरीक्षण किया था।


आवंटित जमीन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व चेयरमैन राघव मिश्रा आदि।

बता दें कि जिला प्रशासन ने राजकीय पॉलिटेक्निक के निकट जमौली मार्ग पर साढ़े सात एकड़ जमीन नगर पंचायत दिबियापुर को स्टेडियम निर्माण के लिए आवंटित की है। इस सरकारी जमीन पर पिछले काफी समय से कुछ स्थानीय लोग खेती-बाड़ी करते आ रहे थे। मौजूदा समय में भी लोगों ने फसलें बो दी थीं। गुरुवार देर शाम जिलाधिकारी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी ,नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्र के साथ स्टेडियम की जमीन देखने के लिए मौके पर पहुंचे।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को तत्काल जमीन का माप कराकर सीमांकन कराके नगर पंचायत को हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद शुक्रवार सुबह राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा बेदखल कराते हुए जमीन का सीमांकन कराना शुरू किया। राजस्व कर्मियों के साथ इस काम में नगर पंचायत की टीम भी लगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि जल्द स्टेडियम निर्माण का कार्य शुरू कराया जाएगा।

# माता-पिता की सेवा कर गणेश हुए प्रथम पूजनीय

संवाददाता ककोर, औरैया


आचार्य सुशील महाराज।

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर के रामकृष्ण नगर में हो रही गणेश पुराण कथा में आचार्य सुशील महाराज ने बताया पार्वती मैया के बेटे गणेश माता-पिता की सेवा करके पूरे ब्रह्मांड में प्रथम पूज्यनीय हो गए। कथा के प्रसंग में प्रथु गणेश की लीला को विस्तार से बताया, परीक्षित सुशीला देवी तथा दिनेश चंद्र को कथा सुनाते हुए कहा कि विश्व में संपूर्ण ब्रह्मांड में गणेश प्रभु ने अपने माता और पिता शिव पार्वती को ही सब कुछ मान लिया था। क्योंकि प्रथम पूजा किसकी की जाए इस पर चर्चा हो रही थी तो सुझाव दिया गया जो पहले ब्रह्मांड की परिक्रमा करके वापस लौट आएगा। उसी को प्रथम पूज्य का अधिकार मिलेगा। सभी देव अपने-अपने वाहन के द्वारा ब्रह्मांड की परिक्रमा करने लगे। लेकिन प्रभु गणेश का वाहन चूहा होने के कारण परिक्रमा से रहित था। प्रभु गणेश ने चूहे पर बैठकर माता-पिता की चारों ओर साथ चक्कर लगा लिया और बैठ गए। जब सभी देव संपूर्ण ब्रह्मांड का चक्कर लगाकर लौटे तो गणेश को बैठा पाया। बाद में निर्णय हुआ कि ब्रह्मांड में पिता से ऊंचा स्थान किसी का नहीं है और माता पृथ्वी से बड़ी है इसलिए प्रथम पूज्य का अधिकार प्रभु गणेश को ही मिलेगा। तब से लेकर आज तक संपूर्ण ब्रह्मांड में प्रथम पूजा गणेश जी की हो रही है। माता-पिता की सेवा करने वाले को हर जगह हर स्थान पर सम्मान मिलता है।

अचार्य सुशील महाराज ने कहा गणेश चतुर्दशी व्रत करने से घर परिवार में आ रही विपदा दूर हो जाती हैं। कई दिनों से रुके हुए मांगलिक कार्य पूर्ण हो जाते हैं। किसी भी माह की चतुर्दशी के दिन गणेश प्रभु की पूजा की जा सकती है।

# लेट रहीं अप-डाउन की ट्रेनें, यात्री हुए परेशान

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** ट्रेनों में सर्दी का आलम अभी से असर दिखा रहा है। जहां अप व डाउन की ट्रेन कई घंटे लेट हो रही हैं। वहीं यात्रियों को इंतजार करते-करते भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिबियापुर के फफूंद स्टेशन पर रोजाना हजारों की तादाद में यात्रियों का आवागमन होता है। उसके बाद भी ट्रेन सुचारू रूप से नहीं पहुंच रही हैं, और लोगों को एक-एक ट्रेन के लिए कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। आज भी इटावा वाली मेमू 40 मिनट की देरी से पहुंची। वहीं गोमती एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 90 मिनट की देरी से स्टेशन पहुंची। जहां यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। शिकोहाबाद मेमू 30 मिनट की देरी से ऊंचाहार एक्सप्रेस रात में 9:10 का समय है और वह 11:00 के बाद सर्दी के समय में पहुंची है। जो अपने नियत समय से डेढ़ घंटे से अधिक देरी से चल रही है। अप व डाउन अवध एक्सप्रेस भी 90 मिनट से अधिक की देरी से चल रही है। इसके साथ ही नेताजी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 10 मिनट की देरी से स्टेशन पहुंची। इससे यात्रियों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। वहीं कानपुर जाने के लिए नेताजी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंचने के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। दिल्ली महानंदा एक्सप्रेस भी निर्धारित समय से 2 घंटे की देरी से चली।

# लगा जाम, आउटर पर खड़ी रही ट्रेन

संवाददाता अछल्दा, औरैया


क्रासिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली- हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों के अधिक दबाव के चलते रेलवे स्टेशन की क्रॉसिंग समय पर न खुलने पर शुक्रवार को दिन में जाम लगा। एक घन्टे क्रासिंग बन्द होने के बाद बूम खुलने पर वाहनों का निकलना शुरू हो गया। लगातार वाहन निकलने से बूम बंद न होने पर जम्मूतवी एक्सप्रेस आउटर सिंग्नल पर 3:41 से 10 मिनट तक खड़ी रही। रेलवे पुलिस ने वाहनों को आगे पीछे कर बूम बंद करा कर ट्रेन को गंतव्य को रवाना किया। इससे पहले हरींगज बाजार फफूंद रोड़ पर गलत साइड पर पुलिस की जीप लगने पर जाम लगा रहा।

कस्बा के बिधूना-फफूंद मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग 13 बी पर सुबह से रात तक जाम के चलते राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। सुबह 6:30 बजे से 1 घन्टे तक क्रासिंग बंद रही। अपराह्न क्रासिंग का 50 मिनट बूम बंद होने के चलते बूम खुलने पर वाहन निकल रहे थे। इसी बीच थाना की पुलिस जीप जो फफूंद मार्ग पर जा रही थी गलत साइड में लगा देने से जाम लगा रहा। 3 बजे से बंद क्रासिंग का बूम 3:32 पर गेटमैन ने खोला तो रेलवे ट्रेक बीच वाहनों का लंबा जाम लग गया। बूम बंद न होने पर 3:41 पर आउटर सिंग्नल पर 10 मिनट तक जम्मूतवी एक्सप्रेस खड़ी रही बूम बन्द होने पर 3:51 पर एक्सप्रेस गंतव्य को रवाना हुई। दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। रेलवे ट्रेक बीच जाम लगा पुलिस जाम खुलवाने में दिखी। फफूंद रोड हरींगज बाजार, स्टेशन थाना रोड नहर बाजार तक वाहनों को दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।

**किया नमन** भारत प्रेरणा मंच के तत्वावधान में प्रथम स्वाधीनता संग्राम के 18 बलिदानियों को किया याद

# बलिदानियों की याद में शहीद स्मारक पर जलाए दीये

कार्यालय संवाददाता, औरैया


शहीद स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलित करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत प्रेरणा मंच के तत्वावधान में शुक्रवार को देवकली मंदिर के निकट स्थित स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर बलिदानियों को याद किया गया। आन्दम घाम आश्रम में कैप्टन निर्भय सिंह गुर्जर की अध्यक्षता और रमन पोरवाल, धुन्ना श्रीवास्तव, अर्पित दुबे के आतिथ्य में एक सभा भी आयोजित की गयी। जिसमें संस्था के अध्यक्ष कवि अजय अंजाम ने कविताओं के माध्यम से बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी आये हुए गणमान्यों का अंकित तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कैप्टन वीडी यादव, कुंवर सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह सेंगर, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, केके चर्तुवेदी, लाली वर्मा, अजय गुप्ता, कपिल गुप्ता, आशीष चौबे, कवि गोपाल पांडे, विशाल दुबे समेत अनेक गणमान्य जन मौजूद रहें।

संस्था के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि प्रथम स्वाधीनता संग्राम में 24-25 जून 1857 को जनपद औरैया के रणबाकुंरों ने अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध जंग का खुला ऐलान करते हुए औरैया और बेला तहसील पर हमला कर दोनों तहसीलों को अंग्रेजी शासन से स्वतंत्र करा लिया। लगभग 6 महीने तक औरैया में अंग्रेजी शासन से स्वतंत्र रहकर स्वदेशी सत्ता का सुख भोगा। इस बीच अंग्रेजों ने औरैया पर पुनः सत्ता स्थापित करने के कई प्रयास किये। लेकिन उनके सभी प्रयास क्रान्तिकारी सेना द्वारा विफल कर दिये गये। अन्त में मजबूर होकर तत्कालीन इटावा के कलेक्टर एओ ह्यूम ने आगरा ग्वालियर से अतिरिक्त सैन्यबल मंगाकर और प्रतापनेर के कुंवर जोर सिंह लखना के ईश्वरचन्द्र और जसवन्त राव को साथ लेकर 28 नवम्बर 1857 को देवकली मन्दिर में शरण लिये क्रान्तिकारी सेना पर हमला कर दिया। क्रान्तिकारी सेना भी खानपुर के राम प्रसाद पाठक के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध में डटी रही। जैसे ही फिरंगी सेना की देवकली मन्दिर पर हमले की खबर चारों ओर फैली। वैसे ही भरेह के कुंवर रूप सिंह चकरनगर के राजा निरंजन सिंह भदेख के राजा परीक्षत और सिकंदरा के राजा अपने अपने सैन्यबल के साथ देवकली मन्दिर क्षेत्र में अंग्रेजी सेना के विरुद्ध युद्ध में आ डटे। दिन भर भयंकर युद्ध चला। क्रान्तिकारी सेना ने चार अंग्रेज अफसरों सहित उनके कई सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। हार का स्वाद चखकर अंग्रेजी सेना शाम को औरैया की तरफ हटकर आ गयी। जबकि क्रान्तिकारी सेना मन्दिर प्रांगण में ही रुकी रही। 29 नवम्बर 1857 को प्रातः अंग्रेजों ने विशाल सेना के साथ अपनी नयी रणनीति के तहत सेना को दो भागों में विभक्त कर क्रान्तिकारियों पर भीषण हमला बोल दिया। क्रान्तिकारी सेना भी उत्साह के साथ अंग्रेजों से लोहा लेती रही। इसी बीच अंग्रेजों की दूसरी सैन्य टुकड़ी ने पीछे से कान्तिकारियों पर हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले में रामप्रसाद पाठक और उनके 17 साथी इस आजादी के युद्ध में वलिदान हो गये। बाद में एओ ह्यूम ने अपने उच्च अधिकारियों से किये गये पत्राचार में अमर शहीद रामप्रसाद पाठक को रियल लीडर आफ दा फील्ड लिखकर संबोधित किया। युद्ध में मारे गये चार ब्रिटिश अधिकारियों के शवों को अंग्रेजों ने वर्तमान फायर ब्रिगेड स्टेशन औरैया के पीछे तलैया के पास दफनाया था। इस कारण वह तलैया गोरन की तलैया कही जाने लगी। युद्ध में साथ देने के एबज में अंग्रेजों ने अपने वफादार ईश्वरचन्द्र सहित दो लोगों को सितारे हिन्द का खिताब दिया था।

# चप्पे-चप्पे में रही पुलिस, शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई जुमे की नमाज

संवाददाता फफूंद, औरैया


कस्बे में एसपी के नेतृत्व में गश्त करती पुलिस।

**अमृत विचार।** संभल में हुए विवाद के बाद से जिला प्रशासन अलर्ट मूड में है। पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकाल कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है। शुक्रवार को जुमा की नमाज सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा और शुक्रवार की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन ने मस्जिदों में पहुंच हाफिजों व मस्जिद के इमामों से जुमा की नमाज के बारे में जानकारी की।

नगर की मस्जिदों जामा मस्जिद आस्ताना आलिया, दरगाह पीर बुखारी व मदीना मस्जिद में शांतिपूर्ण माहौल में जुमा की नमाज अदा की गई। विगत दिनों सम्भल में हुए विवाद के बाद से प्रशासन सतर्क है। जुमा की नमाज को लेकर जिला प्रशासन पहले से सतर्क था और नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने रूट मार्च निकाल जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया वहीं अराजकतत्वों के हर मूवमेंट पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई। जिन मस्जिदों में जुमा की नमाज हुई उन मस्जिदों में नमाज से पूर्व पुलिस का सख्त पहरा नजर आया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर तथा सीओ अजीतमल अशोक कुमार ने भी नमाज होने तक जगह-जगह निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया। नमाज सम्पन्न होने के बाद राहत की सांस ली। नगर की जामा मस्जिद आस्ताना आलिया, दरगाह पीर बुखारी शाह तथा मदीना मस्जिद में होने वाली जुमा की नमाज़ के दौरान फफूंद थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम भारी पुलिसबल के साथ मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में बच्चे सहित चार लोगों की मौत

## पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री निरंजन ज्योति ने एक हादसे के घायलों को अपने वाहन से पहुंचाया अस्पताल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत गुरुवार की देर रात हुए सड़क हादसों के दौरान बालक सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कानपुर नगर के थाना नरवल गांव हृदयखेड़ा गांव निवासी राम किशोर का 17 वर्षीय पुत्र गोपाल उर्फ गगन साढ़ थाना के अरजराम गांव निवासी बशारत का 27 वर्षीय पुत्र अनूप सहित चार लोग चार पहिया वाहन से खागा कस्बा बारात में गए थे। वापस लौटते समय जब चार पहिया वाहन शहर क्षेत्र के एआरटीओ आफिस एनएच-2 के समीप पहुंची तभी एक कन्टेनर से भिड़ंत हो गई। जिससे अनूप व गोपाल उर्फ गगन की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि वाहन में सवार अन्य दो लोग घायल हो गए। जिन्हें रात में ही कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के मदारीपुर कला गांव निवासी राम किशोर का 29 वर्षीय पुत्र अनिल अपने आठ वर्षीय पुत्र सरवन व भतीजे आदित्य उर्फ पुष्पेंद्र के साथ थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव शादी समारोह में गए थे। रात लगभग ग्यारह बजे लौटते समय जैसे ही ये लोग बिलंदा कोल्ड स्टोर के समीप एनएच-2 पर पहुंचे तभी तेज रफ्तार आ रही चार पहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे अनिल, आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद शादी समारोह से लौट रही पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जब हादसा देखा तो उन्होने अपनी गाड़ी रूकवाई और अपने वाहन से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# कार की टक्कर से दो लोगों की मौत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के हंसवा चौकी अंतर्गत एकारी गांव की समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए।

मदारीपुर कला गांव निवासी बाइक सवार शादी समारोह में शामिल होकर देर रात वापस लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार एकारी गांव के समीप पहुंचे कि सड़क पार करते समय सडक हादसे का शिकार हो गए। एकारी गांव के समीप तेज रफ़्तार से आ रही एसयूवी कार ने सड़क पार कर रहे बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार पुष्पेन्द्र पुत्र श्रवन (10) वर्ष व अनिल पुत्र रामकिशोर लोधी (20) वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि श्रवण, आयूष व नीरज सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के बाद कार सवार कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लिए इलाज के लिए भेजा। जिसमें से एक की हालत को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। वहीं मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही बाइक के परखचे उड़ गए। वहीं पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुटी हुई है।



रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

# संदिग्ध अवस्था में अचेत मिला युवक

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज सब्जी मंडी के समीप युवक को संदिग्ध अवस्था में पड़ा लोगों ने देखा तो परिचितों ने उसके परिजनों को फोन कर जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

कोतवाली क्षेत्र के जयराम का पुरवा गांव निवासी राधेश्याम का 22 वर्षीय पुत्र पिंटू जो आज सुबह घर से निकाला था। उसके बाद कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज सब्जी मंडी के समीप वह संदिग्ध अवस्था मे अचेत पड़ा था।

स्थानियों ने उसे देखा तो परिचितों ने फोन कर उसके परिजनों को जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे परिजन उसको ई-रिक्से से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।



सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीओ। अमृत विचार

# सीओ ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को किया रवाना

संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज पनी एवं विपिन राज कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओ द्वारा निकाली गई। जिला अपराध निरोधक समिति के तत्वाधान में यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार दुबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हेलमेट लगाकर ही गाड़ी चलाएं, चार पहिया वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, यातायात नियमों के पालन करने संबंधी स्लोगन के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार दुबे ने यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को जागरूक होना बहुत जरूरी है तभी किसी भी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस दौरान मुख्य रूप से जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण, समाजसेवी अशोक तपस्वी, शहर कोतवाल तारकेश्वर राय, यातायात प्रभारी लालजी सविता, मुराईन टोला चैकी इंचार्ज अनुज यादव, नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल, विनोद गुप्ता, आशीष अग्रहरि, आनंद कुमार, पवन कुमार, संजय गुप्ता, आनंद प्रकाश, आशीष मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुद्दूस, रवि कुमार सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण मौजूद रहे।

# युवती ने दी जान

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बिदकी गांव में घरेलू कलह से तंग युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। युवती की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए भेजा। जहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। गुरुवार की देर रात करीब 11 बजे पुरानी बिदकी गांव निवासी ज्वाला प्रसाद की 34 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। युवती के जहर खाने की सूचना पर परिजन युवती को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिदकी में भर्ती कराया। जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। जहां इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया।

## जिलाधिकारी ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय, वेयर हाउस का सुरक्षा के दृष्टिगत वाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के ताले की सील, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, अग्निशमन सिलेंडरो की वैधता आदि को देखा जो सही पाए गए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व, अविनाश त्रिपाठी, एसडीएम प्रदीप रमन उपस्थित रहे।



निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण करते चेयरमैन। अमृत विचार

# चेयरमैन ने निर्माणाधीन मार्ग का किया निरीक्षण

संवाददाता,फतेहपुर

- शादीपुर से अवंतीबाई चैराहा तक बनाई जा रही डामर रोड

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की ओर से शहरवासियों को गड्ढा युक्त मार्गों से छुटकारा दिलाया जा रहा है। पिछले दिनों पालिका तिराहा से बिंदकी बस स्टाप तक रोड का निर्माण कराया गया था अब शादीपुर से अवंतीबाई चोराहा तक डामर रोड बनाई जा रही है। निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण करने शुक्रवार को चेयरमैन राजकुमार मौर्य सभासदों संग पहुंचे और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद की ओर से शादीपुर चैराहा से अवंती बाई चैराहा तक डामर रोड बनाई जा रही है। रोड की लंबाई 820 मीटर है। जिसकी लागत 22 लाख रुपये है। रोड का निरीक्षण करने पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट और जेई अमर सिंह ने ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही रोड की गुणवत्ता को देखा और ठेकेदार को निर्देश दिया कि रोड मजबूत और टिकाऊ बनाई जाए। इस मौके पर सभासद नरेंद्र लोधी, विनय तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।



भागवत कथा सुनतीं महिलाएं। अमृत विचार

# भक्ति बढ़ाने वाली है गोवर्धन लीला

**पौथिया (हमीरपुर)।** हनुमान मंदिर बैठका धाम कीरतपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारी कथावाचक स्तुति तिवारी ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए कहा कि गोवर्धन लीला ज्ञान भक्ति बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा कि गोवर्धन लीला से इंद्र को और जगत को श्रीकृष्ण के स्वरूप का और सामर्थ्य का ज्ञान हुआ। गोवर्धन पूजा प्रकृति की पूजा है। संगीत कमेटी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए जमकर तालियां बटोरीं। इस मौके पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति, ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव, बब्लू मिश्रा, पूर्व प्रधान बिनोद सचान, अरविंद यादव प्रधान कलौलीजार, आशीष सचान एडवोकेट मौजूद रहे।

# महिला स्वास्थ्य कर्मी पर किया हमला

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थानाक्षेत्र के कछवाकला गांव निवासी कृष्णा (40) पत्नी अजय अनुरागी नौरंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स है। बीते एक वर्ष से कस्बे के पठानपुरा इलाके में रह रही है। कृष्णा गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे मोहल्ले में दूध लेकर घर लौट रही थी। तभी उसके पति अजय अनुरागी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर हमला बोल बेरहमी से पिटाई कर धारदार हथियार मारकर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। घायल महिला की बहन गुड्डु निवासी ग्राम उमरिया ने बताया कि कृष्णा का विवाह 15 वर्ष पहले महोबा जनपद के खरेला गांव निवासी अजय अनुरागी से हुआ था। दोनों में मतभेद चल रहा है।

# करंट लगने से किसान की मौत



कलेक्ट्रेट में रोते-बिखलते मृतक किसान के परिजन।

संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनही पोस्ट बड़नपुर निवासी किसान वीरेन्द्र कुमार अपने खेत मंस बुआई कर रहा था तभी लटक रही 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । परिजन ग्रामीणों संग रोते-बिलखते कलेक्ट्रेट आए और डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर मृतक किसान की पत्नी केशकली ने बताया कि उनके खेत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन झूल रही थी। जिसको हटवाए जाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से कहा गया लेकिन तार नहीं हटवाया गया। जिसके चलते आज उनके पति की मौत हो गई है। बताया कि इससे पूर्व भी चार लोग इस एचटी लाइन की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद भी विभाग नहीं चेत रहा है। जिलाधिकारी से परिजनों को आश्वासन दिया कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

## करंट लगने से किसान की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के सुनही गांव में खेतों की जुताई के लिए गए किसान की करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। सुनही गांव निवासी किसान वीरेंद्र अपने घर से शुक्रवार की सुबह खेतों की जुताई के लिए जंगल गया था। किसान हाईटेंशन लाइन की झूलती हुई तार की चपेट में आ गया। किसान हाईटेंशन लाइन की करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

कवायद | 95 लाख रुपये की लागत से होगा निर्माण का कार्य

# मिलेट्स प्रसंस्करण केंद्र बनेगा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र में 95 लाख की लागत से मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपणन केंद्र का शिलान्यास बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डा. एनके बाजपेयी ने किया। उनके साथ कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर निदेशक प्रसार ने बताया कि श्री अन्न फसलों (मिलेट्स) से बने उत्पाद हर घर के भोजन की थाली का हिस्सा होने से सभी को आवश्यक पोषण सरलता से मिल सकेंगे। ऐसे में इन परियोजनाओं का परिणाम सकारात्मक प्रयास के साथ-साथ फलदायी होगा। परियोजना का निर्माण बुन्देलखंड के प्रत्येक जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में किया जाना है। जिसका फायदा इस परिक्षेत्र के किसानों और आमजन को होगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता और समय से निर्माण कार्य पूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। केंद्र के वैज्ञानिक डा. एनके पांडेय, डा. एनके यादव, डा. एसपी एस सोमवंशी, डा. शालिनी, वैभव अवस्थी, पीयूष जयसवाल, खुशबू सोनी के साथ लगभग 50 कृषक उपस्थिति रहे।



भूमि पूजन करते निदेशक डा. एनके बाजपेयी। अमृत विचार

# जुमे की नमाज पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**हमीरपुर।** जिले भर में जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट जारी रहा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। ड्रोन से निगरानी की गई। एसपी व एएसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त किया।

संभल में जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे की नमाज को लेकर जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने कस्बा मौदहा में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। गश्त के दौरान व्यापारियों और आम जनता से संवाद किया। अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने राठ कस्बे में पैदल भ्रमण किया।



भंडारा छकते ग्रामीण। अमृत विचार

# भंडारे में उमड़े श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**कुरारा।** झलोखर के जाल बाबा मंदिर में तीन दिवसीय मेला के साथ अखंड रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। पहले दिन अखंड रामायण पाठ के साथ चार गांवों के श्रद्धालुओं ने दिवारी का आयोजन किया। स्वर्गीय जाल सिंह गौर वंश के थे जिनकी अविवाहित थे। उन्होंने गांव बसाया था जो अब खेर हैं। वह मां भुवनेश्वरी के अत्यंत प्रिय भक्त थे। जाल बाबा के वंशज आज भी शादी के बाद हाथा रखवाने जाते हैं। वहीं झलोखर, पतारा, हरेहटा, शीतलपुर, कुसमरा, ख़िरवा, पारा कंडौर, रिठारी, जल्ला आदि गांवों के लोगों ने भंडारे का प्रसाद छका। नीरज गुप्ता, कल्लू गुप्ता, सीटू तिवारी, कालका प्रसाद सविता रहे।

## सार-संक्षेप



लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पूर्व सपा नगर अध्यक्ष।

### पीडीए समाज का शोषण कर रही भाजपा सरकार: निर्मल

**खागा।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा. रामकरन निर्मल ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए समाज का शोषण कर रही है। नौकरी मांगने पर युवाओं पर लाठी चार्ज किया जा रहा है। प्रदेश का किसान भी इस सरकार से खुशहाल नहीं है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय नजदीक आ रहा है। शुक्रवार को लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा. रामकरन निर्मल खागा नगर स्थित लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव मनीष दिवाकर के आवास पहुंचे। जहां सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कलीम शेख की टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के पश्चात निर्मल ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार पीडीए समाज का शोषण कर रही है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अंकुल सिंह, नगर उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र विश्वकर्मा, पीयूष यादव, मोहित सिंह, अकरम हाशमी, शाहनवाज राईन, कयामत अहमद, मकबूल अहमद, हिमांशु सिंह भी मौजूद रहे।

### सिंचाई करने गए किसान की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी किसान अनिल सिंह उर्फ सजनू सिंह(42) देर शाम घर से खेतों पर पानी लगाने के लिए गया हुआ था। जिससे वह खेत पर ही बेहोश हो गया। सुबह खेतों पर पहुंचे परिजनों ने किसान को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने किसान की हालत को गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान परिजन जिला अस्पताल ना ले जाकर उसे वापस घर ले आए। थोड़ी देर बाद किसान की मौत हो गई।

### बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने गुरुवल गांव के रहने वाले एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। युवती ने युवक पर बंधक बनाकर तीन दिन तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया था। पुलिस आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे अभियुक्त अजय उर्फ रानू पुत्र ज्ञानी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। युवती ने आरोपी युवक पर बेहोश कर ले जाने के साथ निजी ट्यूबवेल पर बंधक बनाकर तीन दिन तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। किशनपुर थाना अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित करते चेयरमैन राजकुमार मौर्य।

### चेयरमैन ने छात्रों को किया पुरस्कृत

**फतेहपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य व अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार के अलावा सभासदों ने शुभारंभ किया। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता एवं क्लीन टॉयलेट अभियान के अंतर्गत 19 नवंबर से 25 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कंपोजिट विद्यालय रस्तोगीगंज, नेहरू बाल हायर सेकंडरी विद्या सदन एवं एंबिशन पब्लिक स्कूल के बच्चे एवं अध्यापक अध्यापिका ने प्रतिभाग किया। अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा कि स्वच्छ वातावरण परिवहन समिति के सदस्यों द्वारा बाल ट्रैकिंग हेतु जो सहयोग की अपेक्षा की गई वह सराहनीय है। स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक आरके चंद्राकर, मोहम्मद हबीब ने कार्यक्रम को सफल बनाया। स्वच्छता दूत जय विनय आदि ने सहयोग प्रदान किया। सभासद विनय तिवारी, विवेक यादव, गुड्डू यादव, संतोष पटेल, आतिश पासवान, संजय लाला श्रीवास्तव, भिक्खू मामा, शादाब अहमद, शहजाद अनवर, अरुण यादव, पवन द्विवेदी, राम सिंह पटेल, साबिर अहमद, इस्माइल वारसी, अखिलेश कुमार भी मौजूद रहे।



हंगामा करते परिजन।

### गर्भवती की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**फतेहपुर।** हथगाम कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भोर पहर गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव को रखकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले को समझा बुझाकर शांत कराया। हथगाम थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव निवासी नीरज कुमार की पत्नी नीतू देवी (23) वर्ष की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा को बढ़ता देख मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में मामले को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि महिला दमा की मारीज थी। काफी दिनों से इसका इलाज चल रहा था सुबह महिला को सीएससी में भर्ती कराया गया था। इसके बाद चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल के रेफर किया गया। इस दौरान महिला की रास्ते मौत हो गई। महिला की मौत के बाद कुछ लोगों के उकसाने पर परिजनों ने सीएससी पर शव रखकर सीएससी पर तैनात डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया था।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या–33/मु0अभि0/2024–25

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2024–25 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2024–25 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यो की निविदायें संख्या–330 दिनांक– 13.12.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर
Ro no. 152
दिनांक: 29.11.2024

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितॄन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि–इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा–स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

# विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश – दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

> देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों–संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

## प्रसंगवश

# अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

> कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।

जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।

हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

## सोशल फोरम

# अनादि और अनंत

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# मस्तिष्क और यंत्र का मिलन

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे। ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

# ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

## महाकुंभ की महा तैयारी में मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की महातैयारी में दोनों उप मुख्यमंत्रियों समेत मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कहा कि महाकुंभ नव्यता, दिव्यता और भव्यता की मिसाल बनेगा। मंत्रीगण सभी विभागीय तैयारियों पर पूरा फोकस करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रदेशों में महाकुंभ के पैवेलियन का नेतृत्व भी करेंगे। पैवेलियन में प्रदेश की हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और पर्यटन का प्रदर्शन होगा। साथ ही, उन प्रदेशों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों समेत खास अतिथियों को निमंत्रित किया जाएगा। बैठक में इसके लिए टीम भी बनाई गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार को हुई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री केवश प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत करीब सभी मंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के 13 दिसबंर को आने से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के साथ तय हुआ कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 की थीम पर उप्र सरकार का पैवेलियन हर प्रदेश में बनेगा। इससे तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ेगा।

# सर्जन बनने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर

### वरिष्ठ चिकित्सकों ने रुचि कम होने के कारण को अमृत विचार से किया साझा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं। पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।

**लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बनी बड़ी वजह**



सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। दूसरा, अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। हर डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल
बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली



जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– प्रो. जेडी रावत, विभागाध्यक्ष
पीडियाट्रिक सर्जरी केजीएमयू व
अध्यक्ष आईएमए, लखनऊ



विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सर्जंस की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।

– प्रो. निशा सिंह
क्वीन मेरी, केजीएमयू



मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आएदिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। विदेशों में टॉपर्स को सर्जरी में दाखिला मिलता है, भारत में उलटा है। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।

– डॉ. अंकित पचौरी, पूर्व उपाध्यक्ष
आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ

## आईपीएस हिमांशु कुमार बने डीआईजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभागीय जांच में बेदाग होते ही प्रदेश सरकार ने उप्र. कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। इसके पहले प्रोन्नत समिति की बैठक में विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद रखा गया था। आईपीएस हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय जांच 19 नवंबर को समाप्त कर दी गई थी, उनपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उन्हें पहले का रोका गया 1 जनवरी 2023 से सेलेक्शन ग्रेड लेवल 13 समेत 1 जनवरी 2024 डीआईजी पद पर प्रोन्नति और वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल 13-ए देने का आदेश हुआ है। फिलहाल हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं। डीआईजी बनने पर उनकी वापसी होनी है। इसके बाद उन्हें नई जगह तैनात किया जाएगा।

# विपक्ष भयभीत, अगली बार इससे भी बड़ी होगी जीत

**उप चुनाव में विजयी एनडीए के सात विधायकों का भाजपा के राज्य मुख्यालय में अभिनंदन**

### मुख्यमंत्री ने कहा, एकजुटता से भाजपा कार्यकर्ताओं ने असंभव को संभव बनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उप चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इससे भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। योगी ने कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उप चुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में उप चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। योगी ने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार समेत जेपीएस राठौर, गुलाब देवी, दयाशंकर सिंह, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजबहादुर, गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, सुभाष यदुवंश, शंकर गिरि, शिवभूषण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने किया।



लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री योगी।

### विधानसभा अध्यक्ष ने उप चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को दिलाई शपथ

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन के तिलक हाल में शुक्रवार को उप चुनाव में विजयी घोषित मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य को शपथ दिलाई। सतीश महाना ने नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की कार्यवाही में अधिक से अधिक समय देने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही का अनुभव पुस्तकों से नहीं, बल्कि सदन में बैठकर और बहस में भाग लेकर ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा, सदन में उपस्थिति और योगदान से यह साफ हो जाएगा कि कौन विधायक कितनी गंभीरता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष
सतीश महाना

## गीडा का स्थापना दिवस आज 1068 करोड़ के निवेश का मार्ग प्रशस्त करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की तरफ से 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष 85 निवेशकों को हुए भूखंडों के आवंटन होंगे। विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 209 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण के साथ गीडा के नाइलिट सेंटर से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र दिये जाएंगे।

स्थापना दिवस पर योगी गीडा में लगने वाले दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं की भी शुरुआत करेंगे। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक के अनुसार, स्थापना के 35वें स्थापना वर्ष में गीडा ने अभी तक 3 लाख 27 हजार 313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 85 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इसके जरिये 1068 करोड़ रुपये का निवेश और 4658 रोजगार सृजन प्रस्तावित है। स्थापना दिवस समारोह में आवंटित किए गए भूखंडों में से पांच बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

# निजी बिजली घरानों को लाभ पहुंचाने की कोशिश तो नहीं

### दो ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन की दो सहायक कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को खत्म कर पांच नई कंपनियां बनाने के प्रस्ताव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि पूर्व में आगरा शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था निजी कंपनी टोरेंट को दिये जाने का प्रयोग फेल हो चुका है। ऐसे में पूर्व की तरह इस बार भी निजी घरानों को लाभ पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई कंपनियां बनने से विभाग व उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2010 में तत्कालीन सरकार ने आगरा की बिजली आपूर्ति टोरेंट कंपनी के हवाले कर दी थी। इस दौरान विभाग ने पुराना बकाया वसूल करने पर निजी कंपनी को 10 प्रतिशत 'इन्सेंटिव' देने की व्यवस्था की थी, इसके बाद भी बकाया रकम वसूल नहीं हो सकी।

### विरोध सभाएं कर बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर राजधानी समेत पूरे प्रदेश में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं हुईं। बिजली कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्रवाई की गई तो बिजली कर्मचारी लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने के लिए विवश होंगे। राजधानी में हुई सभा में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आरवाई शुक्ला, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।

### एससी-एसटी आयोग व सांसद ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रकरण को लेकर पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उप्र. अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निजीकरण के बाद अनुसूचित वर्ग को आरक्षण के लाभ से वंचित हो जाने की बात कही। इस पर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजकर समाधान निकालने के लिए पत्र भेजा। दूसरी ओर, एसोसिएशन के पत्र का हवाला देते हुए नगीना के सांसद चन्द्रशेखर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रकरण का निराकरण करने की मांग की है।

# दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

- 4 वर्ष की योजना तैयार क्रियान्वयन पर खर्च होंगे 236 करोड़ रुपये
- किसानों को मुफ्त मिलेंगे बीज कृषि वैज्ञानिक सिखाएंगे उन्नत तौर तरीके

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अगले कुछ वर्षों में आत्मनिर्भर हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर कृषि विभाग ने चार साल की कार्ययोजना तैयार की है। इसके क्रियान्वयन पर करीब 236 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत दलहनी व तिलहनी फसलों के बीज के मिनी किट का निःशुल्क वितरण, प्रगतिशील किसानों के यहां प्रदर्शन और किसान पाठशालाओं के जरिये विशेषज्ञों द्वारा खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी देना शामिल है।

योजना के तहत प्रदेश के अलग-अलग कृषि जलवायु के अनुरूप तय समयावधि में संबंधित क्षेत्र के किसानों को दलहनी फसलों के लिए उर्द, मूंग, अरहर, चना, मटर, मसूर और तिलहनी फसलों में तिल, मूंगफली, राई/सरसों और अलसी के बीज निःशुल्क दिए जाएंगे। विश्व बैंक की मदद से चलने वाली यूपी एग्रीज योजना भी दलहन और तिलहन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगी। खासकर, झांसी और इससे सटे इलाकों में मूंगफली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए क्लस्टर विकसित करने की योजना है।

**अभी मांग की तुलना में काफी पीछे प्रदेश :** फिलहाल खाद्य तेलों की आवश्यकता के सापेक्ष 30-35 फीसदी और दलहन की आवश्यकता के सापेक्ष प्रदेश में 40-45 फीसदी ही उत्पादन हो रहा है। दलहनी और तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भर होने के बाद मांग एवं आपूर्ति में संतुलित होने पर ऐसा नहीं हो सकेगा।

**केंद्र सरकार ने भी चयनित किए हैं जिले :** दलहनी फसलों में सर्वाधिक खपत अरहर दाल की होती है, इसलिए केंद्र सरकार ने अरहर की खेती के लिए 35 और उर्द की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 18 जिले चयनित किए हैं। प्रदेश सरकार पहले से दलहनी फसलों के प्रोत्साहन के लिए बुंदेलखंड को फोकस कर दलहन ग्राम योजना चला रही है।

# तुलसियानी कंस्ट्रक्शन की डेढ़ करोड़ की संपत्ति कुर्क

- प्रवर्तन निदेशालय ने लखनऊ में की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह की। कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों के कई सौ करोड़ रुपये हड़पे हैं। वहीं, बैंक से करोड़ों रुपये का लोन करा लिया था। जिसे वापस नहीं किया है। कुर्क की संपत्ति में फ्लैट है।

ईडी के मुताबिक, मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल कुमार तुलसियानी और महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी के आधार पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की। आरोप लगाया गया कि तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, साइबर टावर, प्रथम तल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, जो फ्लैटों के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में है। उन्होंने चार खरीदारों को धोखा दिया था। जिन्होंने पंजाब नेशनल बैंक, लखनऊ से कुल 4.63 करोड़ रुपये का गृह ऋण लिया था, जिसे चुकाया नहीं गया।

## वर्ग पहेली-267

**बाएं से दाएं**

1. वध, मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता, कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।



### वर्ग पहेली -266 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | | 2 सें | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ा |

## सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | 1 | | | 3 | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| 8 | | | | | | | | 2 |

### सुडोकू - 179 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 10.29 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 12.35 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। माइग्रेन के रोगियों को यात्रा से बचना चाहिए। बड़ा काम करने की इच्छा होगी। व्यापार में सहयोगियों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृष** – आज आपको घर पर भी कार्यक्षेत्र का काम करना पड़ेगा। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें। प्रभावशाली लोगों से मैत्रपूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी उदासीन रहेगी। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं। व्यापार में उधारी न करें। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाजी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** – आज आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह** – आज नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। सभी काम मन लगाकर करें। धीरे-धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी।

**कन्या** – आज भावनाओं में आकर निर्णय न लें। भूमि और संपत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है। आय के साधनों में वृद्धि होगी। सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** – आज आप कार्यक्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहेंगे। मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनाएंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे। पर्यटन की योजना से घूमने जा सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें।

**धनु** – आज कारोबार के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना सफल हो सकती है। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। आपको अपनी बात मनवाने के लिए जोर देना पड़ेगा।

**मकर** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए। व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। मनोवान्छित कार्य पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा।

**मीन** – आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियां कर सकते हैं। यात्रा से लाभ होगा। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
मि. इंडिया – दोपहर : 12.11
रास्कल्स – रात : 07.16

&pictures
टॉइलेट-एक प्रेम कथा – सुबह : 10.52
विवाह – रात : 07.30

Sony Pix
बैटमैन बिगिन्स – सुबह : 11.01
द 355 – रात : 09.00

Zee Cinema
किसी का भाई किसी की जान – सुबह : 10.49
औरों में कहां दम था – रात : 08.00

Zee Action
बदला नाग का – सुबह : 11.23
मोहरा – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10.49 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर– धीरज रखिए।
लड़की – अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था– "बिका माल वापस नहीं होगा"।

अध्यापक– रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों, जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो, चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन– सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

## एक नजर

### पति से परेशान महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

**राठ।** कोतवाली के चिरूवा गांव निवासी महिला ने पति से परेशान होकर तहरीर दी है। रजनी देवी ने बताया कि उसका पति जयहिंद शराब पीने का आदी है। आए दिन शराब पीकर गाली गलौज कर मारपीट करता है। उसके पति ने सोने चांदी के जेवरात भी बेच दिए। वह मजदूरी कर अपने दो बच्चों का भरण पोषण करती है। बताया कि जब वह मजदूरी के लिए जाती है तो उसे शक की नजरों से देखता है। जब उसके माता पिता उससे मिलने के लिए आते हैं तो उनके साथ भी मारपीट करता है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना था घटना की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### हादसों में दो की हालत गंभीर

**मौदहा।** क्षेत्र में अलग- अलग हादसों में दो अधेड़ घायल हो गए। लहुलुहान हालत में सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर किया है। मकरांव निवासी सत्येंद्र (45) पुत्र गंगा खाना बनाने के लिए पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काटते संतुलन बिगड़ने पर नीचे गिरकर लहूलुहान हो गया। जिसे उसकी मां रामदुलारी सरकारी अस्पताल लेकर आई। दूसरी घटना में अशोक (55) पुत्र ऊदल निवासी मकरांव गुरुवार शाम सड़क पार करते अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लहूलुहान होने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दस जोड़ों ने थामा हाथ

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के श्रीगायत्री तपोभूमि में आयोजित संगम सेवा ट्रस्ट के सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में दस जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुना। सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय प्रजापति एवं पवन टेलर ने संयुक्त रूप से सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन कराया। भाजपा जिला मंत्री पुष्पराज सोनी, नवलकिशोर शुक्ला, नीतू द्विवेदी, गीता ओमर, गीता वर्मा, संजय प्रजापति, योगेश योगी, रामनारायण कबीर आदि रहे।

### शत प्रतिशत उपस्थिति पर पुरस्कृत किए गए विद्यार्थी

**सुमेरपुर।** प्राथमिक विद्यालय चांद में नेट के दौरान शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। जिस पर प्रधानाध्यापक रविपाल सिंह ने पुरस्कार स्वरूप कापी एंव पेन दिया। कापियां एवं पेन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे हैं। सहायक शिक्षिका नंदिनी, साधना शिक्षामित्र शोभा रानी, अनीता देवी के अलावा छात्र छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।

### आग से गृहस्थी का सामान जला

**मौदहा (हमीरपुर)।** मसगवां गांव में लगी आग से पांच रुपये, पांच क्विंटल गेहूं, लाही, चना व अन्य खाद्य सामग्री तथा गृहस्थी का सामान जल गया। आग से करीब दो लाख रुपये की क्षति हुई है। आग पर ग्राम वासियों व फायर ब्रिगेड की सहायता से काबू पाया गया। गांव निवासी पीड़ित अरविंद ने बताया कि गुरुवार रात वह पेशाब करने उठे तभी उनकी अटारी से धू धू कर आग की लपटे निकल रही थीं। तब सो रहे परिजनों को बाहर निकाला तथा ग्रामीण भी आ गए अग्निशमन को सूचना दी। बताया कि इस आग से उसका करीब दो लाख का नुकसान हुआ है।

### छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**पौथिया।** ललपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी ब्रजेश सिंह उर्फ छोटे ने उसके साथ छेड़खानी की है। इस मामले में थाना प्रभारी योगेश शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

# किसानों को बांटी गई दो- दो बोरी डीएपी खाद

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- पुलिस की मौजूदगी में तीसरे दिन भी वितरित की गई खाद
- पुलिस को करनी पड़ रही है कड़ी मशक्कत

**अमृत विचार।** पीसीएफ केंद्र में तीसरे दिन भी खाद का वितरण होता रहा। पिछले बुधवार को पाश मशीन में सर्वर न आने से वितरण प्रभावित रहने पर किसानों ने कालपी हमीरपुर हाईवे पर जाम लगाकर विरोध प्रर्दशन किया था। इसी के बाद गुरुवार को जिलास्तरीय अधिकारियों की देखरेख में पुलिस बल के साथ डीएपी खाद वितरित हुई थी। खाद प्रत्येक किसान को दो बोरी ही मिल सकी।



पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण होता। अमृत विचार

सहकारी समितियों में खाता धारक किसानों को बतौर कर्ज पर खाद वितरण करने का प्राविधान है। इन समितियों में अगर कर्ज पर किसानों ने खाद नहीं ली तो कर्मचारी नगद का व्यापार कर लेते हैं। वहीं पीसीएफ केंद्रों पर ही किसानों को नकद धन देने पर खाद मिल जाती है। बीते बुधवार को खाद आई तो सैकड़ों किसान केंद्र पर पहुंच गए, लेकिन जब शाम तक खाद नहीं मिली तो उन्होंने कालपी हमीरपुर हाईवे में जाम लगाकर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद जिले के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को बताया कि पाश मशीन के सर्वर नहीं आने से वितरण नहीं हो पा रहा है। गुरुवार को भारी पुलिस बल के बीच अधिकारियों ने खाद वितरण शुरू कराया। जिसमें प्रति किसान दो बोरी खाद वितरित हुई। वहीं शुक्रवार को भी इस केंद्र पर डीएपी खाद बांटी गई। उधर खाद की किल्लत का फायदा उठाते प्राइवेट दुकानदार देखे जा रहे हैं। पतारा गांव के रामआसरे ने बताया कि कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे ब्लॉक के पास एक खाद डीलर ने डीएपी खाद 1900 रुपये में दी है। जिसमें उसने एक नैनो की बोतल लगाई है। फिलहाल खाद की महंगाई को देखते किसान परेशान हैं।

## नवंबर में लक्ष्य से 131 फीसद ज्यादा उर्वरक बांटी गई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सहकारिता विभाग के बिकी केंद्रों पर खाद का टोटा है। डीएपी खाद को लेकर किसान हलकान हैं। वहीं सहकारिता विभाग रबी अभियान में चालू माह में आवंटित लक्ष्य का 131 प्रतिशत वितरण करने का दावा कर रहा है।

जिले में रबी सीजन में उर्वरक का लक्ष्य माह नवंबर तक 9386 मीट्रिक टन है। जिसके सापेक्ष गुरुवार तक 9941 मीट्रिक टन रही। लक्ष्य के सापेक्ष 9900 मीट्रिक टन खाद सहकारिता विभाग के 64 बिक्री केंद्रों में 9386 मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है। जबकि गत वर्ष रबी अभियान में माह नवंबर तक उर्वरक का वितरण 6673 मीट्रिक टन था। गत वर्ष के सापेक्ष 2614 मीट्रिक टन अधिक है। एआर सहकारिता रमाकांत द्विवेदी ने बताया कि जनपद में शीघ्र ही एक रैक इफको डीएपी प्राप्त होने की सूचना मिली है। सभी बिक्री केंद्रों में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया भी उपलब्ध है। मौजूदा में जनपद में बिकी केंद्रों पर 358 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जिसका वितरण कराया जा रहा है।

# 40 घंटे से लगातार फैक्ट्री में जीएसटी टीम कर रही जांच

## छापेमारी के दौरान कंपनी का मुख्य मैनेजर हुआ भूमिगत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित रिमझिम इस्पात लिमिटेड एवं जूही एलाइज में जीएसटी इंटेलीजेंट की टीम द्वारा की जा रही जांच 40 घंटे से अधिक समय से चल रही है। कंपनी के एक मैनेजर के भूमिगत होने की बात सामने आई है। इसकी तलाश में रात में कंपनी के अंदर और बाहर छापेमारी की गई लेकिन मैनेजर हाथ नहीं लगा। फिलहाल इसके गिरफ्त में आने के बाद कई और राज भी सामने आ सकते हैं। टीम अलग-अलग कमरों में बैठाकर पूछताछ कर रही है।



उद्योग नगरी में खड़े माल लदे ट्रक। अमृत विचार

टैक्स चोरी की आशंका में आयकर विभाग की टीम ने जीएसटी की डीजीजीआई टीम के साथ बुधवार रात 11 बजे रिमझिम एवं जूही एलाइज में एक साथ छापा मारा था। तबसे छापेमारी निरंतर चल रही है। गुरुवार सुबह से दोनों फैक्ट्रियों में उत्पादन ठप है। बताते हैं कि गुरुवार को देर शाम जब कंपनी के कर्मचारियों को बाहर निकाला जा रहा था, तभी मुख्य मैनेजर आयकर टीम को चकमा देकर निकल भागा। इसकी तलाश में टीम ने फैक्ट्री के अंदर बाहर छापेमारी की लेकिन वह हाथ नहीं लगा है। इसी के पास दोनों फैक्ट्रियों के संचालन की जिम्मेदारी है और सारा लेखा जोखा भी है। उधर टीम ने आधा दर्जन अन्य मैनेजरों को गिरफ्त में ले रखा है जिनसे पूछताछ की जा रही है। टीम के साथ आए पीएसी बल के जवान मुख्य गेट से लेकर कार्यालय और आवासीय फ्लैटों में डटे हैं। मीडिया को भी टीम ने बाहर से लौटा दिया है। सूत्रों का कहना है कि टीम को टैक्स चोरी के बड़े सबूत हाथ लगे हैं। उधर कंपनी के बाहर कच्चा माल लेकर आए सैकड़ों ट्रक खड़े हैं। बताते हैं कि टीम ने बाहर से आए ट्रकों के कागजात भी जब्त किए हैं। छापेमारी का सिलसिला कब तक चलेगा इसका टीम ने अभी तक खुलासा नहीं किया है। पिछले 40 घंटों से चल रही छापेमारी की चर्चा फैक्ट्री एरिया सहित कस्बे में जगह-जगह हो रही है।

## घटना के फर्जी खुलासे का आरोप, कहासुनी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में युवक की हत्या के खुलासा मामले में शुक्रवार को कोतवाली दो दर्जन से अधिक ग्रामीण व परिजन पहुंचे। उन्होंने खुलासे पर असंतोष जताते हुए अन्य आरोपियों को जेल भेजने की मांग की। इस दौरान पुलिस और शिकायतकर्ताओं में जमकर नोकझोक हुई। थाने के बाहर काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। जिसको लेकर सैकड़ों लोगों का जमावड़ा लग गया।



कोतवाली के बाहर दी गई तहरीर दिखाती महिलाएं। अमृत विचार

- डेढ़ घंटे तक पुलिस और पीड़ित पक्ष के बीच चला हाई वोल्टेज ड्रामा

पिछले 24 नवंबर को सुबह बिवांर थानाक्षेत्र के चकदहा अंतर्गत लरौद मोड़ के पास सड़क किनारे झाड़ियों में मिले युवक के शव की पहचान जगन्नाथ कुशवाहा पुत्र लल्ली उर्फ खुशाली निवासी ग्राम चकदहा के रूप में हुई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्यारोपी राहुल यादव को जेल भेजा है। शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीणों और परिजन महिलाओं ने थाना पहुंच पुलिस पर घूसखोरी के गंभीर आरोप लगाए। उनके द्वारा दी गई तहरीर पर कार्रवाई नहीं किए जाने और घटना का फर्जी खुलासा करने का आरोप लगाया। कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा काटा। इस पर जैसे ही कोतवाली प्रभारी उनकी समस्या सुनने लगे तभी ग्रामीणों द्वारा वीडियो बनाया जाने लगा। जिस पर प्रभारी ने नाराजगी व्यक्त की तो ग्रामीण भड़क गए और उठकर जाने लगे। पुलिस पर घूस लेकर कार्रवाई करने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो वह थाने में हंगामा किया। मृतक की पत्नी जय देवी ने दी गई तहरीर में बताया कि उनके पति की हत्या में शामिल चार लोग शामिल हैं। पुलिस ने राहुल यादव का चालान किया है। जबकि हत्या में शामिल देशराज, विनोद, बोधन व प्रधान प्रतिनिधि विष्णु शिवहरे खुलेआम घूम रहे हैं।

## अतिक्रमण की वजह से लगा जाम, चार घंटे जूझे लोग

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या नासूर बन गई है। शुक्रवार को सड़क की पटरियों पर ठेलिया और बाइकें खड़ी होने से जाम लगा रहा। पुलिसकर्मी नदारद दिखे। स्कूली बसें, कार, बाइक सवार लोग रेंगते निकले। कस्बे में करीब चार घंटे तक जाम के हालात बन रहे।



कानपुर- सागर हाईवे पर लगा जाम।

कस्बे में हाइवे किनारे ठेलिया लगती हैं, साथ डग्गामार वाहनों से आए दिन जाम लगता है। वहीं लोग बाइकें सड़क पर खड़ी कर खरीदारी करते हैं। शुक्रवार को भी पटरियों पर दुकानें लगीं और लोग वाहनों को सड़क पर खड़ाकर खरीदारी करने में लगे रहे। इसका नतीजा यह हुआ कि सड़क पर जाम लगा। इसी बीच दोपहर करीब 12 बजे स्कूलों में छुट्टी हुई तो सड़क पर भीड़ और बढ़ गई। सड़कों पर वाहनों की कतार लगने से जाम बढ़ गया। ऐसी स्थिति में पुलिस भी जाम खुलवाने में जूझती रही। दोपहर 12 से चार बजे तक जाम इस कदर रहा कि सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया। इसके बाद पुलिस ने मशक्कत कर जाम को खुलवाया, लेकिन फिर दो बजे से चार बजे तक रुक-रुक तक जाम लगता रहा। शाम 5 बजे यातायात सामान्य हो सका।

## वैशम्पायन के योगदान को याद किया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** वर्णिता संस्था भरुआ सुमेरपुर के तत्वावधान में एक बेमिसाल गुमनाम क्रांतिकारी विश्वनाथ वैशम्पायन की जयंती मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि वह सही मायने में मां भारती के एक संघर्षी सपूत थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

बताया कि उनका जन्म 28 नवंबर 1910 को बांदा में हुआ था। इनके पिता स्वास्थ्य विभाग में थे। पिता का स्थानांतरण झांसी होने के बाद विश्वनाथ ने सरस्वती विद्यालय झांसी से पढ़ाई करने के दौरान देशभक्त मास्टर रुद्रनारायण तथा क्रांतिकारी शचींद्र नाथ बख्शी से जुड़ने के बाद चंद्रशेखर आजाद के विश्वस्त साथी बन गए। भगतसिंह के साथ रहकर उन्होंने बम बनाना सीखा। बाद में इन्होंने भगत सिंह को लाहौर जेल से छुड़ाने का प्रयास किया। मगर भगत सिंह तैयार नहीं हुए। भगवती चरण वोहरा, सुखदेव राज और वैशम्पायन ने 1930 में रावी नदी के तट पर बम परीक्षण किया। जिसमें बम ब्लास्ट होने में वोहरा शहीद हो गए। आजाद और वैशम्पायन ने इलाहाबाद और कानपुर को अपना कर्मक्षेत्र चुना। 11 फरवरी 1931 को विश्वनाथ को अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर नैनीताल व दिल्ली जेल में रखा। मुकदमा चलाने बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गई। कालान्तर में 20 अक्टूबर 1967 को उनका निधन हो गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, दयाराम सोनकर, संतोष, महावीर, सागर, भोलू सिंह, रिचा, अजय, होरीलाल रहे।

## सार-संक्षेप

### शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के विद्यालय अग्रणी

**हमीरपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेजर में विद्या भारती कानपुर प्रांत की योजनानुसार तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें आगंतुक के रूप में अनिल कुमार मिश्र प्रधानाचार्य तिर्वा तथा प्रवक्ता वीरेशचंद्र गुप्ता, विजय कुमार एवं कार्यालय प्रमुख उपेन्द्र कुमार दीक्षित आए। प्रात: मां सरस्वती वंदना के पश्चात कक्षाओं, शिक्षण कार्य, कार्यालय एवं वित्तीय लेखाओं तथा सम्पूर्ण विभागीय अभिलेखों का निरीक्षण किया। वंदना सत्र में आगंतुक प्रधानाचार्य ने कहा कि परिश्रम सफलता के मार्ग में साधक है। उन्होंने भैया बहनों को जीवन में अपना लक्ष्य कैसे प्राप्त करें इसके बारे में बताया। कहा शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के विद्यालय अग्रणी हैं। हम यहां पढ़ने के साथ-साथ संस्कार भी सीखने आते हैं। उन्होंने बोर्ड के परीक्षार्थियों को रिवीजन और अनसाल्वड पेपर हल करने के सुझाव दिए। छात्र सांसदों तथा कन्या भारती के पदाधिकारियों के साथ बैठक ली। प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ आचार्य उपस्थित रहे। विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ला मौजूद रहे।



विज्ञान मॉडल का अवलोकन करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में राठ की अगम्या प्रथम रहीं

**हमीरपुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जीआईसी में किया गया। जिसमें 133 मॉडलों का प्रदर्शन छात्रों ने किया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उद्घाटन किया। उन्होंने मॉडलों की तारीफ की। कहा कि बच्चों द्वारा मानव जीवन के लिए बेहतर प्रयोग के लिए प्रदर्शन किया गया है। आर्यभट्ट सीवी रमन आदि वैज्ञानिक का उदाहरण दिया और कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, डीआईओएस महेश कुमार गुप्ता ने 15 बच्चों का चयन मंडल स्तर के लिए किया। संचालन अमित दक्ष, शिखर सचान व प्रकाश गौरव ने किया। राजकीय महाविद्यालय कुछेछा के प्राध्यापक डॉ. युधिष्ठर सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ. केके श्रीवास्तव व डॉ. ओजेर अजीज ने योगदान दिया। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जीके द्विवेदी ने कार्यक्रम की उपलब्धियां बताईं। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में श्रीछोटेलाल एकेडमी राठ की अगम्या राजपूत कक्षा नौ प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान सरस्वती बाल मंदिर राठ के जतिन कुमार व तृतीय स्थान आदर्श सोनी कक्षा 10 छोटेलाल एकेडमी राठ रहे। बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए।




मृतक किसान के आश्रित को स्वीकृति पत्र देते विधायक डा. मनोज प्रजापति।

### 96 आवेदकों को मिली 2. 48 करोड़ रुपये की सहायता

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति और विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने किया। योजना के तहत पिछले सितंबर माह तक के 52 दावों को स्वीकृत किया गया है। इनमें 96 लाभार्थियों को दो करोड़ 48 लाख 60 हजार रुपये लाभार्थियों के स्वीकृति पत्र सदर विधायक व जिलाधिकारी ने प्रदान किए। विधायक ने कहा कि किसान की असामयिक मृत्यु पर संबंधित परिवार को विभिन्न प्रकार की आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने ऐसे परिवारों को तुरंत सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना को संचालित किया जा रहा है। इससे संबंधित परिवार अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। कहा कि इस योजना के अंतर्गत मिलने वाली धनराशि का सदुपयोग किया जाए। यह धनराशि लाभार्थियों के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से भेजी जा चुकी है। इसमें सदर तहसील के 17 दावों में 34 लाभार्थियों को 80 .70 लाख, तहसील मौदहा के 20 दावों में 36 लाभार्थियों को 95 .70 लाख, तहसील राठ के नौ दावों में 15 लाभार्थियों को 42 .20 लाख तथा तहसील सरीला के छह दावों में 11 लाभार्थियों को 30 लाख की धनराशि वितरित की गई है। इस प्रकार कुल दो करोड़ 48 लाख 60 हजार रुपये की धनराशि वितरित की गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, एसडीएम न्यायिक सदर बलराम गुप्ता, तहसीलदार सदर व अन्य संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी मौजूद रहे।




भाजपा कार्यालय में बैठक करते भाजपाई। अमृत विचार

### पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता को बनाएं बूथ अध्यक्ष

**हमीरपुर।** भाजपा कार्यालयर में जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की अध्यक्षता में संगठन पर्व 2024 जिला कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि कुशीनगर विधायक संगठन जिला चुनाव अधिकारी पीएन पाठक की उपस्थिति में हुआ। बैठक में बताया गया कि हर हाल में पांच दिसंबर तक बूथों का चुनाव होना अति आवश्यक है। ऐसे बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख बनाएं जो भाजपा के लिए समर्पित कार्यकर्ता हों। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कार्यशाला शक्ति केंद्र चुनाव को लेकर हुई। मंडल चुनाव के बाद जिला स्तर का चुनाव कराया जाएगा। बैठक में सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति, निवर्तमान जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, जगदीश प्रसाद व्यास, प्रीतम सिंह किसान, विजय पांडेय, सरस्वती शरण द्विवेदी शिव प्रकाश सिंह सेंगर, राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने इस संगठन पर्व के चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिला महामंत्री उमाकांत राजपूत, नरवेंद्र सिंह, रोहित शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष किशन व्यास, सुरेंद्र तिवारी, लक्ष्मी रतन साहू जिला मंत्री, पुष्पराज सोनी, संतराम गुप्ता, हरचरण अनुरागी, लालाराम निषाद, चेयरमैन कुलदीप निषाद एवं समस्त मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी उपस्थित रहे।

**समारोह** — स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के 130वें जन्मोत्सव के अवसर पर हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं

# रस्साकसी में ब्रह्मानंद और नेहरू महाविद्यालय की टीम जीती

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के 130वें जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। प्रतियोगिताओं की शुरुआत महाविद्यालय के ध्वज को फहराकर की गई। मुख्य अतिथि एएसपी मनोज कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि दिलीप कुमार सिंह, महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ इंद्रपाल सिंह, प्राचार्य प्रो डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर माथा टेका व पुष्प अर्पित किए।



स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित करते एएसपी मनोज कुमार गुप्ता।



रस्साकसी प्रतियोगिता में जोर लगातीं छात्राएं। अमृत विचार

पहले दिन रस्साकसी प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में नेहरू महाविद्यालय ललितपुर का मुकाबला पीजी कॉलेज अतर्रा की टीम से हुआ। जिसमें अतर्रा कॉलेज की टीम विजयी रही। जमुना देवी नरेशचंद्र महाविद्यालय उरई की टीम ने जगत राज महाविद्यालय राठ को हराया। महिला वर्ग में अतर्रा पीजी कॉलेज के बीच हुए मुकाबले में जगतराज महाविद्यालय की टीम विजयी रही। ब्रह्मानन्द महाविद्यालय और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के बीच हुए मुकाबले में ब्रह्मानंद की टीम विजयी रही।

फाइनल में पहुंची टीमों में बालक वर्ग में पीजी कॉलेज अतर्रा और ब्रह्मानन्द महाविद्यालय के बीच हुए मैच में ब्रह्मानंद की टीम विजयी रही। बालिका वर्ग में नेहरू महाविद्यालय एवं ब्रह्मानंद महाविद्यालय के बीच मुकाबले में नेहरू महाविद्यालय की टीम विजयी रही। इसके पहले मुख्य अतिथि ने सभी छात्र- छात्राओं से खेलकूद को दैनिक दिनचर्या मे अपनाने को कहा। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। विशिष्ट अतिथि ने बताया कि खेल में हम अपना कैरियर बना सकते हैं।

प्राचार्य प्रो डॉ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी में एक अच्छे नागरिक के साथ साथ अच्छे खिलाड़ी बनने की पूरी क्षमता है। ऐसे में आप सभी को खेलकूद में आगे आना चाहिए। संयोजक क्रीड़ाधिकारी डा.भावना शर्मा ने छात्र छात्राओं के प्रदर्शन पर खुशी जताई। प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय आब्जरबर अरविंद राजपूत की देखरेख में हुईं।

रेफरी की भूमिका सुनील तोमर, उदेश कुमार, एवं कुलदीप सिंह ने निभाई। इस मौके पर डा. बलवंत सिंह, डा. हल्के प्रसाद, डा. नरेश कुमार सिंह, डा. वरुण कुमार सिंह, डा. विनोद कुमार पांडे, डा. जितेंद्र सिंह, डा. आरबी शर्मा, डा. अमित बिसेन, डा दशरथ सिंह, डा गोविंद राजपूत, डा. दुर्गेश पटेल, डा.दीपक सिंह, डा. अंकिता सैनी, 'डा. शैलेंद्र कुमार, डा. अवधेश नारायण शुक्ला, डा. पूर्णिमा गौतम, डा. सतेंद्र अग्रवाल, डा. शीला सिंह, डा. शिल्पा सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि रहे। संचालन डा.सरजू नारायण ने किया।

# 181 जोड़ों ने रखा दांपत्य जीवन में कदम

## राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन, प्रभारी मंत्री मनोहर लाल शामिल हुए

चित्रकूट कार्यालय


मंच पर बैठे प्रभारी मंत्री मनोहर लाल, अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार


जोड़ों को आशीर्वाद देते प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए शादी समारोह में शुक्रवार को 181 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में एक साथ पहला कदम रखा। राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में हुए कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इनको शुभकामनाएं दीं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के हर जिले में यह आयोजन कराया जा रहा है। इसमें हर वर्ग के गरीब लोगों की शादियां होती हैं। उन्होंने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आयोजन में जो कमियां हों, समाज कल्याण अधिकारी को बताएं। इस मौके पर मां भगवती संगीत पार्टी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों को अंगवस्त्रम् एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया। नवदंपति को विवाह प्रमाणपत्र भी दिया गया। इसके पूर्व इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा आदि जनप्रतिनिधि और विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

**बौद्ध रीतिरिवाज से 23 युगलों की शादी:** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 181 जोड़ों का विवाह कराया गया। इसमें बौद्ध रीति रिवाज से 23 जोड़ों एवं मुस्लिम रीति रिवाज से एक जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने भी नवविवाहितों को बधाई दी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने नवदंपतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उप जिलाधिकारी को दी गई विदाई

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** स्थानांतरित उप जिलाधिकारी प्रमोद झा को शनिवार को समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर एसडीएम के साथ अन्य लोग भी भावुक हो गए।

प्रमोद झा का राजापुर से झांसी तबादला हुआ है। अपने सौम्य और मिलनसार स्वभाव की वजह से प्रमोद झा ने लोगों का विश्वास जीता था। शुक्रवार को उनको अधिकारियों, उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई और अन्य लोगों ने भावभीनी विदाई दी। प्रमोद ने इस मौके पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वह तहसील क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए प्रयास करते रहे। उनके मन में तुलसीतीर्थ के विकास कराने की लालसा हमेशा बनी रहती थी। उन्होंने लोगों के प्रशासनिक व विकास कार्यों में दिए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। व्यापार मण्डल जिला उपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता ने बताया


उप जिलाधिकारी प्रमोद झा को प्रतिमा भेंट करते व्यापारी। अमृत विचार

● **प्रमोद झा ने लोगों का सहयोग के लिए जताया आभार**

कि प्रमोद झा ने 26 अक्टूबर 21 को कार्यभार ग्रहण किया था। उनके तीन वर्ष 32 दिन का कार्यकाल समतावादी, विकासवादी और न्यायवादी था। उनके कार्यकाल में तुलसी जन्मस्थली को अतिक्रमण जैसी समस्याओं से निजात मिली। इस मौके पर नगर इकाई ने एसडीएम को हनुमानजी व गणेशजी की प्रतिमा भेंट की गईं। विदाई समारोह में तहसीलदार विजय यादव, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश पांडेय, उद्योग व्यापार मंडल इकाई राजापुर के अनिल गुप्ता, सतीश चंद्र मिश्रा, सुभाष चंद्र अग्रवाल, सुनील मिश्रा, जुगराज केशरवानी, सौरभ मिश्रा, भरत जायसवाल, गौरव द्विवेदी, उमेश सोनी, विनय पांडेय, प्रदीप कुमार, शिरीष कुमार मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# हवा-हवाई था दौरा, सिर्फ इवेंट रहा- अनुज यादव

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरुवार को हुए दौरे को हवा हवाई बताया। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दौरे तो करते हैं पर जिले की समस्याओं की सुध लेने की जहमत नहीं उठाते। इस बार भी मुख्यमंत्री लोगों की दिक्कतों पर चुप रहे।

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में जिला चित्रकूट विकास और सुविधाओं के मामले में आज भी एक दशक पीछे खड़ा है। मुख्यमंत्री का पूर्व की भांति यह दौरा भी एक इवेंट मात्र बनकर रह गया। मुख्यमंत्री योगी जनपद आए लेकिन किसानों की समस्याएं, महंगाई, बेरोजगारी और पूरे बुंदेलखंड सहित जिले में आवारा पशुओं की समस्या के विषय में कुछ नहीं कहा। आरोप लगाया कि जहां एक ओर जनपद में किसान खाद के लिए परेशान है


अनुज सिंह यादव। अमृत विचार

● **सपा नेता बोले, समस्याओं पर चुप्पी साधे रहे सीएम**

और प्रशासन की प्रताड़ना झेल रहा है वहीं महंगाई बेरोजगारी से पढ़ा लिखा नौजवान मारामारा सड़क पर घूम रहा है।

महिलाओं और बच्चियों के साथ कई अप्रिय घटनाएं घट चुकी हैं लेकिन मुख्यमंत्री योगी इन सभी मुद्दों पर खामोश रहे। जिले की बीमार स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को न तो एक रुपया दिया और न जर्जर कानून व्यवस्था आदि के बारे में एक भी शब्द बोलने की जहमत उठाई।

## कई मायनों में अलग ही रहा मुख्यमंत्री का चित्रकूट दौरा, जिले के किसी भी भाजपाई को खास तरजीह नहीं दी

# राजनीतिक टिप्पणी से बचे, कीं सिर्फ विकास की बातें

चित्रकूट कार्यालय



मंदाकिनी नदी के रामघाट पर मंच पर बैठे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गुरुवार का दौरा कई मायनों में अलग रहा। पहली बात तो यह कि हाल ही में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा की बंपर जीत और राज्य से बाहर उन ज्यादातर स्थानों पर पार्टी की विजय, जहां जहां उन्होंने चुनावी सभाएं कीं, के बाद भी वह राजनीतिक बयानबाजी से बचे। दूसरे इस बार उन्होंने जिले के किसी भी भाजपाई को तरजीह नहीं दी। इसे जिले से भाजपा का लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधि न होने की टीस भी माना जा सकता है।

मुख्यमंत्री का अपने इस कार्यकाल में यह तीसरा दौरा था। पिछले कार्यकाल को मिला लें तो कुल मिलाकर दसवां दौरा। किसी भी जिले में अगर कोई मुख्यमंत्री इतनी बार दौरे करे तो यह स्वतः सिद्ध हो जाता है कि इसकी उनके मन में कितनी अहमियत है। जब प्रदेश में पहली बार योगी की अगुवाई में सरकार बनी थी तो जिले में लोकसभा के साथ साथ विधानसभा से भी पार्टी का प्रतिनिधित्व था। सांसद थे आरके सिंह पटेल और विधायक थे कर्वी से चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय और मानिकपुर से आनंद शुक्ला। पूरा गणित तब गड़बड़ा गया, जब इस बार चुनाव हुए। विधानसभा चुनाव के बाद यहां से सपा के उदीयमान नेता अनिल प्रधान ने राजनीति के मंजे मंजाए खिलाड़ी और राज्यमंत्री रहे चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को भारी अंतर से शिकस्त दे दी तो लोकसभा चुनाव हुआ तो दुबारा मैदान में उतरे आरके सिंह पटेल भी हार गए। उनको भी सपा की प्रत्याशी कृष्णा देवी शिवशंकर सिंह पटेल ने हराया। कभी भाजपा का गढ़ माने जाने वाले चित्रकूट जिले में वर्तमान में न तो लोकसभा में कोई प्रतिनिधि है और न विधानसभा में। यह भी एक रोचक तथ्य है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी ने सिटिंग प्रत्याशी पर ही दांव खेला था। ऐसे में यह टीस तो मुख्यमंत्री के मन में होगी ही कि जिसे जिले को वह इतनी तरजीह देते हैं वहां से पार्टी का प्रतिनिधित्व नहीं। मुख्यमंत्री चित्रकूट के दौरे अब भी कर रहे हैं तो इसका सीधा सा मतलब यह है कि चित्रकूट की पौराणिक धरती के प्रति उनके मोह में कमी नहीं आई है पर वह यहां सिर्फ विकास चाहते हैं। पार्टी के नेताओं से उनको कोई आशा नहीं।

शायद यही वजह है कि इस बार के दौरे में उन्होंने किसी नेता को बहुत ज्यादा न तो अहमियत दी और न राजनीतिक टिप्पणियां कीं। अपने लगभग सात मिनट के संक्षिप्त उद्बोधन में उन्होंने जिले में अब तक कराए गए विकास कार्यों और भावी योजनाओं को गिनाया। न तो किसी पार्टी पर टिप्पणी की और न किसी पर कटाक्ष किया। मंच पर भी उनके अलग-बगल संत महंत ही नजर आए।

सर्किट हाउस में भी भोजन के दौरान योगी आदित्यनाथ ज्यादातर शांत रहे और उन्होंने यह कहकर कि उनको सब पता है, काफी कुछ कह दिया।

# पत्नी पर लगाया बच्चियों काअपहरण करने का आरोप

**चित्रकूट।** बरगढ़ थानांतर्गत कोठीपुरवा मजरा कोलमजरा के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और अन्य लोगों पर दो पुत्रियों का अपहरण करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

ग्रामीण का कहना है कि बीती रात उसकी पत्नी कुछ अन्य लोगों के साथ उसके घर आई। इन लोगों ने उसके मां-बाप को बंधक बना लिया और फिर दो बच्चियों को उठाकर अपने साथ ले गए।

उसने आरोप लगाया कि ये लोग घर से जेवर और चालीस हजार रुपये भी ले गए हैं। बताया कि घटना के समय वह घर में नहीं था। उधर, इस संबंध में बरगढ़ थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि यह घरेलू विवाद का मामला है। मां अपनी बेटियों को तो ले ही जा सकती है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।



हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते युवा। अमृत विचार

# पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग

**चित्रकूट।** शहीद स्मारक में शुक्रवार को युवाओं ने बुंदेलखंड पृथक राज्य की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसकी अगुवाई भूपेंद्र सिंह पटेल ने की। अभियान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता निर्भय सिंह सम्राट अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। सचिन सिंह का विशेष सहयोग रहा। भूपेंद्र ने बुंदेलखंड वासियों से अनुरोध किया कि अभियान में सहयोग करें ताकि पृथक राज्य की मुहिम को पूरी ताकत के साथ बढ़ाया जाए।

# छीबों के बच्चों का कबड्डी, ऊंची कूद में दबदबा

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को गोस्वामी इंटर कालेज छीबों में ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता हुई।

खेल प्रतियोगिता की शुरुआत प्रबंधक संतोष कुमार पांडेय व प्रधानाचार्य शिव शंकर चौधरी के साथ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप यादव ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया। पांडेय ने बच्चों को पूरे जोश, लगन व खेल भावना से प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को खेलकूद का महत्व बताया। 100 मीटर सब जूनियर वर्ग के बच्चों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया। इसमें गिरजेश बालकों और तनु देवी बालिकाओं में प्रथम रहीं। जूनियर वर्ग 100 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में प्रदीप, बालिकाओं में पूजा देवी, सीनियर वर्ग में विद्यासागर और प्रियांशी अव्वल आईं। लंबी कूद सब जूनियर वर्ग में खुशबू ने सबको पिछाड़ दिया। वालीबाल में रामनगर की टीम ने बाजी मारी। कबड्डी में बालिकाओं में छीबों व उफरौली का दबदबा रहा। दुर्गेश कुमार ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक में अव्वल आए। बालिकाओं में विभिन्न वर्गों में गोला फेंक में शांति, महक, प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में उफरौली के बच्चों ने कबड्डी, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद में बढ़िया प्रदर्शन किया। रश्मी, दिव्या, अर्चना का हर विधा में प्रदर्शन सराहनीय रहा। 400 मीटर में गिरजेश कुमार, रोहिणी दत्त प्रथम आए। 200 मीटर दौड़ में प्रदीप सिंह, खुशबू, द्रोण, दिव्या ने शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन, कुश्ती, वालीबाल, फुटबाल में छीबों का दबदबा रहा।


ऊंची कूद में प्रतिभा दिखाती छात्रा। अमृत विचार

● **रामनगर ब्लाक की ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता**

कार्यक्रम का समापन बच्चों को पदक और प्रमाणपत्र देकर किया गया। महेश यादव, यादवेंद्र, दिनेश, दुर्गाशरण, पवन, चंद्रभान, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


करियर मेले पंख में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### व्योम और आनंद ने बनाई सबसे बढ़िया पंख डायरी

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** राजकीय हाई स्कूल असोह में शुक्रवार को करियर मेला पंख लगा। इसमें वक्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को अपना भविष्य तलाशने की सलाह दी। इस मौके पर कक्षा नौ के छात्र व्योम एवं आनंद ने सर्वश्रेष्ठ पंख डायरी बनाकर वाहवाही लूटी। जिला नोडल अधिकारी पंख करियर कमला साहू एवं प्रधान असोह मंटो देवी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों तैयार की गई पंख डायरी एवं चार्ट, मॉडल आदि देखे और सराहना की। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के शाखा मैनेजर भूपेश सिंह ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के डाक्टरों सुधीर कुमार एवं कमल सिंह ने मेडिकल क्षेत्र में भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बातें बताईं। पूर्व प्रधानाचार्य सुनीता देवी ने फैशन डिजाइनिंग, होम साइंस, यू ट्यूब आदि में करियर के संबंध में बताया। शिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि प्रतिभा को पहचान कर स्वयं से अपना पसंदीदा क्षेत्र चुनें। उन्होंने कौन सी डिग्री हासिल करके किस क्षेत्र में जाया सकता है, यह भी बताया। शिक्षक प्रमोद कुमार पाल, रमेश कुमार वर्मा एवं मिथिलेश कुमार ने भी छात्रों को अपना पसंदीदा करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। राखी, मोहिनी, नेहा आदि छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाई। गुड़िया साहू ने फैशन डिजाइनिंग संबंधी पोस्टर बनाया। शाहिद एवं जितेंद्र आदि ने बताया कि वे कौन सा करियर चुनेंगे। नोडल अधिकारी ने बच्चों को बताया कि हमें नौकरी के पीछे न भागकर खुद लोगों को नौकरी देनी है। आईटीआई और पॉलीटेक्निक जैसे कोर्स कर आत्मनिर्भर बनना है। जिला समन्वयक विवेक सिंह ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पाल ने किया। कार्यक्रम में देवकुमार, मुन्नीलाल, शिवप्रकाश सिंह, सकुटवा आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन का चुनाव 23 दिसंबर को


अधिवक्ता रामप्रकाश पांडेय।

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। मतदान 23 दिसंबर को होगा। यह जानकारी एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय एडवोकेट ने दी। उन्होंने बताया कि दो दिसंबर से छह दिसंबर तक सदस्यता शुल्क जमा होगा। नौ दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अगले दिन दो बजे तक आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी और इनका निस्तारण दो बजे से सायं पांच बजे तक किया जाएगा। 13 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, 16 एवं 17 दिसंबर को नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। 19 दिसंबर को नाम वापसी होगी। उन्होंने बताया कि 20 दिसंबर को संघ भवन में प्रत्याशियों के दक्षता भाषण का कार्यक्रम है। 23 दिसंबर को प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक मतदान होगा। अगले दिन प्रातः नौ बजे से परिणाम घोषित होने तक मतगणना होगी। चुनाव एल्डर कमेटी की निगरानी में होंगे।

### 35 लीटर कच्ची शराब बरामद

**चित्रकूट।** आबकारी विभाग ने शुक्रवार को भैरों पागा में मंदाकिनी नदी के किनारे दबिश दी। इस दौरान 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। 409 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया।

धर्म-अध्यात्म

## राजापुर कस्बे के श्याम घराना का भव्य आयोजन

# धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम की शोभायात्रा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


खाटू श्याम की शोभायात्रा निकली। अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजापुर कस्बे के श्याम घराना ने शुक्रवार को खाटू श्याम की शोभायात्रा निकाली। मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। जगह जगह खाटू श्याम प्रसाद वितरित किया गया।

मान्यता है कि द्वापरकाल में महाभारत युद्ध के समय बर्बरीक नामक योद्धा से भगवान श्रीकृष्ण ने उनका सिर दान मांगकर युद्ध की विभीषिका से पांडवों को बचाया था। भगवान श्रीकृष्ण ने योद्धा बर्बरीक को श्याम स्वरूप होने का आशीर्वाद दिया। तभी से सनातनी खाटू श्याम के नाम से पूजा जाता है और पूजा अर्चना की परंपरा चली आ रही है। शोभायात्रा के आयोजक धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार, रिंकू, कृष्णा, विशाल मिश्रा, चीकू अग्रवाल, नीतीश, अमन जायसवाल, जयप्रकाश, रवि ने बताया कि भगवान खाटू श्याम की शोभायात्रा यमुना पुल से प्रारंभ होकर तुलसी इंटर कालेज रोड, तुलसी मानस मंदिर रोड, यमुना रोड, तुलसी स्मारक रोड होते हुए प्रारंभ स्थान पहुंची। भंडारे का आयोजन किया गया और रात्रि जागरण का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर मनोज, पिंटू केशरवानी, मुन्नालाल केशरवानी ने प्रसाद वितरण किया।

### सुख-शांति के लिए अखंड मानस पाठ

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत रगौली में पूर्व प्रधान रामचंद तिवारी जिलाध्यक्ष पत्रकार समाज कल्याण समिति के निवास पर अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। रामचंद ने बताया कि परिवार और समाज की सुख शांति व आत्म कल्याण के लिए अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन कराया जा रहा है। शनिवार को समापन के अवसर पर भंडारा किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार हरी नारायण पांडेय, गणेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# दंपति से लूट के दो आरोपी हमीरपुर के

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र में चित्रकूट (मप्र) थानांतर्गत भगड़ा गांव में वृद्ध दंपति से लूट, मारपीट, हत्या के प्रयास मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी हमीरपुर जिले के निवासी बताए गए हैं। गांव निवासी मुन्नी देवी पटेल ने दो जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक जुलाई की रात चार लोगों ने घर में धावा बोलकर उसे और उसके पति मइयादीन से मारपीट की। मोबाइल, दो हजार रुपये, गहने लूट लिए। 28 नवंबर को पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर तीन और लोगों को पकड़ा गया। इनमें से दो गुरदहा थाना मौदहा जिला हमीरपुर के हैं। इनसे पुलिस ने मोबाइल और 11सौ रुपये बरामद किए। कोर्ट के आदेश के बाद इनको जेल भेज दिया गया।

# खाद न मिलने पर किसानों ने मंत्री से लगाई गुहार

## किसानों ने कहा, डीएपी खाद न मिलने से बुवाई हो रही प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, महोबा



खाद के लिए समिति में लाइन में लगे किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में डीएपी खाद की किल्लत बढ़ती जा रही है। खाद की समस्या को लेकर बेलाताल, जैतपुर और श्रीनगर में कई बार किसान सड़क जाम कर चुके हैं। इसके बाद भी खाद की समस्या से किसानों को निजात नहीं मिल रही है। अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन देकर किसानों को टरकाया जा रहा है। इससे नाराज होकर कई किसानों ने जिले के प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर से भेंट कर खाद की समस्या से अवगत कराया।

अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए किसान आये दिन हाईवे और मुख्य मार्गों को जाम कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा जल्द ही खाद का आश्वासन दिया जा रहा है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रही है। अधिकारियों से फरियाद सुनाते-सुनाते थक चुके किसानों ने गुरुवार को जिले के प्रभारी राज्य मंत्री से मुलाकात की।

किसानों ने नगर विकास और शहर समग्र विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर को बताया कि किसानों को एक से दो बोरी डीएपी खाद दी जा रही है जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

किसानों को पांच से दस बोरी के सापेक्ष एक दो बोरी खाद मिलने से उनकी बुवाई नहीं हो पा रही है जिससे किसान समय से खेत तैयार होने के बाद भी बुवाई नहीं कर पा रहा है। राज्यमंत्री ने किसानों को खाद की व्यवस्था कराये जाने का आश्वासन दिया।

## क्रेय केन्द्र खोले जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा



तहसील में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा

**अमृत विचार।** शासन के आदेश के बाद भी जिले में मूंगफली के क्रेय केन्द्र न खोले जाने के विरोध में जय जवान जय किसान एसोसिएशन के नेतृत्व में किसानों ने तहसील पहुंचकर हाथों में समर्थन मूल्य लिखी तख्तियां दिखाकर प्रदर्शन किया बाद में उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम सदर को सौंपे गये ज्ञापन में बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है यहां का किसान अन्नदाता कहलाता है। किसानों द्वारा बोई गई मूंगफली की फसल आ जाने के बाद भी क्रेय केन्द्र न खोले जाने से मंडी समिति में आड़तिया किसानों की मूंगफली प्रति क्विंटल 4000 से 5000 रुपये के हिसाब से ले रहे हैं जिससे किसानों को 2200 से 2700 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है। जबकि सरकार ने मूंगफली का रेट 6783 रुपये निर्धारित कर दिया है। क्रेय केन्द्र न होने से किसानों को निर्धारित किया गया रेट नहीं मिल पा रहा है।

भारत सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6783 रुपये निर्धारित किया है लेकिन अभी तक सरकारी खरीद केन्द्र नहीं खोले गये। जिससे बुन्देलखंड के किसानों को मूंगफली का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है और मजबूर होकर किसान आड़तियों को 4500 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेच रहा है। गुलाब सिंह, हरी सिंह, मनोज, भगवानदास, बालादीन, सुरेन्द्र कुमार, फूलसिंह, ओमप्रकाश, मनोहर सिंह, मानसिंह रहे।

# संग्रहालय में अभिलेखों को सुरक्षित किया जाए

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन
- जिलाधिकारी ने समस्या समाधान की बात कही

**अमृत विचार।** जिला संग्राहलय माल में अभिलेखों की सुरक्षा किये जाने के अधिवक्ताओं ने मांग करते हुए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संग्राहलय माल में रखे पुराने अभिलेखों की जिल्द फट जाने से कागजों के इधर-उधर बिखरने का खतरा बढ़ गया है।

ज्ञापन में बताया कि जनपद में जो बंदोबस्त के बाद सड़के बनी, भूमि अधिग्रहण हुआ उसका अभिलेखों में अंकन नहीं है। एनएचआई मार्ग की भूमि अधिग्रहीत की गई लेकिन खतौनियों में अमलदरामद नहीं किया गया।

नक्शों में आकार नहीं है जिससे कारण अन्य किसान धोखे का शिकार हो रहे है। ग्राम कुलपहाड़ धारा 52 का प्रकाशन हो जाने का समय बीत चुका है खतौनी कब से मिलेगी जिससे खतौनी किसान प्राप्त कर सके। अभिलेखागार में बाहरी लोग कैसे काम कर रहे है संग्राहलय माल से 6 माह से नकलें न मिलने से वादकारी परेशान हैं। तहसीलों से खतौनी जिला संग्राहलय नहीं भेजी जा रही है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

चकबंदी लिपिकों के द्वारा पत्रावलियां दाखिल न करना, चकबंदी विभाग के लीडर अपनी अदालत में नहीं बैठते, उप संचालक चकबंदी जिसके कारण वादकारी पेशकारों को खोजते फिरते हैं यह सारी व्यवस्थायें कराये जाने की जिलाधिकारी से मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता विजय बहादुर राजपूत, अरुण त्रिवेदी सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



कार्यशाला में बोलते हुए वक्ता, बैठे छात्र-छात्रायें। अमृत विचार

# छात्रों ने सीखे स्वरोजगार के गुर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- आर्यावत बैंक के प्रबन्धक ने युवाओं को रोजगार के लिए ऋण देने का दिया भरोसा

**अमृत विचार।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर के तत्वावधान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए युवाओं को स्वरोजगार हेतु कार्यशाला का की शुरुआत की गई। उद्यमिता में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी हीरालाल ने जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रदत्त सेवाओं की जानकारी दी।

आर्यावर्त बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धक प्रशांत कुशवाहा ने बैंक में रोजगार के लिए ऋष्ठा उपलब्ध कराने के बावत लोगों को जानकारी देते हुए समझाया साथ ही उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास के महेश कुमार ने केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की उपस्थित जन सामान्य एवं छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

इस अवसर पर सहायक निदेशक एमएसएमई अमित कुमार बाजपेई ने विद्युत विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम आईक्यूएसीके तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

जिसमें आये हुए अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर डा. एलसी अनुरागी, डा. अनवर आलम, डा. सोवित गुप्ता,. डा. शक्ति सक्सेना, डा. रामबिहारी पाण्डेय के अलावा महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं।

# आंकड़ों को फीड करने में चूक न हो

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सीएम डेशबोर्ड के तहत संचालित योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने योजनाओं की प्रगति के बावत जानकारी करते हुए श्रेणी ए, बी, सी और डी में शामिल योजनाओं की स्थिति को भी देखा। प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए डीएम ने कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई त्रुटि नहीं होगी। पोर्टल पर कोई डाटा छूटेगा नहीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। जिससे जिले की रैंकिंग भी बेहतर बनी रहे। उन्होंने सभी श्रेणी वाली परियोजनाओं में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और समय अंतर्गत निस्तारण करें। डीएम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर निर्माण कार्य की कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण कराया जाए जिस पर कार्यदायी संस्था ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय पनवाड़ी चरखारी कबरई जैतपुर का कार्य 90 प्रतिशत और नवीन जिला कारागार निर्माण कार्य को 65 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष कार्य मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

# मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मुस्तैदी से ड्यूटी करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- मस्जिदों के आसपास नमाज के दौरान तैनात रहा पुलिस फोर्स

**अमृत विचार।** शुक्रवार (जुमे) की नमाज को लेकर कस्बा चरखारी की मस्जिदों एवं विभिन्न एंट्री प्वाइंट्स और सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट में पुलिस सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर चाक-चौबंद रहा। मस्जिदों के आस-पास सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे जुमे की नमाज के दौरान शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा हो सके।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों की मस्जिदों में पुलिस की ड्यूटी लगाई गई। पुलिस द्वारा संघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जिससे चरखारी क्षेत्र में किसी भी असामाजिक व्यक्ति के प्रवेश को रोका जा सके।

एसपी के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे साथ ही धर्म गुरुओं से भी संवाद कर शांति व सद्भाव बनाये रखते हुए तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील भी की गई।

जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराई गई। मीडिया सेल टीम द्वारा भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने और माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी गई। इससे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई कराई जा सके। चरखारी पुलिस शांति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए दृढ़ संकल्पित दिखी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौण, कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार और पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिवम क्लब ने जन्नत क्लब को 8 विकेट से हराया

**महोबा।** अजनर में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान पहला मैच जन्नत क्लब और शिवम क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें शिवम क्लब ने जन्नता क्लब को 8 विकेट से हराया। वहीं यदुवंशी क्लब , परिहार क्लब से जीती।

पहले मैच में जन्नत क्लब ने टॉस जीता और निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 79 रन बनाये। जबाव में उतरी शिवम क्लब ने 7 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाकर जन्नत क्लब को 8 विकेट से हरा दिया। दूसरा मैच परिहार क्लब और यदुवंशी क्लब के बीच खेला गया। जिसमे परिहार क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 70 रन बनाये जबाव में उतरी यदुवंशी क्लब ने 7 ओवर में 1 विकेट खोकर 71 रन बनाकर 9 विकेट से जीत लिया।

# केवीके बेलाताल में प्रोसेसिंग यूनिट का होगा निर्माण, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा



प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माण का कुदाल चलाकर शुरुआत करते निदेशक।

- कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि बांदा के निदेशक ने समय के अंदर निर्माण के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केन्द्र बेलाताल में मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपरण केन्द्र का भूमि पूजन के साथ कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा के निदेशक डा. एनके बाजपेई द्वारा शिलान्यास किया। जहां पर भारी संख्या में किसानों ने शिरकत की। इस मौके पर किसानों को रबी की फसल का बीज भी वितरित किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र बेलाताल महोबा में मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपरण केन्द्र का शिलान्यास के बाद किसानों को रबी की फसल का बीज भी वितरित किया गया। निशुल्क बीज पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे।

केवीके शिलान्यास अवसर पर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय बांदा के निदेशक ने बताया कि बुन्देलखंड की जलवायु श्री अन्य फसलों (मिलेट्स) के अनुकूल होने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इन फसलों के उत्पादन प्रसंस्करण एवं विपरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके लिए केन्द्र पर इस परियोजना में निर्माण कार्य मशीनरी एवं अन्य खर्चों के लिए 95 लाख रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है। इस परियोजना का निर्माण बुन्देलखंड के प्रत्येक जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र में किया जा रहा है। जिसका फायदा जिले के किसानों और आमजन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड न्यूटीसीरियल को पैदा करने का प्रमुख क्षेत्र बन जायेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये और समय पर कार्य को पूर्ण किया जाये। केन्द्र प्रभारी एसपी सोनकर को अपनी देखरेख में कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यरत कार्मिकों का कार्य कृषकों को नवीनतम तकनीकी का हस्तांतरण किया जाना है।

# नहर में पानी न छोड़ने से बुवाई प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, महोबा



नहर में सिल्ट और झाड़ियों की वजह से पानी का बहाव धीमा। अमृत विचार

- देरी से नहरें चालू करने के कारण कई गांवों के खेतों में नहीं पहुंचा पानी

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते समय से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। अब पानी छोड़ा तो गया है लेकिन चुरबरा, शाहपहाड़ी और बीजानगर गांव से गुजर रही नहर के टेल तक पानी न पहुंच पाया है। इससे सैकड़ों किसान रबी की फसल की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे किसानों में खासा आक्रोश है।

नवम्बर माह के पहले सप्ताह में नहरों में पानी छोड़ा जाना चाहिए जिससे किसान समय से खेतों में पानी लगाकर पलेवा करने के बाद नवम्बर के आखिरी सप्ताह तक बुवाई कर सकें, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते देरी से सलारपुरा नहर खोले जाने से शाहपहाड़ी, चुरबरा, बीजानगर सहित तीन गांव में अभी तक पानी नहीं पहुंचा है।

शाहपहाड़ी गांव के कुछ हिस्से में किसानों को पानी तो मिल गया है, लेकिन अब पलेवा करने के बाद आठ दिन तक खेतों के गीले रहने से बुवाई प्रभावित होना तय माना जा रहा है। जिससे समय से बुवाई नहीं हो सकेगी। इससे फसल की उत्पादन क्षमता घट जायेगी।

सालरपुर बांध से छोड़ी गई शाहपहाड़ी, चुरबरा माइनर में बेहद कम पानी होने से तेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे चुरबरा और बीजानगर के किसान अभी तक खेतों में पलेवा नहीं कर सके हैं। शाहपहाड़ी गांव के तमाम किसान देर से पानी छोड़े जाने के कारण बुवाई नहीं कर पा रहे हैं।

### लाखों रुपये आने के बाद भी नहीं कराई नहरों की सफाई

- नहरों की सफाई के लिए लाखों रुपये आने के बाद भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा नहरों की सफाई न कराने से नहरों में पानी छोड़ने के बाद भी पानी गति नहीं पकड़ पाता है और न ही तेल तक पानी पहुंचता है जिससे किसानों को समय से पानी न मिलने के कारण उनकी जुताई-बुवाई नहीं हो पाती है और फसल की बुवाई पिछड़ जाने से फसल की उत्पादन घट जाता है।

किसानों की बुवाई पिछड़ने से उनमें आक्रोश दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग की मनमानी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसान लगातार शिकायतें भी कर रहे हैं।

**प्रतियोगिता** अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चरखारी-भोपाल ने किया प्रवेश

# चरखारी ने भोपाल को 4-1 हराया, सेमीफाइनल में पहुंची

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मैदान में हॉकी खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन क्वार्टर फाइनल मैच में अजहर अकादमी चरखारी ने भोपाल को एक तरफा मुकाबले में 4-1 से और झांसी ने झांसी को 3-2 से हराया और हॉस्टल झांसी ने एलबीएम झांसी को 3-2 हराया। सेमीफाइनल मैच शुक्रवार को डाकबंगला मैदान में खेले जाएंगे।

मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज के उपलब्ध्य में चल रहे अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन सेमीफाइनल मैच में स्थान बनाने के लिए चार टीमों का मुकाबला हुआ। इसमें पहला मैच स्थानीय टीम अजहर अकादमी और भोपाल के बीच खेला गया। मैच में मेजबान चरखारी के युवा खिलाड़ियों का बेहतर खेल एक बार फिर देखने को मिला और भोपाल की मजबूत टीम को मेजबान टीम चरखारी के सामने बौनी साबित हुई। खेल के दोनों ही हाफ में चरखारी की टीम ने अपना जौहर दिखाया । खेल शुरू होते ही चरखारी के संजय ने फील्ड गोल करते हुए बढ़त बनायी। पहले हाफ के 21वें मिनट में चरखारी को पेनाल्टी कार्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में ओम ने चूक नहीं की और 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में राशिद हुसैन ने फील्ड गोल किया लेकिन 51वे मिनट में भोपाल के कासिफ ने एक गोल करते हुए बढ़त को कम किया लेकिन आखिरी क्षण में भोपाल के गोल कीपर द्वारा गेंद को गलत तरीके से दबाने पर रेफरी फीरोज ने पेनाल्टी स्ट्रोक दिया जिसे चरखारी के शफकत हुसैन ने गोल में बदल दिया और अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई। मैदान में स्थानीय टीम की जीत का जश्न देखने लायक रहा। दर्शकों ने चहेते खिलाड़ियों को जमकर इनाम भी दिया। सेमीफाइनल में स्थान बनाने के लिए हुआ दूसरा मैच एलबीएम झांसी और हास्टल झांसी के बीच खेला गया। खेल शुरू होते ही एलबीएम झांसी के सुशील ने फील्ड गोल कर दिया। एक गोल से पिछड़ती हास्टल टीम ने काउंटर अटैक जारी किए और पूरी तरह से एलबीएम के ऊपर हावी हो गयी। इसमें एक के बाद एक हमले करने का लाभ हास्टल को मिला और खेल के तीसरे मिनट में आशीष ने गोल दागते हुए अपनी टीम को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। 17वें मिनट में हास्टल के राघवेन्द्र ने फिर बढ़त बनाई लेकिन आखिरी क्षण में एवीएम के अतुल ने गोल दागते हुए बराबरी कर ली। मैच के निर्णय के लिए पैनाल्टी शूट आउट कराया गया जिसमें हास्टल ने एलवीएम को 3-2 से हराते हुए सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाईनल मैच शनिवार को केनरा बैंक बैंगलुरू, गंगापुर बिहार, अजहर एकेडमी चरखारी और हास्टल झांसी के बीच खेला जाएगा।

# कुंभकरण वध पर गूंजा जयघोष

कार्यालय संवाददाता महोबा



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री आदर्श रामलीला सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव में गुरुवार को कुम्भकरण व मेघनाथ वध की लीला का मंचन किया गया। प्रभु राम ने कुंभकरण और लक्ष्मण जी ने मेघनाद का वध किया तो जय- जय श्रीराम का उद्घोष वातावरण में गूंज उठा।

कुम्भकरण की भूमिका मयंक राठौर के द्वारा जबरदस्त अभिनय किया गया। गहरी नींद में सो रहे कुम्भकरण को जगाने के लिए लंकापति रावण के द्वारा बहुत प्रयास किया गया। तमामा प्रयासों के बाद जैसे ही कुम्भकरण जागा है उसे जमकर मदिरापान का सेवन कराया गया। नशे में धुत वीर कुम्भकरण रणभूमि में युद्ध के लिए तैयार होकर पहुंचा। रणभूमि में कुम्भकरण को देख प्रभु राम की सेना में कुछ समय के लिए खलबली मच गई । भालू और बंदरों को वह मच्छरों की तरह मारने लगा है। तब प्रभु राम एक ही वाण से उसका वध कर दिया।

गुप्तचरों के द्वारा जब रावण को कुम्भकरण के वीरगति प्राप्त होने की खबर मिलती है तो लंकापति रावण और अधिक क्रोध में गया। उसने फिर पुत्र मेघनाद को युद्ध के लिए भेजा ।

युद्ध के पहले मेघनाद देवी की अराधना कर शक्ति मांगने का प्रयास करता है। इसकी जानकारी जब प्रभु राम को हुई तो उन्होंने विघ्न डालने के लिए सेना भेज दी। हनुमान जी अनुष्ठान खत्म कर देते इससे नाराज होकर मेघनाद युद्ध के लिए चला जाता है जहां पर उसका लक्ष्मण के साथ घनघोर युद्ध होता है और लक्ष्मण मेघनाद का वध कर देते हैं। दुखी सिलोचना अपने पति मेघनाद का सिर लेने के लिए रामादल पहुंचती हैं। सती सिलोचना का रूदन देख लोग भाव विभोर हो गए। रामलीला मंचन के दौरान दाताराम रैकवार, दीनदयाल रैकवार, रंजीत प्रजापत, अंजु प्रजापत को मंच पर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### जबरन खेत में जोताई करने का आरोप

**जालौन।** जबरन खेत में जोताई पर मना करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी बृजमोहन ने पुलिस को बताया कि उन्हें अपने खेत में बुआई करनी थी। बुआई से पूर्व उन्होंने अपने खेत में बखराई की थी। खेत को बखरने के बाद वह अपने घर आ गए। घर पहुंचने पर उसे पता चला कि गांव के कुछ लोग उनके खेत पर पहुंच गए हैं और बिना किसी अधिकार के उसके खेत में जुताई कर रहे हैं। यह जानकारी मिलते ही वह अपने खेत पर पहुंचा तो वहां कुछ लोग ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। जब उसने खेत में जुताई करने से रोका तो वह लोग उसके साथ गाली, गलौज करने लगे और लाठी, डंडे लेकर मारपीट पर आमादा हो गए। उन्हें उत्तेजित देखकर जब उसने वह लौटने लगा तो उन्होंने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसडीएम, कोतवाल ने समिति में बंटवाई खाद

**कालपी ।** उर्वरक किसानों को सरलता पूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कवायद की जा रही है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक की मौजूदगी सहकारी समिति कालपी में खाद वितरण कराया गया। उन्होंने मौके पर भारी भीड़ को महिला और पुरूष की पंक्ति बनवाकर नियंत्रित कराया गया। एसडीएम कोतवाल ने समिति के परिसर में पहुंच कर विक्रय दर का सत्यापन किया गया। उन्होंने अभिलेखों से मिलान कर डी ए पी खाद का वितरण नियमानुसार कराया। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरक की सही तरीके से उपलब्धता कराई जायेगी। उन्होंने समिति के संचालकों को भी खाद के वितरण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

### शिकायत करने पर दी मुकदमे की धमकी

**मोहम्मदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदनपुर में स्थित एक स्कूल के संस्थापक ने तहरीर दी। बताया स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा को सुबह आते समय मदन पुर निवासी एक युवक ने अपनी बाइक पर बैठने के लिए कहा, छात्रा बाइक पर नहीं बैठी तो छुट्टी के समय 1:30 बजे छात्रा के साथ अभद्रता की। जिसकी जानकारी मिलने पर प्राथी अपने स्टाफ के साथ परिजन से शिकायत करने घर गया। तो युवक की मां, बहन ने भद्दी-भद्दी गालियां देकर मारपीट की। साथ ही बलात्कार के मुकदमे में फसाने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया तहरीर मिल गई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज

## पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं, ड्रोन से रखी गई नजर

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिले में जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। ड्रोन से निगरानी की गई। एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने भी पैदल गश्त कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बजारिया स्थित मस्जिदों के आसपास का निरीक्षण किया।

बता दें कि संभल में जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे की नमाज को लेकर उरई समेत पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। पुलिस अधीक्षक ने जिले की सभी प्रमुख मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। अराजक तत्वों पर सोशल मीडिया से लेकर विभिन्न तरीकों से नजर रखी जा रही है। जालौन जनपद के प्रमुख मस्जिदों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सभी लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की गई है। उसके अलावा माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है। सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है।



निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार। अमृत विचार

### मस्जिदों के बाहर तैनात रहे पुलिस के जवान

**कालपी ।** संभल की घटना की वजह से शुक्रवार को पुलिस प्रशासन दिनभर अलर्ट रहा। प्रशासन तथा पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच कालपी की दर्जन पर भर मस्जिदों में जुमें की नमाज संपन्न हुई।

स्थानीय नगर की शाही जामा मस्जिद बड़ा बाजार, खानकाही मस्जिद राजेपुरा, बड़ी मस्जिद जुलैहटी, मुड़िया गुंबद मस्जिद गल्ला मंडी, मखदूमिया मस्जिद रावगंज, तहसील मस्जिद,सुभान मस्जिद हरीगंज आदि के अलावा गुलौली गांव की तीन मस्जिदों में जुमे की नमाज सामूहिक रूप से शान्ति पूर्वक हजारों नमाजियों द्वारा अदा की गई।

शुक्रवार की सुबह से उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह प्रभारी क्षेत्रधिकारी समीर सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, अतिरिक्त इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, टरनंनगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह, शिवम सिंह सेंगर ,रामगंज चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार सिंह भ्रमण शील रहे तथा पुलिस जवानों के साथ मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए।

इसके अलावा मुन्ना फुल पावर चौराहा , टरनंनगंज बाजार समेत विभिन्न स्थानों में भी प्रशासनिक पुलिस तथा खुफिया विभाग के कर्मचारी सक्रिय बने रहे। इससे पहले कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक की मौजूदगी में ड्रोन उड़ा करके कई स्थानों की निगरानी की गई ।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत




**उरई।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति घायल हो गए थे। जिसमें गुरुवार को इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई।

कस्बा जालौन के मोहल्ला भवानीराम निवासी ममता देवी 45 वर्ष बीती 16 नवंबर को पति रणविजय बहादुर सिंह के साथ मायके मूसानगर जिला कानपुर देहात एक कार्यक्रम में शामिल होने मोटरसाइकिल से जा रही थी। तभी मूसानगर क्षेत्र में ही तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी जिसमें ममता और उसका पति रणविजय घायल हुए थे। हालत गंभीर होने पर ममता को परिवार के लोग कानपुर ले गए थे जहां उसका इलाज चल रहा था पर गुरुवार को ममता की मौत हो गई। जिसके लड़के लवकुश सिंह ने बताया कि घायल पिता घर पर है जबकि मां की मौत होने से परिवार के सभी लोग गमगीन हैं।




साइंस मेले में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। अमृत विचार

## मंडलीय साइंस मेले में आदित्य व टीम को मिला दूसरा स्थान

**जालौन।** झांसी में आयोजित हुए मंडल स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला में आईटीआई उरई में अध्ययनरत नगर के छात्र व उसके साथियों द्वारा हाइड्रो पावर प्लांट के मॉडल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नगर के लोगों ने छात्र को बधाइयां दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पिछले दिनों राजकीय इंटर कॉलेज झांसी में मंडल स्तर पर युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने साइंस आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस साइंस मेला में आईटीआई उरई में नगर के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी धर्मेंद्र सोनी के बेटे आदित्य सोनी व उनके साथी ध्रुव कुमार साहू, मनोज, महक गौतम, नित्या द्विवेदी ने मिलकर इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के अनुदेशक अजय कुमार निरंजन की निगरानी में हाइड्रो पावर प्लांट (जल विद्युत संयंत्र) का चलित मॉडल प्रस्तुत किया। आदित्य सोनी ने बताया कि इस मॉडल के माध्यम से थर्मल प्लांट में बिजली का उत्पादन और उत्पादित बिजली को किस प्रकार बिजलीघर से घरों तक पहुंचाया जाता है। इसको बखूबी दर्शाया गया है। बताया कि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में उनके विद्यालय को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर लोगों ने उसके घर पहुंचकर बधाई दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पुलिस के जवानों ने शस्त्र चलाने का किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, उरई

- पुलिस लाइन का निरीक्षण कर एसपी ने परेड की सलामी ली
- शस्त्रागार, भोजनालय, बैरक का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड हुई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम परेड की सलामी ली गई। इसके बाद एसपी द्वारा थाना पुलिस, फील्ड यूनिट आदि का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार द्वारा थाना पुलिस, फील्ड यूनिट आदि का निरीक्षण कर उनको संचालित करने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संबंधित को देख-रेख व कुशल संचालन के लिए निर्देशित किया गया। परेड पर उपस्थित पुलिसकर्मियों से शस्त्र संचालन व शस्त्र अभ्यास कराया गया। पुलिस लाइन स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया व अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। साथ ही साथ अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने-अपने कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन करने तथा जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया। परेड द्वारा क्वाटर गारद के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गारद की सलामी ली गई। शस्त्रागार, भोजनालय, बैरक, पुलिस लाइन परिसर, महिला थाना का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पारसनाथ चौधरी, यातायात शाखा प्रभारी व पुलिस लाइंस के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# एक कॉल पर पहुंचेगा शव वाहन

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** अब किसी की मौत के बाद शव ले जाने के लिए परेशानी नहीं झेलनी होगी। बस एक नंबर डायल करने पर शीघ्र वातानुकूलित शव वाहन आपके द्वार पर पहुंचेगा। शहर में कहीं भी शव ले जाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। लाभ के लिए इमरजेंसी नंबर (9451662645, 9453555237) भी जारी किया गया है।

बता दे कि ब्राह्मण समाज सेवा समिति के सदस्य महेंद्र दीक्षित राकेश तिवारी रानिया, नीलू महाराज कैथेरी, अशोक त्रिपाठी, सुनील तिवारी, दीपक दिक्षित, अंकित रावत एवं अपूर्व मिश्रा की पहल पर कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी एवं महामंडलेश्वर सिद्धरामदास जी महाराज महंत ठंडेश्वरी मंदिर ने शहर के पीलीकोठी के समीप स्थित सुहाग महल उत्सव ग्रह से शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर आम जनता को समर्पित किया।



फीता काटकर शव वाहन को रवाना करते विधायक विनोद चतुर्वेदी एवं सिद्धांत महाराज।

- विधायक विनोद चतुर्वेदी ने शव वाहन को दिखाई हरी झंडी

इससे पूर्व वाहन का विधिवत पूजन-अर्चन किया। पहले शहर में शव वाहन की कमी होने से परिजनों को मृत देह अपने गंतव्य स्थान तक ले जाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब मृतकों के परिजनों को शव वाहन निश्शुल्क उपलब्ध होगा। नंबर डायल करने के बाद बताए पते पर पहुंचने के साथ ही शव को घर तक भी ले जाएगा।

शव वाहन पूरी तरह से वातानुकूलित है। यह वाहन आम लोगों के लिए है। जिसे जरूरत होगी उसे मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। साथ ही समिति के द्वारा समाज के लिए दो डेड बॉडी फ्रीज़र बॉक्स भी निशुल्क रूप से संचालित किए हैं।

## सार-संक्षेप

### बंद नाला खुलवाने की मांग

**जालौन।** गांव के ही व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक नाले को जबरन बंद कर दिया गया है। मना करने पर झगड़े पर आमादा है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ,तहसील क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी लालता, मातादीन, प्रकाश, छोटे, मनोज कुमार, रूपनारायण पाल, महेंद्र सिंह, नारायण, नंदकिशोर, देवेंद्र सिंह, भंवर सिंह, राजकमल गोस्वामी, गोपाल दुबे, अभिषेक दुबे, अरविंद कुमार आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मकान के पास से ही सार्वजनिक नाला निकला है। इस नाले से गांव का गंदा पानी और बरसात का पानी निकलता है। लेकिन कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति ने नाला पर अतिक्रमण कर सार्वजनिक नाला को बंद कर दिया है। नाला बंद होने से गांव का गंदा पानी नहीं निकल पा रहा है और नाला भरने लगा है। जिसके चलते बदबू भी आने लगी है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाएगी। आरोप लगाया कि जब उन्होंने उपरोक्त व्यक्ति से नाला खोलने के लिए कहा तो वह झगड़े पर आमादा हो गया। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर सार्वजनिक नाले को खुलवाने की मांग की है। इस संदर्भ में एसडीएम विनय मौर्य ने बताया कि मामले की जांच लेखपाल को दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट

**कोंच।** किसी बात को लेकर गुरुवार की रात एक विवाह घर में दो पक्षों में विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक जा पहुंची। इसमें एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। दोनों पक्षों ने तहरीरें दीं हैं जिनमें चेन छीनने के भी आरोप लगाए गए हैं। फिलहाल, एक पक्ष के दो लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात उरई रोड स्थित एक विवाह घर में राहुल तिवारी और अशोक गुर्जर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक जा पहुंची। इस घटना में राहुल को बुरी तरह घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां से झांसी रेफर किया गया। घटना को लेकर कोतवाल अरुण कुमार राय का कहना है, दोनों तरफ से तहरीरें आईं हैं जिनमें मारपीट के साथ साथ चेनें छीनने का भी जिक्र किया गया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इसके अलावा अशोक पक्ष के दो लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

### अलग-अलग हादसों में दो लोग घायल

**कालपी।** कालपी तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में काम करने के दौरान खेतों में गिर जाने की वजह से एक महिला सहित दो लोग घायल हो गये। दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल कालपी में भर्ती कर करके इलाज कराया गया है। जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय महिला पार्वती पत्नी राम आसरे निवासिनी ग्राम जोल्हूपुर खेतों में काम करके मेढ़ो पर चल रही थी। इसी दौरान पार्वती घायल फिसल गया तथा वह बुरी तरह जमीन में गिर पड़ी। जमीन में गिरने से पैर तथा शरीर के हिस्सों में चोटें आई है। पारिवारिक जनों में घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया। इसी तरह ग्राम पिपरिया डेरा थाना कदौरा निवासी सुखराम पुत्र रमेश खेतों में काम कर रहा था। काम के दौरान पैर फिसलने से वह खेतों के डनठल में जा गिरे तथा चुटहिल हो गये। घायल अवस्था में किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख शहरयार तथा फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार की देखरेख में घायल लोगों का उपचार किया गया है।

### संदिग्ध हालात में हुई वृद्ध की मौत

**उरई।** शहर के मोहल्ला पाठकपुर निवासी मान सिंह 62 वर्ष की गुरुवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन उनको मेडिकल कॉलेज ले गए जहां उनको को मृत बताया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के लड़के दिलीप के मुताबिक पिता कि अचानक तबीयत बिगड़ गई जिससे माना जा रहा है कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई है।

# संसार के रसों से विरत हुए बिना राम रस नहीं

संवाददाता, कोंच

**अमृत विचार।** एमएलसी रमा आरपी निरंजन के गृह ग्राम रवा में चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव में चौथे दिन की कथा में डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज ने कहा, जब तक मनुष्य सांसारिक विषयों के रस से विरत नहीं होगा तब तक उसे राम रस का आनंद प्राप्त नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा, सांसारिक वासनाओं में अगर हम डूबे हैं तो किसी भी तीर्थ में चले जाइए, कहीं भी मन शांत नहीं हो सकता। उन्होंने चारों भाइयों राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के नामकरण का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। उन्होंने लक्ष्मण शब्द की विषद व्याख्या करते हुए कहा कि लक्षण धाम राम प्रिय, सकल जगत आधार। अर्थात जो समूचे ब्रह्मांड को अपने फणों पर धारण करने वाले राम के अति प्रिय आदि शेष हैं। उन्होंने बताया, प्रभु राम ने अनेकानेक बाल लीलाएं की और लोगों को आनंदित किया। उन्होंने यह भी बताया कि राम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान के सारे अवतार अयोध्या धाम आए थे। कथा परीक्षित रमा आरपी निरंजन ने महापुराण का पूजन किया और आरती उतारी।

# सप्ताह में तीन दिन ही चलेगी कानपुर शताब्दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोहरे व धुंध को देखते हुए सप्ताह में छह दिन चलने वाली कानपुर शताब्दी अब तीन दिन ही चलेगी। कई अन्य ट्रेनें निरस्त रहेंगी तो कई के फेरे घटा दिए गए हैं। यह व्यवस्था एक दिसंबर से 25 फरवरी तक रहेगी। इसमें दिल्ली, हावड़ा, झांसी, मथुरा, गोरखपुर रूट की ट्रेनें शामिल हैं। सेंट्रल स्टेशन से चलकर काठगोदाम जाने वाली काठगोदाम एक्सप्रेस डेढ़ माह से अधिक समय के लिए रद रहेगी।

दिसंबर में धुंध के साथ ही कोहरा पड़ने लगता है। इससे ट्रैक पर दूर-दृश्यता प्रभावित होती है। लो-विजिबिल्टी के चलते ट्रेनों को कॉशन लेकर अधिकतम 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाया जाता है। इस देखते रेलवे ने सफर करने वालों से अपील की है कि एडवांस टिकट की बुकिंग कराने वाले ट्रेन के तय दिन और समय तक रिफंड ले लें। इसके लिए सेंट्रल पर सहायता कक्ष भी खोला गया है।




- कोहरे व धुंध के कारण आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें निरस्त

### ट्रेनें कब तक रहेंगी निरस्त

- 12537 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 8 जनवरी
- 12538 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 8 जनवरी
- 20451 सोगरिया-नई दिल्ली 1 दिसंबर से 28 फरवरी
- 20452 सोगरिया-नई दिल्ली 1 दिसंबर से 28 फरवरी
- 12209 कानपुर-काठगोदाम एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 25 फरवरी
- 12210 काठगोदाम-सेंट्रल एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 24 फरवरी
- 12873 हटिया-आनंदविहार एक्सप्रेस साप्ताहिक 2 दिसंबर से 9 जनवरी
- 12874 आनंदविहार-हटिया एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 10 जनवरी

### रोजाना की ट्रेनों के फेरे कम हुए

- ग्वालियर बरौनी 11123 सोमवार, गुरुवार
- बरौनी ग्वालियर 11124 मंगलवार, शुक्रवार
- झांसी लखनऊ 11109 शनिवार, रविवार
- लखनऊ झांसी 11110 शनिवार, रविवार
- लखनऊ आगरा 12179 शनिवार, रविवार
- आगरा लखनऊ 12180 शनिवार, रविवार

दिए निर्देश | कलेक्ट्रेट का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

# लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने नजारत अनुभाग, स्थापना अनुभाग, संग्रह अनुभाग, भूलेख अनुभाग, सीलिंग अनुभाग, अभिलेखागार न्याय, स्थानीय निकाय, राजस्व अभिलेखागार, मालखाना आदि पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी दस्तावेजों को गहनतापूर्वक देखा एवं समस्त दस्तावेज अद्यतन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लम्बित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय। अमृत विचार

संयुक्त कार्यालय के पटलों का भी जिलाधिकारी ने एक-एक करके निरीक्षण किया। उन्होंने रिकार्ड अद्यतन कराते हुये व्यवस्थित कराने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की सेवापुस्तिकाओं को अद्यतन करते हुये अवलोकित कराने के निर्देश दिये।

अभिलेखागार की फाईलों का बेहतर रख-रखाव करने के निर्देश दिये और कहा कि समस्त रिकार्ड का एक मास्टर रजिस्टर तैयार किया जाये, जिसमें सभी संबंधित अभिलेखों का विवरण दर्ज कराया जाये।

उन्होंने विभाग मे गुटखा खाने वाले कर्मचारियो पर जुर्माना वसूलनें की बात कही। साथ ही समस्त अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर मनोज सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने किया गौशालाओं का औचक निरीक्षण

**कालपी ।** उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने घूम-घूम कर गांवों की गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया तथा बंद तथा अव्यवस्थाओं को देख कर नाराजगी जताई। महेवा विकास खंड के एक ग्राम में शाम को औचक तरीके से पहुंच कर गौशाला का निरीक्षण किया। तो गौशाला बंद मिली। गौशाला के केयर टेकर भी गायब पाये गये। इसी प्रकार ग्राम महेवा गांव की गौशाला में निरीक्षण के दौरान गेट की कुंडी टूटी हुई पाई गई। एसडीएम ने बताया कि सर्दियों का मौसम शुरू होने की वजह से गौशालाओं में गौवंशो को ठंडक से बचाव करने के लिए उचित प्रबंध करने की व्यवस्था की जा रही है उन्होंने बताया कि जिन गौशालाओं में कमियां मिलेगी उनके केयर टेकर तथा जिम्मेदारों तथा सम्बंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# नर्स से मारपीट व सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, उरई

- पुलिस ने 5 नामजद व 2 अज्ञात आरोपियो के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ड्यूटी पर जाते वक्त महिला नर्स के साथ मारपीट कर सामुहि दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 5 नामजदों व 2 अज्ञात सहित 7 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने जांच टीमों का गठन भी किया है। पीड़िता नर्स कानपुर देहात क्षेत्र की रहने वाली है तथा उरई में एक स्वास्थ्य केंद्र पर स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत है।

उरई कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला में कानपुर देहात के मूसानगर की महिला रह रही है, जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत है, वह गुरुवार को स्कूटी से सुबह के समय ड्यूटी के लिए निकली थी। जहां चुर्खी थाना क्षेत्र के मुसमरिया मोड़ के पास महिला जयंती देवी ने अपने पिता गोविंद सिंह, मां सीमा, भाई राममिलन और राजेश के साथ मिलकर स्कूटी से गिरा दिया और उसको पकड़कर जंगल ले गए। जंगल में उसको बंधक बनाकर मारा पीटा और उसके साथ दुष्कर्म किया। यह मारपीट महिला ने अपने पति से अवैध संबंधों के शक में की थी। इसकी जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हमलावर मौके से भाग गए थे। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए महिला नर्स को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती महिला ने मारपीट करने वालों पर गैंग रेप करने का आरोप लगाया। साथ ही उसके नाजुक अंग में मिर्च भी डालने का आरोप लगाया। महिला नर्स की शिकायत पर चुर्खी थाना पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले गोविंद सिंह, राममिलन, सीमा, राजेश, जयंती के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच शुरू की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2850-2900 आर.आर.21 3000-3050 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -2700 बाजरा 2300-2350 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6200 -6300 अरहर 7500 -8000 मसूर 5500 -5600 मटर 3200 -3300 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15200-15300 अरहरस्पेशल 11100-11200 चनादाल 7900-8000 मटरदाल 4100-4200 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500-11200 मूंगफली दानाषिवपुरी 8000-9500 बटाली 7500 -8800 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14000-14100 अलसी 13100-13200 अण्डी 14000-14100 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 2000-2016 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2250-2300 अलसी 4400-4500 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 2010-2010 मयूर 2010-2010 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3600-3700 मंगलौरलड्डू 4300-4350 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4120-4150 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 62000-63000 औरय्या 52300-52300 माधौगढ़ 57000-57500

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 102500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58700-58900 |

# आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

## एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

मुंबई, एजेंसी



- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा

वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक हो जाएगा 20 अरब डॉलर : सीआईआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

# सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बृहस्पतिवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सितंबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 , 0.4 , 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

## राष्ट्रीय

# वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : मोदी

## विपक्ष पर प्रधानमंत्री ने किया कटाक्ष, बोले- सत्ता के भूखे लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

भुवनेश्वर, एजेंसी



भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते।

उन्होंने कहा कि इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और गुस्सा जनता पर निकालने लगे हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।

### राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं। उन्होंने कहा कि इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली को जान सकी। उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।

## मप्रः खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

**खंडवा (मप्र)।** मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि यह घटना गुरुवार आधी रात की है जब जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को उल्टा करके बुझाने के लिए पानी से भरे कंटेनर में डाला जा रहा था, तभी आग की लपटें धधक उठीं। कुछ सेकेंड तक इन लपटों से आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रतिबंधित छात्र इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्यों द्वारा 2009 को मारे गए पुलिसकर्मी सीताराम सहित तीन लोगों की याद में हर साल ये जुलूस निकाला जाता है।

# गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

मंदिरों में प्रसाद का मामला



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है

उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है।

पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। पीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है जिस पर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील ने कई मंदिरों में प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है। पीठ ने कहा कि इसे केवल प्रसादम तक ही सीमित क्यों रखा जाए? इसे होटलों से संबंधित भोजन, किराना (दुकानों) से खरीदे जाने वाले खाद्य पदार्थों के लिए भी दायर किया जाए। वहां भी मिलावट हो सकती है। वकील ने कहा कि यह मंदिरों में गलती होने का मामला नहीं है क्योंकि उनके पास आपूर्ति की गुणवत्ता की जांच करने के लिए साधनों की कमी है।

## एक नजर

### 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

### पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**तिरुपुर।** तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

# दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

## मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

# 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

अजमेर, एजेंसी

अजमेर दरगाह



- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

### बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

## वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

# महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठन के दो सहयोगी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर और डोडा जिलों में आतंकी संगठनों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि आतंक समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले में कट्टर आतंकवादी सहयोगी को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान पोनारा सोनी निवासी अब्दुल सतार के रूप में हुई है, जो कई आतंकवादी मामलों में शामिल रहा है। इस बीच, पुलिस ने एक और आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मंगोटा मरमट निवासी फिरदौस अहमद वानी के रूप में की गयी है। वह वर्तमान में डोडा जिले के दांडी, भद्रवाह में रहता है। डोडा के वरिष्ठ एसपी संदीप मेहता ने इसका खुलासा किया।

# मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में : शिंदे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।





# लक्ष्य, प्रियांशु और पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचे

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप
- कपिला-तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल और अश्विनी-तनीषा महिला युगल के अंतिम चार में



**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पुरुष एकल में शीर्ष वरीय भारतीय शटलर लक्ष्य सेन व दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए हैं। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल व पिछली उप विजेता भारत की शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना चुकी हैं।

गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जीत के लिए शुक्रवार को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को 21-8, 21-19 से हरा कर आसान जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन को दूसरे गेम में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी लगने लगा था कि लक्ष्य यह गेम गवां बैठेंगे। अंतिम पलों में लक्ष्य ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत अपने नाम की। लक्ष्य ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि दूसरे गेम में कुछ कठिनाई हुई थी, लेकिन जीतना अच्छी बात है। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को आसानी से 21-13, 21-8 से हराया। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया।

### इशान और शंकर प्रसाद ने भी किया अंतिम चार में प्रवेश

पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर व शंकर प्रसाद, उदय कुमार के साथ साई प्रतीक व पृथ्वी के.राय भी अंतिम चार में पहुंचे गए। महिला एकल में थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया।

### इन भारतीय स्टार खिलाड़ियों पर आज होंगी सभी की निगाहें

- लक्ष्य का मुकाबला आज जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने 8वीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया।
- प्रियांशु की अब सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।
- पीवी सिंधु की टक्कर अब भारत की उन्नति हुड्डा (ओडिशा ओपन 2022 विजेता) से होगी, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

### आज के अन्य परिणाम

- मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू व हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया।
- महिला युगल में ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरी तनीषा क्रैस्टो ने 5वीं वरीय हमवतन श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया।
- महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने छठीं वरीय मलेशिया की गो पेई की व तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से और चीन की बाओ ली जिंग व ली कियान ने रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया।
- मिश्रित युगल में थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ को हराकर बड़ा उलटफेर किया।



## गुकेश-लिरेन ने ड्रॉ खेली चौथी बाजी

**सिंगापुर, एजेंसी**

**विश्व शतरंज चैंपियनशिप**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

## खेल डायरी

### मालागा गोल्फ में संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रणवी

**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें, दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

### श्रीलंका सीरीज से बाहर हुए चोटिल मुल्डर

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर अंगली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की अंगुली में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

### हॉकी इंडिया ने लॉन्च किया आधिकारिक मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल एप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस एप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह एप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आंकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने एप को लेकर कहा आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग एप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य अपडेट, लाइव एक्शन और विशेष सामग्री सहजता प्रदान करना है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा यह एप न केवल प्रशंसकों के लिए है, बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए भी है, जो खेल का जश्न मनाने और खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक एकीकृत मंच बना रहा है। कई विशेषताओं को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य खेल और प्रशंसकों के बीच की खाई को पाटना है। यह एप सभी के लिए सुलभ एक जीवंत हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### भारतीय महिला टीम की वनडे जर्सी का अनावरण




**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू शृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे शृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।

## कैनबरा में आज से शुरू होगा दो दिवसीय अभ्यास मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

# बल्लेबाजों को परखेगी पिंक बॉल

**कैनबरा, एजेंसी**




**मैच : सुबह 9:10 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश :** जैक एडवडर्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है। टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमेन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

### तैयार है मैकस्वीनी : हैरिस

**मेलबर्न।** नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टेस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके। हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।

### ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : एलन बॉर्डर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की शृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी शृंखला में कोहली इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू शृंखला में जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने कहा विराट को उसकी पारी की शुरुआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था। शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था।

### राहुल करें पारी का आगाज और तीसरे नंबर पर उतरें रोहित : पुजारा

**कैनबरा।** चेतेश्वर पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करें और कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। रोहित की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए। जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली। पुजारा ने कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। केएल और यशस्वी पारी का आगाज करें और रोहित तीसरे, शुभमन पांचवें नंबर पर उतरें। अगर रोहित पारी की शुरूआत करना चाहते हैं तो केएल तीसरे नंबर पर उतरें लेकिन उससे नीचे नहीं। मुझे लगता है कि उसे शीर्षक्रम में ही उतरना चाहिए क्योंकि यह उसकी शैली को रास आता है। अंगूठे के फ्रेक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे गिल छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाला दिन रात का टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ने कहा गिल को पांचवें नंबर पर उतरना चाहिए क्योंकि इससे उसे समय मिलेगा। दो विकेट जल्दी गिरने पर भी वह नई गेंद को बखूबी खेल सकता है। तीन विकेट जल्दी गिरने पर वह आ सकता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत रहेगा।

## बोपन्ना-नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी टेनिस खिताब जीता

**पुणे, एजेंसी**

इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

## ब्रूक के शतक ने इंग्लैंड की तरफ मोड़ा मैच का रुख

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी**



- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट गवांकर बनाया 319 रन का स्कोर

‹‹ पारी के दौरान शॉट लगाते स्टोक्स

हैरी ब्रूक ने सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए। पोप अंतिम सत्र में 77 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उसने ब्रूक को 18, 41, 70 और 112 रन के निजी योग पर जीवनदान दिये। ब्रूक ने इसका पूरा फायदा उठाया। वह अभी तक 163 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगा चुके हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट 319 रन से आगे बढ़ाकर 348 रन तक पहुंचाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बॉलीवुड हलचल



### बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम में काम करती नजर आयेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। इस फिल्म में प्रभलीन संधू काम करती नजर आयेंगी। उन्हें फिल्म बकिंघम मर्डर्स में उनके अभिनय के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा मिली है। फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक कि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

### पॉप-स्टार एड शीरन भारत के छह शहरों में देंगे प्रस्तुति



**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। भारत में 11 दिसंबर से टिकट की बिक्री, भूटान में 30 नवंबर को, कतर और बहरीन में छह दिसंबर को। दौरे का भारत चरण 30 जनवरी को पुणे में शुरू होगा और इसमें हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, शिलांग और दिल्ली भी शामिल होंगे। चुनिंदा कार्डधारकों के लिए प्री-सेल टिकट बुकमायशो पर नौ दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि सामान्य टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से शुरू होगी। एड शीरन पुणे : 30 जनवरी यश लॉन्स में, हैदराबाद : 2 फरवरी रामोजी फिल्म सिटी में, चेन्नई : 5 फरवरी वाईएमसीए ग्राउंड में, बेंगलुरु : 8 फरवरी एनआईसीई ग्राउंड्स में, शिलांग : 12 फरवरी जेएन स्टेडियम में और दिल्ली एनसीआर : 15 फरवरी लेजर वैली ग्राउंड में प्रदर्शन करेंगे।

### मुनव्वर फारुकी ने मॉरीशस में पूरी की फर्स्ट कॉपी की शूटिंग

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी की पूरी कर ली है। फर्स्ट कॉपी का अंतिम शेड्यूल मॉरीशस के शानदार स्थानों पर शूट किया गया, जो इस रोमांचक प्रोजेक्ट का एक बेहतरीन समापन था। मुनव्वर ने फर्स्ट कॉपी के साथ अभिनय में कदम रखा है, यह एक ऐसी सीरीज़ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा के एक नए पहलू को उजागर करने का वादा करती है। शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर पहले ही वायरल हो चुकी है, जिसमें कलाकार- मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा और आशी सिंह- नाव पर आराम करते हुए, सौहार्द और खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। मुनव्वर ने अपने दिल की बात साझा की और बताया यह यात्रा अविश्वसनीय से कम नहीं रही है। मॉरीशस में फर्स्ट कॉपी को पूरा करना एक अवास्तविक एहसास है- जैसे इस प्रोजेक्ट में की गई सारी मेहनत, रचनात्मकता और जुनून का सही समापन हो। किरदार, कहानी और इस लुभावने स्थान ने इस अनुभव को वाकई खास बना दिया। मैं इस प्रक्रिया के माध्यम से एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में बहुत आगे बढ़ा हूं। मैं हर किसी को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हमने क्या बनाया है। फरहान पी जम्मा द्वारा निर्देशित और साल्ट मीडिया और आरवीसीजे द्वारा निर्मित फर्स्ट कॉपी दर्शकों को 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ले जाती है, जो डीवीडी युग के दौरान फिल्म पाइरेसी की दुनिया में ले जाती है।

## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।

इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

## उत्तराखंड को मिली नेशनल विंटर गेम्स की मेजबानी

**ब्यूरो, देहरादून**



- चमोली जिले के औली में 29 जनवरी से होगा आयोजन

**अमृत विचार :** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के साथ ही उत्तराखंड को इस बार नेशनल विंटर गेम्स की भी मेजबानी मिल गई है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के अनुरोध पर 29 जनवरी से मौसम को देखते हुए विंटर गेम्स करवाने के लिए अनुमति दी है।

राज्य में विंटर गेम्स को लेकर लगातार उत्तराखंड विंटर गेम संगठन कई सालों से काम कर रहा है। उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के प्रेसिडेंट हर्ष मणि व्यास के मुताबिक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में अध्यक्ष शिवा केशवन द्वारा स्की एंड स्नो फेडरेशन इंडिया को उत्तराखंड में इस बार नेशनल विंटर गेम्स अलॉट हुए हैं। उम्मीद है कि इस साल अच्छी बर्फबारी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में विंटर गेम्स आयोजन की जो टेंटेटिव डेट्स उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह 29 जनवरी से 2 फरवरी तक दी गई हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मौसम और बर्फबारी पर निर्भर करता है।

विंटर गेम के क्षेत्र में उत्तराखंड देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। चमोली जिले के औली में पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम पर बना एसएस पांगती स्लोप इंटरनेशनल स्की एंड स्नो बोर्ड फेडरेशन (एफआईएस) से अप्रूव्ड स्लोप मौजूद है। ऐसा पूरे देश में केवल उत्तराखंड में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं।

### अरबपति मलेशियाई का 86 वर्ष की आयु में निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है। फोर्ब्स पत्रिका ने आनंद को मलेशिया का छठा सबसे अमीर व्यक्ति बताया था जिनकी कुल संपदा 5.1 अरब डॉलर की है।

### खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया।

### ब्रिटेन की मंत्री ने धोखाधड़ी मामले में दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा। हेग के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले स्काई न्यूज और द टाइम्स ऑफ लंदन समाचार पत्रों में खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया है कि हेग पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। खबर के अनुसार हेग ने 2013 में कहा था कि उनका सेलफोन चोरी हो गया है।

### ईरान यूरेनियम संवर्धन पर शुरू करेगा कार्यः संरा

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक निगरानी एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान अपने दो मुख्य परमाणु संयंत्रों (फोर्डो और नतानज) में हजारों उन्नत 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ यूरेनियम संवर्धन का काम शुरू कर देगा। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र के तहत कार्यरत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के नोटिस में कहा गया है कि केवल पांच प्रतिशत शुद्धता और नए 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ ईरान द्वारा यूरेनियम का संवर्धन किया जा रहा है, जो उसकी संवर्धन करने की मौजूदा क्षमता (60 प्रतिशत) से काफी कम है।

### चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर 1,900 हुई

**बीजिंग।** कृत्रिम प्रजनन पद्धति के इस्तेमाल के बाद चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर लगभग 1,900 हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भालू के परिवार के ये सदस्य गोल चेहरे, मोटे शरीर और शरीर पर सफेद तथा काले बालों के विशिष्ट निशान के लिए पहचाने जाते हैं। इनकी आबादी बढ़ने के साथ ही ये लुप्तप्राय से संवेदनशील श्रेणी में आ गये हैं। चीनी विशेषज्ञों का कहना है कि विशाल पांडा का प्रजनन सबसे कठिन प्रक्रिया थी।

## चक्रवात की आशंका



आईएमडी द्वारा समुद्र में न जाने की चेतावनी के बीच तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में मछुआरे अपनी नावों को समुद्र से दूर ले जाते हुए। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात फेंगल में तब्दील होने की आशंका है।

## डेमोक्रेटिक सांसदों को बम विस्फोट की मिली धमकी

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी के कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के कम से कम चार सांसदों को उनके घरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सांसदों एवं उनके कार्यालयों ने यह जानकारी दी। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों जिम हिम्स, जो कोर्टनी, जॉन लार्सन और जहाना हेस ने उन्हें धमकियां मिलने की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि उसे सांसदों की संपत्तियों पर विस्फोटक सामग्री से संबंधित कोई सबूत नहीं मिला।

राज्य से प्रतिनिधि सभा के पांचवें डेमोक्रेटिक सदस्य रोसा डेलाउरो और कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सीनेटर को भी धमकियां मिली हैं या नहीं। इससे एक दिन पहले, अमेरिका में कैबिनेट स्तर के कई मनोनीत और शीर्ष प्रशासनिक अफसरों को धमकी मिली थी।

# भारत फिर चुना गया संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत



वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पीबीसी में 31 सदस्य देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत वर्तमान में भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।

शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हो रक्षा

## भारत ने कहा- अंतरिम सरकार निभाए जिम्मेदारी, उग्र बयानबाजी व हिंसा की घटनाएं चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही, उसने पड़ोसी देश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जायसवाल ने कहा हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने पाया है कि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा जहां तक व्यक्तियों के खिलाफ मामलों का सवाल है, हमने पाया है कि कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। जायसवाल ने कहा हमें उम्मीद है कि ये प्रक्रियाएं मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाएंगी, जिससे सभी संबंधित लोगों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित होगा।



जानकारी देते रणधीर जायसवाल।

### बांग्लादेश ने भारत से उसके राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

ढाका। बांग्लादेश ने कोलकाता स्थित उप उच्चायोग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत से देश में उसके सभी राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के दावा किया प्रदर्शन में बांग्लादेश का झंडा फूंका गया।

### ब्रिटेन के सांसद ने हिंदुओं के उत्पीड़न का मामला संसद में उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की। ब्लैकमैन ने सांसदों को बताया उन्हें (दास) बांग्लादेश में गिरफ्तार किया गया है और पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की जा रही है, उनके घरों और मंदिरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा बांग्लादेश के उच्च न्यायालय में यह फैसला देने का प्रयास किया गया कि इस्कॉन को देश से प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए, जो हिंदुओं पर सीधा हमला है।

### चिन्मय सहित 16 अन्य के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश



बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर जुटी भीड़।

**ढाका।** बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया और देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून ने बीएफआईयू के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और शुरुआत से लेन-देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। यह कार्रवाई हाल ही में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद की गई है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को भी इस्कॉन पर प्रतिबां लगाने की मांग की।

# पाकिस्तानी महिला एजेंट को सात माह तक दी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार आरोपी के खाते में डालती थी पैसे

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि जय अंबे सोसायटी, तीसरे फाटक के पास, गांव आरभडा, ओखा मंडल, देवभूमि-द्वारका निवासी दीपेशभाई बटुकभाई गोहेल पिछले कुछ समय से व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी आर्मी या जासूसी एजेंसी आईएसआई के किसी अधिकारी या एजेंट के संपर्क में है।

सूचना के आधार पर दीपेशभाई गोहेल को पूछताछ के लिये गुजरात के अहमदाबाद एटीएस ऑफिस बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले तीन साल से ओखा जेट्टी पर कोस्ट गार्ड की नावों की मरम्मत का काम कर रहा है। आज से करीब सात महीने पहले वह साहिमा नाम की एक फेसबुक प्रोफाइल के संपर्क में आया। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने उसे बताया कि वह एक महिला है और पाकिस्तान नौसेना के लिये काम कर रही है। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने वाटसएप के माध्यम से भी उसका संपर्क किया। इसी बीच, उक्त साहिमा ने दीपेश गोहेल से उसके काम के बारे में पूछा तब उसने



गिरफ्तार आरोपी दीपेशभाई गोहेल।

बताया कि वह ओखा पोर्ट पर डिफेंस बोट में वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल तथा फर्नीचर संबंधी काम करता है। साहिमा ने तब उससे कहा कि वह उसे ओखा बंदरगाह पर तैनात किसी भी तटरक्षक जहाज का नाम और नंबर दे दें। वह उसे दो सौ रुपये रोज के हिसाब से हर महीने उसके बैंक खाते में पैसे जमा करेगी। इसलिए दीपेश गोहेल ने व्हाट्सएप के जरिये साहिमा को पैसे के लिये हर दिन ओखा जेट्टी जाकर वहां मौजूद नावों के नाम और नंबर और अपने दोस्तों के यूपीआई-लिंक्ड नंबर भेजे। इसके लिये साहिमा ने उसके दोस्तों के बैंक खाते में पिछले सात-आठ महीने के दौरान यूपीआई के माध्यम से 42,000 रुपये जमा किये हैं। जिस व्हाट्सएप अकाउंट पर साहिमा ने दीपेश गोहेल के साथ चैट की वह पाकिस्तान से संचालित होता पाया गया।

## कैमरून में नाव पलटी, 20 की मौत

**याउंडे।** कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव पलट जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार शाम को बताया कि नाव उस समय पलट गई, जब वह लोगोने-एट-चारी डिवीजन के क्षेत्र में दारक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है, इससे और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं।

## अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- वायु सेना निरंतर परीक्षण के लिए 259 मिसाइलों का करेगा उपयोग

अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है।

जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है। सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है।

## चीन ने ताइवान के राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर की आलोचना

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते दक्षिण प्रशांत की अपनी यात्रा के दौरान हवाई और गुआम में ठहरेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है। लाइ शनिवार को ताइवान से मार्शल द्वीप समूह, तुवालु और पलाऊ की यात्रा के लिए रवाना होंगे जो ताइवान के तीन राजनयिक सहयोगी हैं। लाइ के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह अमेरिका के प्रांत हवाई और अमेरिकी क्षेत्र गुआम में रुकेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है।

## वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण संधि पर सहमति बनाने के करीब पहुंचे

**बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

- पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का मिला समर्थन

प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक संकट से निपटने के लिए काम कर रहे वार्ताकार शुक्रवार को एक संधि पर सहमति बनाने के और करीब पहुंच गए क्योंकि और भी देशों ने कहा है कि वे इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं। वार्ता का सबसे विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या प्लास्टिक के उत्पादन की सीमा तय की जाए।

पनामा ने प्लास्टिक उत्पादन के समाधान के लिए संधि के वास्ते एक मसौदे का प्रस्ताव किया। पनामा के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जुआन कारलोस मोंटेरी ने कहा कि संधि के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है और इसमें उत्पादन की सीमा शामिल नहीं की गई है। पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का समर्थन मिला है। वहीं, कुछ प्लास्टिक उत्पादक और सऊदी अरब सहित तेल एवं गैस उत्पादक देशों ने प्लास्टिक उत्पादन को संधि में शामिल किये जाने का विरोध किया।

## युद्धविराम उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आह्वान

**बेरूत।** लेबनान के प्रधान मंत्री नजीब मिकाती ने गुरुवार को इजराइल पर हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया। लेबनान के मंत्रिमंडल की मंत्रिपरिषद के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मिकाती ने यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। इस दौरान उन्होंने बुधवार तड़के संघर्ष विराम लागू होने के बाद लेबनान में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

## रूसी रक्षा मंत्री उ. कोरिया पहुंचे सैन्य विस्तार पर होगी बातचीत

**सियोल, एजेंसी**

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते



हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता। बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की।

## उपराष्ट्रपति पर महाभियोग समय की बर्बादी : राष्ट्रपति

**मनीला।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी। कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं। दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

**खगोल विज्ञान** चकाचौंध कर देने वाली चमक है दूर की आकाशगंगा में

# वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** ब्रह्मांड की खोज खबर में जुटी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक और कारनामा कर दिखाया है। इस बार 30 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की आकाशगंगा की तस्वीर कैमरे में कैद की है। यह आकाशगंगा चकाचौंध कर देने वाली चमक खुद में समाए हुए है, जो देखने में बेहद आकर्षक नजर आ रही है। जो महीन धूल से लेकर आंतरिक कोर क्षेत्र तारों के धब्बों को खुद मे समेटे है।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा (एम104) की नई तस्वीर को नासा ने दो दिन पहले जारी किया है। यह रोशनी से चकाचौंध कर देने वाली गैलेक्सी है। इसमें महीन धूल भरी पड़ी है। इसके आंतरिक कोर क्षेत्र में तारों को बखूबी देखा जा सकता है। नासा के अनुसार सोम्ब्रेरो आकाशगंगा विशेष रूप



से अत्यधिक सक्रिय तारों का निर्माण नहीं करती है। इसके केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल मौजूद है। यह प्रति वर्ष एक से भी कम सौर द्रव्यमान वाले तारे उत्पन्न करती है। मगर बड़ी संख्या में तारों का उत्पादन होता है । मगर इसकी तुलना स्टारबर्स्ट गैलेक्सी M82 से करें तो मिल्की वे और सोम्ब्रेरो की तुलना में प्रति वर्ष 10 से 20 गुना अधिक तारे पैदा होते हैं। सोम्ब्रेरो आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान लगभग 9 बिलियन सौर द्रव्यमान है। सोम्ब्रेरो गैलेक्सी में लगभग 2,000 तारों का गोलाकार समूह है, जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा गोलाकार झुरमुट में एक साथ बंधे होते हैं।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा कन्या राशि के निकट दक्षिणपूर्वी सीमा पर स्थित है। तस्वीरों में एम 104 एक आश्चर्यजनक आकाशगंगा नजर आती है। इसका परिमाण यानी चमक 8.3 मैनेट्यूट है। इसे छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। यह एक चमकदार कोर वाली सर्पिल आकाशगंगा है।

### लगातार विस्तार की ओर ब्रह्मांड

**नैनीताल :** ब्रह्मांड का विस्तार निरंतर जारी है। यह कब तक जारी रहेगा, कहा नहीं जा सकता। खगोलविदों का कहना है कि जेम्स वेब की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अंतरिक्ष की दुनिया को समझने व देखने में काफी मदद मिली है। इस तरह की अभी कई दूरबीन अंतरिक्ष में स्थापित करनी होगी, तभी हम ब्रह्मांड को भलीभांति समझ पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में दुनिया के सभी देशों को एकजुट होना होगा और सूचनाओं का आदान प्रदान करना होगा।